# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-11-2022

# कुआनो घाट पर नहाने गया किशोर डूबा

**सिकरीगंज (एसएनबी)।** सिकरीगंज थाना क्षेत्र के कुवानो नदी के बनकटाघाट पर रविवार को छठ पर्व पर नहाने गए किशोर डूब गया जिसकी तलाश एनडीआरएफ टीम द्वारा किया जा रहा है। सिकरीगंज क्षेत्र के कुवानों नदी के बनकटा घाट पर रविवार को नहाने गये किशोर सेवा लाल निषाद पुत्र गणेश निषाद निवासी भेउसा उर्फ बनकटा का रहने वाले किशोर के शव की तलाश नही हो पायी है अब भी टीम द्वारा तलाश किया जा रहा है ।

# चार के खिलाफ केस, नहीं लगा दलित उत्पीड़न

**भटहट (एसएनबी)।** गुलरिहा पुलिस क्षेत्र के एक दलित को गोलबंद होकर मारने पीटने के लिए दौडने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज तो किया है लेकिन दलित उत्पीड़न की धारा नहीं लगाई गई है। फिलहाल पुलिस दलित उत्पीड़न की धारा बढाने की बात कर रही है। थाना क्षेत्र के जैनपुर के सियारामपुर निवासी राघवेन्द्र प्रताप भारती पुत्र रामकोमल भारती ने तहरीर में लिखा है कि गांव के झगरहवा टोला पर गाटा संख्या 2491 राजस्व अभिलेख में अबादी (डीह) के नाम दर्ज है। जिस पर पीडित वर्षो से काबिज है उसका बाउंड्री वाल भी चला है। आरोप है कि दस दिन पहले पीड़ित दीवार के बीच पीलर लगा रहा था। तभी पड़ोसी गांव के चार लोग गोलबंद होकर रोकने पहुंचे और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारने पीटने के लिए दौड़ा लिए। पीडित किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाया। उक्त लोगों द्वारा फर्जी मुकदमे में फसा कर जेल भिजवाने की धमकी देने से पीडित मानसिक रुप से काफी परेशान हे। गुलरिहा पुलिस तहरीर के आधार पर जंगल माघी के शिवनारायण, प्रवीण, विश्वजीत, राजेश्वर के खिलाफ धारा 352, 506 के तहत केस दर्ज तो किया है लेकिन दलित उत्पीड़न की धार नहीं लगाई है।

# महतो गैंग के साथ करता था लूट, चार लुटेरे गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** बिहार के मोतिहारी के रहने वाले लुटेरों ने बीते 28 अक्तूबर की सुबह गल्ला व्यापारी 70 वर्षीय रामाकांत जायसवाल से 6.54 लाख की लूट की वारदात को अंजाम दिया था। कैंट, खोराबार, एसओजी की टीम ने सर्विलांस व आईटीएमएस की मदद से चार लुटेरों को सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर

**गला कारोबारी से लूटी गयी चार लाख की रकम बरामद, दो अन्य लुटेरे ढाई लाख रुपये लेकर फरार**

**पुलिस ने लूट में शामिल दोनों कार किया बरामद**



व्यापारी से लूट कांड का खुलासा करते एसएसपी गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई व टीम।

लिया। चारों की पहचान बिहार मोतिहारी के विजय महतो , मिथिलेश कुमार, सोनू कुमार साहनी निवासीगण पकड़ी थाना डुमरियाघाट जिला पूर्वी चंपारण बिहार और शत्रुधन साहनी निवासी रखुनाथपुर थाना तुर्कौलिया पूर्वी चंपारण बिहार के रूप में हुई। पुलिस ने इनके पास से व्यापारी के साथ हुए लूट के रकम में से 4 लाख और एक कुशीनगर के रहने वाले अरविन्द कुमार के साथ हुए लूट के 8 हजार रूपये बरामद किए है। साथ ही पुलिस ने घटना में प्रयोग की गई दो कार भी बरामद किया है। वहीं घटना में शामिल दो अन्य लुटेरे गोरखपुर का दीपक कुमार व सोनू साहनी कुछ लूट के पैसे लेकर फरार हो गए। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर व एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने पुलिस लाइन में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि 26 अक्टूबर की सुबह कुशीनगर के अरविंद कुमार को कार सवारों ने पहले छोडने के बहाने कार में बैठा लिया और उनका 8 हजार रुपये लूट कर फरार हो गए।

### सीसीटीवी व आइटीएमएस की कड़ी जोड़कर लुटेरों तक पहुंची पुलिस

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि पीडित गल्ला व्यापारी रामाकांत ने गाड़ी का हुलिया बताया था। हुलिया के आधार पर एम्स के सामने नंदानगर अंडर पास के पास गोदाम में लगे सीसीटीवी फुटेज को एक युवक के जरिये खंगाला गया उसमें से बैगनार कार को चिन्हित किया गया। फिर आईटीएमएस की मदद से सही गाड़ी का पता लगाया गया जिसमें उन्हें कार में बैठाकर घटना हुई थी। फिर सर्विलांस की मदद से चार आरोपियों को पकड़ लिया गया। एसएसपी ने बताया कि लुटेरों ने कुछ पैसे छठ त्योहार में अपने घर पर खर्च कर दिया है। वहीं कुछ पैसे फरार लुटेरों के पास है।

हालांकि मूल व्यापारी खोराबार का ओमप्रकाश है जिसका सामान हाजीपुर जाता है। रामाकांत उसके परिचित हैं वह पुराने गल्ला व्यापारी हैं लेकिन अब धंधा नहीं करते हैं चूंकि ओमप्रकाश की माता की तबीयत खराब है तो उसने रामाकांत को वसूली के लिए हाजीपुर भेजा था।

## टीम को दिया 50 हजार का इनाम

**गोरखपुर (एसएनबी)।** कैंट इलाके में कार सवार बदमाशों ने गल्ला कारोबारी रामाकांत जायसवाल से लूट की घटना के खुलासे के बाद डीआईजी जे रविंदर गौड़ और एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने शामिल टीम को 50 हजार के इनाम की घोषणा की है। वहीं लूट के शिकार रामाकांत जायसवाल ने मीडिया के सामने एसएसपी की तारीफ की। **खुलासे में पुलिस टीम :** कैंट थाना प्रभारी शशिभूषण राय, एसओ खोराबार कल्याण सिंह सागर, एसओजी प्रभारी मनीष यादव, चौकी प्रभारी एयर फोर्स सुनीता सिंह, चौकी प्रभारी जगदीशपुर रामानुज सिंह यादव, आशुतोष राय, दीवान राममंगल सिंह ,सहित कुल बीस पुलिसकर्मी शामिल थे।



एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर को साधुवाद देते पीड़ित बुजुर्ग व्यापारी रामाकांत।

# दो लाख लेकर डीफार्मा का फर्जी सर्टिफिकेट देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शाहपुर पुलिस ने 2.5 लाख रूपये लेकर विवेकानंद यूनिवर्सिटी सागर मध्यप्रदेश से डीफार्मा का फर्जी सर्टिफिकेट देने वाले जालसाज को सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान मूल रूप से बस्ती निवासी आशीष पुरी के रूप में हुइ। आशीष किराए पर पादरी बाजार के शताब्दीपुरम कालोनी में रहता है वह गांधी गली व बशारत पुर में फोकस हैविट कंसलटेंसी फर्म चलाता है। उसके खिलाफ चिलुआताल के संदीप श्रीवास्तव ने 30 अप्रैल 2022 को केस दर्ज कराया था।

सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित पत्रकारवर्ता के दौरान एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर व एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि आरोपी ने संदीप को 2018 - 2019 सत्र की फर्जी डिग्री व मार्कशीट असली बताकर दिया था। शक होने पर जब पीडित मध्यप्रदेश के सागर यूनिवर्सिटी गया तो असलियत पता चला। पुलिस के अनुसार संदीप 2020 में डीफार्मा में रेगुलर एडमीशन लेना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात कंसलेंसी चलाने वाले आशीष से हुई। आशीष ने कहा कि वह उसका एडमीशन करा देगा।

एडमीशन कराने के लिए उसने कई बार में 2.5 लाख रूपये ले लिया और कहा कि एडमिशन हो गया है। पढने नही जाना होगा बस उसे परीक्षा देने जाना होगा इस बीच कोरोना काल आ गया कोरोना में आशीष ने बताया कि अब परीक्षा भी नहीं होगी सीधे मार्कशीट व प्रमाणपत्र मिलेगा। नवंबर 2020 को आशीष ने पीडित संदीप को सत्र 2018-19 का प्रमाण पत्र व मार्कशीट दे दिया, जबकि पहली बार उसकी बात 2020 में हुई थी संदेह हुआ तो संदीप मध्यप्रदेश के सागर यूनिवर्सिटी पहुंचा पता चला कि डिग्री वहां की नहीं है। यह फर्जी है जिसके बाद संदीप ने पैसा मांगा तो आशीश व उसके भाई आदित्य ने धमकी दी तब जाकर संदीप ने शाहपुर थाने में अप्रैल 2022 में केस दर्ज कराया।

पुलिस के अनुसार जालसाज ने संदीप के अलावा दो अन्य लोगों से भी पैसे लेकर फर्जी मार्कशीट व प्रमाण पत्र दिए हैं जिसकी जांच की जा रही है

**2.5 लाख लेकर सागर यूनिवर्सिटी मध्य प्रदेश के नाम से जारी किया था सर्टिफिकेट**

**शाहपुर पुलिस ने जालसाजी का दर्ज किया केस**




शाहपुर पुलिस की गिरफ्त में डिप्लोमा इन्फार्मेसी का फर्जी सर्टिफिकेट देने वाला अभियुक्त आशीष पुरी।



राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जवानों को शपथ दिलाते एडीजी जोन अखिल कुमार। फोटो : एसएनबी



पुलिस लाइन में सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जवानों को शपथ दिलाते एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर।

फोटो : एसएनबी

# कमिश्नर ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

गोरखपुर (एसएनबी)। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर कमिश्नर रवि कुमार एनजी ने सोमवार को कार्यालय परिसर में अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ दिलायी। वहां उपस्थित कर्मचारियों ने सरदार बल्लभ भाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की।



सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर मंडलायुक्त कार्यालय परिसर में कर्मचारियों को शपथ दिलाते कमिश्नर रवि कुमार एनजी। फोटो : एसएनबी

इस दौरान कमिश्नर ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। सरदार पटेल का जन्म 31 अक्टूबर को 1875 को गुजरात में हुआ था। इन्हें साल 1991 में उनके मरने के बाद सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। भारत में हर साल 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत के 565 रियासतों (राज्यों) को एक करने के लिए जाने जाते हैं। राष्ट्रीय एकता दिवस पहली बार सरदार वल्लभभाई पटेल की 139 वी जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर 2014 को मनाया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने के लिए घोषित किया तब से हर वर्ष 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में सभी कार्यालयों में अधिकारी कर्मचारी मनाते हैं।



PICS: DAINIK JAGRAN I NEXT

# याद किए गए लौह पुरुष

## रन फॉर यूनिटी में दौड़ा शहर

**GORAKHPUR (31 Oct):** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती सोमवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई. इस अवसर पर शिक्षण संस्थाओं और विभिन्न संगठनों द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. सरदार पटेल के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करते हुए लोगों ने उनके द्वारा दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया. इस मौके पर रेलवे, जुबिली इंटर कॉलेज के साथ पुलिस और प्रशानिक कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए.



एसएसबी जवानों ने निकाला मार्च.



सलामी देते एसएसपी.





एडीजी ने दिलाई शपथ.




रेलवे ऑफिस से निकली रैली.



कमिश्नर ने अर्पित की पुष्पांजलि.



एसपी ट्रैफिक की अगुवाई में निकली मार्च.

**खुलासा** 72 घंटे में पुलिस ने अरेस्ट किए बिहार के 4 लुटेरे, व्यापारी ने की पहचान

# वीआईपी लुटेरे अरेस्ट, 30 मिनट बंधक बनाकर लूटा

**कुसम्ही जंगल के पास 28 अक्टूबर को हुई थी व्यापारी से लूटपाट**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (31 Oct):** शोले फिल्म में गब्बर को घोड़े पर बैठकर डकैती करते हुए सभी ने देखा होगा. लेकिन बिहार के वीआईपी लुटेरे गब्बर को ही आदर्श मानते हैं. उनके लूट-पाट करने का अंदाज वीआईपी है. गोरखपुर पुलिस ने बिहार के चार शातिर लुटेरों को पकड़ा है. ये लुटेरे एसी कार से लूट की घटना को अंजाम देते थे. गोरखपुर में 28 अक्टूबर को बिहार के 6 लुटेरों ने एक व्यापारी को कार में 30 मिनट तक बंधक बनाकर 6.54 लाख रुपए लूटे थे. सीसीटीवी फुटेज की मदद से गोरखपुर पुलिस ने 4 लुटेरों को अरेस्ट कर लिया है. डीआईजी जे रविंदर गौड़ और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने पुलिस टीम को 25-25 हजार के इनाम की घोषणा की है.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT




खुलासा करते एसएसपी व अन्य.

## कैंट में बंधक बनाया खोराबार में उतारा

कुशीनगर जिले के हाटा कोतवाली निवासी गल्ला व्यापारी 65 साल के रामाकांत जयसवाल 27 अक्टूबर को हाजीपुर बिहार के एक फ्लोर मालिक से पैसा लेने गए थे. वहां से 6.54 लाख रुपए नगद बैग में रखकर वो लखनऊ बरौनी ट्रेन से गोरखपुर के लिए निकले. कैंट इलाके के गोरखपुर छावनी रेलवे स्टेशन पर वो 28 अक्टूबर को उतरे. सुबह आर्मी पब्लिक स्कूल के पास वो खड़े होकर घर जाने के लिए गाड़ी का इंतजार कर रहे थे. तभी सफेद रंग की कार से बदमाश आए और उन्हें लिफ्ट देने के बहाने गाड़ी में अंदर बैठा लिया. आगे जाकर रामाकांत से पैसे छीनकर खोराबार के जगदीशपुर में लुटेरों ने उन्हें उतार दिया था.

## सीसीटीवी कैमरे से मिली मदद

गोरखपुर पुलिस ने इस घटना के बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाला और आईटीएमएस की मदद ली. इससे पता चला कि ये लुटेरे 26 अक्टूबर को अरविंद कुमार से भी 8000 रुपए की लूट इसी अंदाज में की थी. जिसके आधार पर पुलिस ने जांच जारी रखी. सोमवार को ये लुटेरे एक बार फिर गोरखपुर में किसी को अपना शिकार बनाने आए थे. कैंट, खोराबार और एसओजी टीम ने सर्विलांस की मदद से चार लुटेरों को रेलवे बस स्टैंड से अरेस्ट कर लिया.

## घटना को याद कर कांप जा रहा व्यापारी

व्यापारी पुलिस के इस गुड वर्क से काफी खुश भी दिखे. व्यापारी ने बताया कि 28 अक्टूबर को 30 मिनट तक लुटेरों के साथ कार में था. व्यापारी ने बताया कि कार में कोई बदमाश थप्पड़ मार रहा था, वही कई लुटेरे ये भी कह रहे थे कि थप्पड़ क्या मार रहे हो गोली मारो इसको. ये सोचकर आज भी वो कांप जाते हैं.

## मोतीहारी से लूट करने गोरखपुर आते थे बदमाश

पकड़े गए बदमाशों की पहचान बिहार मोतिहारी के विजय महतो, मिथिलेश कुमार, सोनू कुमार और शत्रुघन साहनी के रूप में हुई. इनके पास से 4 लाख रुपए और एक अन्य व्यक्ति के साथ हुई लूट के 8 रुपए भी बरामद हुए. घटना में शामिल दो लुटेरे दीपक कुमार और सोनू साहनी के पास भी लूट की रकम है. जिनकी तलाश चल रही है.

## दो कार से करते हैं शिकार

पकड़े गए बदमाशों में बिहार के मोतिहारी निवासी विजय महतो का घर किसी हवेली से कम नहीं है. ये गैंग बनाकर दो वैगन-आर कार से निकलते हैं. एक कार आगे चलती है दूसरी कार उसके कवर करते हुए पीछे-पीछे चलती है.

**पकड़े गए लुटेरे बहुत ही शातिर हैं. गोरखपुर के अलावा ये बिहार की कई जिलों में भी लूट की घटना को अंजाम दे चुके हैं. सभी बदमाशों पर गैंगेस्टर लगाया जाएगा. इनकी संपत्ति की जांच कर अवैध प्रॉपर्टी को जब्त किया जाएगा. लुटेरों को पकड़ने की वाली टीम को इनाम दिया जाएगा.**

**डॉ. गौरव ग्रोवर,** एसएसपी

# बर्तन व्यापारी के हत्यारोपितों को अरेस्ट करने के लिए निकाला मार्च

सोमवार की शाम शहर में निकाला कैंडल मार्च

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT




gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (31 Oct): बर्तन व्यापारी विक्की वर्मा के हत्यारोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिवार के लोगों ने सोमवार की शाम शहर में कैंडल मार्च निकाला. विश्वविद्यालय गेट के सामने तस्वीर रख श्रद्धांजलि दी. स्थानीय पुलिस पर मुख्य आरोपित को बचाने और मामले में लिपापोति करने का आरोप लगाया. आवास पर जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जा रहे स्वजन को कैंट थाना पुलिस ने रास्ते में रोक लिया. आरोपितों पर कार्रवाई करने का भरोसा देकर घर भेज दिया.

## 26 अक्टूबर को हुई थी हत्या

खोराबार थाना क्षेत्र के ग्राम डांगीपार में 26 अक्टूबर की रात प्रतिमा विसर्जन में गए बर्तन व्यापारी विक्की वर्मा की चाकू से गोंदकर हत्या कर दी गई थी. इसके बाद आरोपित असलहा लहराते हुए फरार हो गए थे. सूचना पर पहुंचे परिजनों ने स्थानीय थाने में दो नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ तहरीरी दी थी. हत्यारोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने और मामले में लिपापोति करने का आरोप लगाते हुए सोमवार की शाम गोविवि गेट पर जुटे मृतक के परिजन और गांव के लोगों ने छात्रसंघ चौराहा होते कचहरी, टाउनहाल, गोलघर तक कैंडल मार्च निकाला.

## डीएम ऑफिस जाने से रोका

इसके बाद जिलाधिकारी आवास पर ज्ञापन देने के लिए जा रहे परिजनों को पुलिस ने रोक लिया. कुछ देर वहां पर खड़ा होने के बाद स्वजन दोबारा गोविवि गेट पहुंचे. वहां पर मृतक विक्की की तस्वीर लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान मृतक के बड़े भाई जितेन्द्र वर्मा ने पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस ने नामजद आरोपितों को गिरफ्तार की जगह अज्ञात को गिरफ्तार किया है.

# लापता हुए ममेरे भाई तलाश में जुटी पुलिस

सीसी कैमरे में साइकिल से जाते हुए दिखे दोनों भाई

दोनों को सोता हुआ छोड़ स्वजन गए थे छठ घाट




gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (31 Oct):** शाहपुर थाना क्षेत्र की सेठी फ्लोर मिल के पीछे से सोमवार की सुबह दो ममेरे भाई लापता हो गए. स्वजन की सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश में जुटी है. देर शाम सीसीटीवी की जांच में दोनों भाई साइकिल से जाते हुए देखे गए हैं. सेठी फ्लोर मिल के पीछे अनिल कुमार सिंह मकान बनवाकर रहते हैं. इसी मकान में उनके बहनोई पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम समदारबुजुर्ग निवासी विरेन्द्र कुमार सिंह भी पत्नी और बेटे के साथ रहते हैं. सोमवार की सुबह विरेन्द्र पत्नी के साथ छठ पर्व मनाने भटहट में ससुराल गए थे. साथ में साले अनिल की पत्नी भी गई थी. घर पर अनिल और उनका बेटा 11 वर्षीय सत्यम व वीरेन्द्र का बेटा 15 वर्षीय अंश सिंह सोए थे. छठ पर्व मनाने के बाद जब वीरेन्द्र वापस मकान पर आए तो अनिल सोए हुए मिले और दोनों ममेरे भाई लापता थे.

## रिश्तेदारों से की पूछताछ

वीरेन्द्र अपने साले अनिल को जगाकर दोनों लापता किशोर के बारे में पूछा तो उन्होंने भी अनभिज्ञता जाहिर की. फिर दोनों ने अपने रिश्तेदारों और शुभचिंतकों से लापता किशोरों के बारे में पूछताछ की. कहीं से सूचना नहीं मिलने पर अनिल और वीरेन्द्र ने शाम को शाहपुर थाना पुलिस को तहरीर दी. पुलिस ने तत्काल गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज करते हुए दोनों किशोरों की तलाश शुरू कर दी. पुलिस ने अनिल के घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो उसमें दोनों भाई एक ही साइकिल पर जाते हुए दिखे. अब पुलिस सीसीटीवी के सहारे ही दोनों किशोरों की तलाश कर रही है. शाहपुर थाना प्रभारी रणधीर मिश्र ने बताया कि गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. सीसीटीवी फुटेज में दोनों साइकिल से जाते हुए दिख रहे हैं. आगे लगे सीसी कैमरों की भी जांच की जा रही है.

# 104 स्थानों पर रखी गई हैं छठ प्रतिमाएं, कड़ी सुरक्षा में होगा विसर्जन

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (31 Oct):** छठ पूजा सकुशल संपन्न होने के बाद पुलिस महकमे ने प्रतिमा विसर्जन की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर तैयारी शुरू कर दी है. मंगलवार की शाम से ही विसर्जन स्थल पर फोर्स तैनात हो जाएगी. जिले में स्थापित 104 प्रतिमाओं के साथ दो सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो जुलूस के साथ चलेंगे.

## दो सिपाही चलेंगे साथ

शहर में राजघाट, डोमिनगढ़ और ग्रामीण क्षेत्र में राप्ती, आमी व रोहिन नदी में छठ माता की प्रतिमाओं का विसर्जन होना है. विसर्जन के समय कोई हादसा न हो इससे बचने के लिए जुलूस के साथ स्थानीय थाने के दो सिपाही चलेंगे और मोबाइल फोन से वीडियो बनाएंगे. जुलूस में शामिल किसी व्यक्ति ने मनमानी या उदंडता की तो वीडियो से पहचान कर पुलिस निरोधात्मक कार्रवाई करेगी.



एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि तीन दिन तक छठ माता की प्रतिमाओं का विसर्जन होगा. इसको लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं. शहर क्षेत्र में 84 व ग्रामीण क्षेत्र में 20 स्थानों पर छठ माता की प्रतिमा रखी गई है. गोरखपुर जोन में कुल 111 स्थानों पर छठ माता की मूर्तियां रखी गई हैं, जिसमें अकेले गोरखपुर में 104, संतकबीर नगर जिले में चार व महराजगंज जिले में तीन स्थानों पर मूर्तियां रखी गई हैं. अन्य जिलों में मूर्ति नहीं रखी गई है.

# दुष्कर्म के बाद आरोपित ने कर ली शादी

भटहट। गुलरिहा क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग से अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपित ने मुकदमा दर्ज होने के बाद उससे शादी कर लिया। इधर दुष्कर्म के साथ ही पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपित घर छोड़कर फरार हो गया। न्यायालय के निर्देश पर उप निरीक्षक एसके शर्मा ने आरोपित के घर 82 की कार्यवाही करते हुए डुग्गी मुनादी कराई।

# पान की दुकान में बेची जा रही थी देसी शराब

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। आबकारी विभाग ने सोमवार को बांसगांव थानाक्षेत्र में पान की दुकान में एक महिला को देसी शराब बेचते हुए पकड़ा। आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

आबकारी इंस्पेक्टर ज्ञानप्रताप सिंह और मिथिलेश के नेतृत्व में बांसगांव और गगहा थानाक्षेत्र में अवैध शराब को लेकर छापेमारी की गई। टीम ने संदेह के आधार पर बांसगांव के बघराई में पान की दुकान में छापेमारी की।

दुकान में बंटी-बबली ब्रांड की देसी शराब रखी हुई थी। टीम ने 140 शीशी देसी शराब बरामद की। महिला जांच टीम के सवालों के जवाब नहीं दे सकी।

# प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर बेच रहे थे देसी शराब

गोरखपुर। गुलरिहा थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग जगहों से सरकारी देसी शराब की दुकानों पर अधिक मूल्य में देसी शराब बेचने के आरोप में तीन लोगों को पकड़ा गया।

सराय गुलरिहा में सरकारी देसी शराब के कर्मचारी कमलेश को मंहगे दाम पर देसी शराब बेचते हुए पुलिस ने पकड़ लिया। इसी तरह फुलवरिया में देसी शराब के कर्मचारी मनीष यादव व रामनगर में नागेन्द्र गुप्ता को चोरी से देसी शराब बेचते पकड़ा गया।

# ढाई लाख में दे दिया फर्जी सर्टिफिकेट

**जालसाजी 1**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। एक जालसाज ने ढाई लाख रुपये लेकर मध्यप्रदेश सागर स्थित विवेकानंद यूनिवर्सिटी से डी फार्मा का फर्जी सर्टिफिकेट दे दिया था। शाहपुर पुलिस ने सोमवार की सुबह आरोपित जालसाज को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान मूल रूप से बस्ती निवासी आशीष पुरी के रूप में हुई है।

वह पादरी बाजार के शताब्दीपुरम कालोनी में किराये पर रहता था। गांधी गली व बशारतपुर में फोकस हैविट कंसलटेंसी के नाम से फर्म चलाता था। उसके खिलाफ चिलुआताल के संदीप श्रीवास्तव ने 30 अप्रैल 2022 को जालसाजी का केस कराया था।
एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर व एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि आरोपी ने संदीप को 2018 - 2019 सत्र की फर्जी डिग्री व मार्कशीट असली बताकर दिया था।

शक होने पर जब पीड़ित मध्यप्रदेश के सागर यूनिवर्सिटी गया तो हकीकत सामने आई। पुलिस के अनुसार संदीप 2020 में डीफार्मा में रेगुलर एडमिशन लेना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात कंसलटेंसी फर्म चलाने वाले आशीष से हुई। आशीष ने कहा कि वह उसका एडमिशन करा देगा। एडमिशन कराने के लिए उसने कई बार में 2.5 लाख रुपये ले लिए और कहा कि एडमिशन हो गया है।

इस बीच कोरोना काल आ गया। कोरोना में आशीष ने बताया कि अब परीक्षा भी नहीं होगी। सीधे मार्कशीट व प्रमाणपत्र मिलेगा। नवंबर 2020 को आशीष ने पीड़ित संदीप को सत्र 2018-19 का प्रमाण पत्र व मार्कशीट दे दिया, जबकि पहली बार उसकी बात 2020 में हुई थी। संदेह हुआ तो संदीप मध्यप्रदेश के सागर यूनिवर्सिटी पहुंचा। पता चला कि डिग्री वहां की नहीं है। यह फर्जी है। इसके बाद संदीप ने पैसा मांगा तो आशीष व उसके भाई आदित्य ने धमकी दी। तब जाकर संदीप ने शाहपुर थाने में अप्रैल 2022 में केस दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार जालसाज ने संदीप के अलावा दो अन्य लोगों से भी पैसे लेकर फर्जी प्रमाणपत्र दिए हैं जिसकी जांच की जा रही है।

- एमपी की सागर यूनिवर्सिटी का डीफार्मा का दिया सर्टिफिकेट
- पुलिस ने आरोपी आशीष पुरी को गिरफ्तार की जेल भेज दिया

## विदेश भेजने का झांसा देकर बेरोजगारों से ठगी

**2**

गोरखपुर। विदेश भेजने का झांसा देकर ठगी के आरोपित को सिकरीगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सिकरीगंज दीपक कुमार सिंह ने बताया कि भिटहा खलगा गांव निवासी श्रवण कुमार बेरोजगार युवकों को विदेश भेजने का झांसा देकर ठगी करता है। देवरिया जिले के खुखुंदू थानाक्षेत्र स्थित बोहरवा निवासी गुलवास, मईल थानाक्षेत्र के हंडीला निवासी जावेद और सिकरीगंज के ददौरा निवासी दीपक कुमार को कतर भेजने का झांसा देकर 1.91 लाख रुपये ले लिए थे। 21 नवंबर को तीनों युवक दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे तो पता चला कि टिकट व वीजा फर्जी है। पीड़ित युवकों ने सिकरीगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

# बैटरी व स्कूटी के साथ तीन शातिर चोर गिरफ्तार

गोरखपुर। गोरखनाथ पुलिस ने चोरी की बैटरी व स्कूटी के साथ तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए शातिर चोर की पहचान सद्दाम हुसैन उर्फ नुरुल निवासी नकहा घोसीपुरवा थाना चिलुआताल, सिराजुद्दीन अंसारी उर्फ भोलू निवासी इस्लामिया नगर मोतीलाल बगिया आमना मस्जिद के पास, पिंटू अली निवासी इस्लामिया नगर मोतीलाल बगिया के रूप में हुई है।

# मारपीट और छेड़खानी में चार गिरफ्तार

गोरखपुर। गगहा पुलिस ने मारपीट और छेड़खानी के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपितों की पहचान रणविजय सिंह उर्फ हरिओम सिंह, गोपाल सिंह, सतवन्त सिंह उर्फ कन्हैया सिंह, मंदीप कुमार सिंह निवासीगण ग्राम परेशापार थाना गगहा के रूप में हुई है।

# बदल गई बाइक, चोरी की कर दी शिकायत

चौरीचौरा। क्षेत्र के ग्राम बंशहिया निवासी राकेश यादव कि पत्नी इंदू अपने बेटे के साथ बाइक से भोपा बाजार चौराहे पर नई बाजार रोड पर सामान खरीद रही थीं। इसी दौरान उनकी बाइक चोरी हो गई। इस बाबत चौरीचौरा के प्रभारी निरीक्षक जयंत कुमार सिंह ने कहा कि दो लोगों की बाइक आपस मे बदल गई थी। दोनों लोगों की बाइक मिल गई और दोनों लोग उसे ले गए।

# साइबर थाने ने फर्जी रसीद मामले की जांच शुरू की

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्मॉर्ट मीटर बकाएदारों के सिस्टम में कटे कनेक्शन को फर्जी रसीद के माध्यम से जोड़ने का मामला साइबर थाने तक पहुंच गया है। चारों खण्डों के अभियंताओं ने दोनों मोबाइल नंबर को आधार बनाकर तहरीर दी गई है।

साइबर थाने ने अभियंताओं से फर्जीवाड़े के पुख्ता सबूत मांगा है। इसके साथ ही थाने में जांच शुरु कर दी है। साइबर सेल का कहना है कि इसमें निगम के अभियंताओं व कर्मचारियों की मिलीभगत की आंशका है। क्योंकि सभी रसीद उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले रसीद से मिलती-जुलती है। बिल प्रिंट काउंटर पर बैठने वाला व्यक्ति ही ऐसी रसीद तैयार कर सकता है।

> बिजली निगम के चार एक्सईएन ने तहरीर दी है। उसकी जांच कराई जा रही है, साथ ही फर्जी रसीद से कनेक्शन जोडने की जानकारी मांगी है। जानकारी मिलते ही केस दर्ज कर लिया जाएगा।
>
> - छबिनाथ सिंह, साइबर प्रभारी

## रिटायर्ड दीवान व बेटे सहित चार को जेल

हरपुर बुदहट। क्षेत्र के गोरहडीह में रविवार को गांव के पूर्व बीडीसी विनय मद्धेशिया और उनके भाई संजीव पर प्राणघातक हमले के आरोपी रिटायर्ड दीवान पारस यादव और उनके दोनों बेटे आनंद, रामसरन यादव और मान सिंह सहित चार पर हरपुर बुदहट पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चारों को जेल भेजवा दिया।

## 6.54 लाख की लूट के मामले का खुलासा, गोरखपुर पुलिस ने आईटीएमएस की मदद से चार बदमाशों को किया गिरफ्तार

# बिहार के बदमाशों ने की थी गल्ला व्यापारी से लूट

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कुशीनगर के गल्ला व्यापारी को कार में लिफ्ट देने के बहाने बिहार के बदमाशों ने लूटा था। बिहार के चार बदमाशों को दबोच कर गोरखपुर पुलिस ने कुसम्ही जंगल में हुई 6.54 लाख रुपये की लूट का खुलासा सोमवार को कर दिया।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि यह छह बदमाशों का गैंग है। लोगों को बस और रेलवे स्टेशन से लिफ्ट देने के बहाने अपनी गाड़ी में बैठाकर रास्ते में लूट करता था। कुशीनगर के व्यापारी को लूटने से पहले एक और व्यक्ति से भी इस गिरोह ने आठ हजार रुपये लूट लिया था। घटना के खुलासे में सीसी टीवी कैमरे का अहम योगदान रहा। पहले उस कार को ट्रेस किया गया जिसमें व्यापारी को बैठाया गया था, उसके बाद गिरोह को दबोच लिया गया। एसएसपी ने बताया कि चारों की बदमाशों की पहचान बिहार मोतिहारी के विजय महतो, मिथिलेश कुमार, सोनू कुमार और शत्रुघ्न साहनी के रूप में हुई है। इनके पास से व्यापारी के साथ हुए लूट की रकम में से 4 लाख और एक अन्य व्यक्ति के साथ हुए लूट के 8 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। साथ ही पुलिस ने घटना में प्रयोग की गई दो कार भी बरामद की है। वहीं घटना में शामिल गोरखपुर के रहने वाले दो बदमाश दीपक कुमार व सोनू साहनी लूट के कुछ रुपये लेकर फरार हो गए। जबकि कुछ रुपये बदमाशों ने खर्च कर दिये हैं।

घटना का खुलासा करने वाली टीम को डीआईजी जे रविंदर गौड़ ने 50 हजार का इनाम दिया है। पीड़ित गल्ला व्यापारी रामाकांत जायसवाल ने पुलिस के काम की सराहना की है। रामाकांत ने बताया कि जीवन में उन्हें इस घटना के नाते पहली बार थाने जाना पड़ा था। लेकिन तीन दिन में ही पुलिस ने असली आरोपियों को पकडक़र उनके पैसे दिला दिया, इसकी उन्हें उम्मीद नहीं थी।



सोमवार को गल्ला व्यापारी से हुई लूट का खुलासा करते एसएसपी। • हिन्दुस्तान

**06** बदमाशों का गैंग करता था लूट

**02** कार और चार लाख रुपये बरामद

- गल्ला व्यापारी को लूटने से पहले एक और व्यक्ति को लूटा था

### इस तरह से हुई थी दो लूट

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि 26 अक्टूबर की सुबह कुशीनगर के अरविंद कुमार को लिफ्ट देने के बहाने बदमाशों ने कार में बैठा लिया और उनसे 8 हजार लूट लिया था। सूचना के बाद पुलिस जांच कर रही थी कि 28 अक्टूबर की सुबह हाजीपुर से रकम वसूल कर छावनी स्टेशन पर आए कुशीनगर के गल्ला व्यापारी रामाकांत जायसवाल को लिफ्ट देने के बहाने कार में बैठाकर कुसम्ही जंगल में उनकी पिटाई कर मोबाइल लिया और बैग में रखे 6.54 लाख लूट लिए और पीड़ित को जगदीशपुर चौकी क्षेत्र में फेंक दिया था। दोनों घटना एक तरह की थी। फिर व्यापारी ने दो दिन की दिनचर्या बताई, वह सही निकली।

### व्यापारी ने किया था इनकार

हाजीपुर के जिस व्यापारी के यहां से पैसे लाने की बात हुई थी, उसने नगदी देने से पुलिस की जांच में इंकार किया था। फिर भी व्यापारी रमाकांत के शरीर पर चोट बता रहे थे कि उनके साथ मारपीट हुई थी।

# व्यापारी से लूट को पहले संदिग्ध मान रही थी पुलिस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। लूट की वारदात को पुलिस पहले संदिग्ध मान रही थी। इसकी दो बड़ी वजह थी पहली व्यापारी जहां से पैसा लेकर आया था उसने कैश पैसा देने से इंकार किया था। उसका कहना था कि आरटीजीएस ही करता है। दूसरा, बुजुर्ग व्यापारी का पहली बार पुलिस से पाला पड़ा था। पुलिस के सवालों के जवाब से वह परेशान हो गया था। हालांकि एसएसपी ने जब मौका-ए वारदात पर पहुंच कर पूरी जानकारी ली और केस दर्ज कर जांच करने का निर्देश दिया उसके बाद घटना में प्रगति हुई।

कार का हुलिया खुलासे में मददगार बना। कार को रंग आदि के आधार पर एम्स व नंदानगर अंडर पास के पास लगे सीसीटीवी फुटेज में खंगाला गया। कुछ गाडियों को चिन्हित किया गया। फिर आईटीएमएस की मदद से सही गाड़ी का पता लगाया गया। गाड़ी नम्बर से मालिक को ट्रेस कर सर्विलांस की मदद से पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ लिया।

एसएसपी ने बताया कि गैंग का सरगना विजय महतो हैं जिसका मोतिहारी में आलीशान मकान है। एसएसपी के अनुसार इनका गैंग बिहार के कई जिलों के साथ ही यूपी के कुशीनगर, महराजगंज, गोरखपुर आदि जगहों पर लूट करता है। बुजुर्ग व्यापारी को इन लोगों ने पहले रुपये लिफाफे में डालने को मांगा था उनके न देने पर पिटाई कर लूट लिया। हालांकि मूल व्यापारी खोराबार का ओमप्रकाश है जिसका गल्ला हाजीपुर फ्लोरमिल पर गया था। रामाकांत उसके परिचित हैं, वह पुराने गल्ला व्यापारी हैं लेकिन अब धंधा नहीं करते हैं।

- गाड़ी नम्बर से मालिक को ट्रेस कर चार को पकड़ा
- लुटेरों के इस गैंग का सरगना है विजय महतो

### इस तरह से करते हैं लूट

ये अपने निजी दो कार से आते हैं और रेलवे स्टेशन व बस स्टेशन से सवारी बैठाने के लिए गाड़ी खड़ी कर देते हैं। दो युवक कार में बैठे रहते हैं, एक चालक व दूसरा यात्री के रूप में फिर यात्रियों को चिन्हित कर गाड़ी में बैठा लेते हैं। अपने पास लिफाफा रखते हैं। रास्ते में पुलिस चेकिंग का बहाना बनाकर रुपये लिफाफे में रखवा लेते हैं। अगर नहीं मानता है तो मार पीटकर लूट लेते हैं। इनके एक गाड़ी के पीछे दूसरी गाड़ी चलाती है ताकि दिक्कत होने पर एक दूसरे की मदद कर सकें।

# दुष्कर्म पीड़िता की अमानवीय जांच की तो मुकदमा होगा

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म के मामलों में महिलाओं पर किए जाने वाले टू फिंगर टेस्ट पर सोमवार को पूर्ण रूप से रोक लगा दी। साथ ही चेतावनी दी कि ऐसी जांच करने वाले व्यक्तियों या डॉक्टरों को कदाचार का दोषी ठहराया जाएगा।

जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस हिमा कोहली की पीठ ने दिए फैसले में दुष्कर्म के एक मामले में दोषसिद्धि बहाल करते हुए खेद जताया। पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा, इस अदालत ने बार-बार दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के आरोपों के मामलों में टू फिंगर टेस्ट के उपयोग को रोका है। यह जांच गलत धारणा पर आधारित है कि एक यौन रूप से सक्रिय महिला का दुष्कर्म नहीं किया जा सकता है। पीठ ने आदेश दिया कि स्वास्थ्य मंत्रालय तय करे कि यौन उत्पीड़न और दुष्कर्म पीड़िता का टू फिंगर टेस्ट न हो।

> इस तथाकथित टेस्ट का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। इसके बजाय यह महिलाओं को फिर से पीड़ित और पुन: पीड़ित करता है। टू फिंगर टेस्ट नहीं किया जाना चाहिए। –सुप्रीम कोर्ट

› इतिहास पर निर्भर नहीं P13

# कच्ची शराब के साथ हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोरखपुर। गुलरिहा थाना पुलिस ने रविवार देर रात ग्राम जंगल डुमरी नंबर-एक से कच्ची शराब के साथ एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है।

उपनिरीक्षक अश्विनी कुमार चौबे और एसके शर्मा पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर-एक के चिरकुट टोला रात गश्त के दौरान एक स्कूटी आती दिखी। पुलिस ने दौड़ाकर स्कूटी सवार को पकड़ लिया। जांच के दौरान स्कूटी से कच्ची शराब बरामद की हुई। पूछताछ के दौरान स्कूटी सवार की पहचान इसी गांव के बसंत बेलदार के रूप में हुई। इंस्पेक्टर मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है।

# छठ में आए जीजा ने सरहज से की छेड़खानी

**हरपुर बुदहट(एसएनबी)**। हरपुर बुदहट थाना अंतर्गत सोनबरसा चौकी क्षेत्र के एक गांव में सोमवार को छठ पूजा में आये जीजा ने सरहज (साले की पत्नी) को अकेला पाकर कमरे में ले जाकर कर छेड़छाड़ शुरू कर दिया। शोर मचाने पर पहुँचे पति को देखते ही मनबढ़ जीजा ने फोन करके अन्य अपने साथियो को बुला लिया । साले और छठ में आये एक अन्य रिश्तेदार को पिटाई कर दी जिससे दोनों घायल हो गए। पीड़िता ने मनबढ़ जीजा और उनके साथियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दुष्कर्म पीड़िता का टू फिंगर टेस्ट करने वाला कदाचार का दोषी

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली** : दुष्कर्म के मामले में रोक के बावजूद टू फिंगर टेस्ट जारी रहने पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह पिछड़ी और आक्रामक जांच आज भी चलन में है। साथ ही केंद्र और राज्यों से इस पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने को कहा। सर्वोच्च अदालत ने साफ कहा कि दुष्कर्म पीड़िता का टू फिंगर टेस्ट करने वाले को कदाचार का दोषी माना जाएगा।



- **सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश, यह टेस्ट जारी रहने पर उठाए सवाल**
- **हत्या-दुष्कर्म के दोषी को बरी करने का फैसला रद कर उम्रकैद सुनाई**

न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने दुष्कर्म व हत्या के मामले में झारखंड हाई कोर्ट के निर्णय के खिलाफ राज्य सरकार की टिप्पणी पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट के 27 जनवरी, 2018 के दोषी को बरी करने के फैसले को रद करते हुए 11 अक्टूबर, 2006 के निचली अदालत के फैसले को बहाल किया। निचली अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस कथित जांच का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है और न ही इससे दुष्कर्म का होना या न होना साबित होता है। इससे दुष्कर्म पीड़िता की गरिमा और निजता का उल्लंघन होता है और वह और ज्यादा पीड़ित होती है।

# शहर के 15 चौराहों की बायीं पटरी पर सरपट दौड़ेंगे वाहन

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : शहर के 15 चौराहों की बायीं पटरी से एंबुलेंस समेत अन्य वाहन सरपट दौड़ेंगे। जल्द ही इन चौराहों पर स्प्रींग पोस्ट लगेंगे। एसपी यातायात इन चौराहों को चिह्नित करके नगर निगम को पत्र लिखा है।

ट्रैफिक सिग्नल लाइट लगने के बाद वाहनों का आवागमन सिग्नल के अनुसार ही हो रहा है। यातायात पुलिस आइटीएमएस की मदद से बायीं पटरी खाली करवाकर लोगों को आगे जाने में मदद करती है। जबकि यातायात नियमों के अनुसार किसी भी चौराहे पर बायीं पटरी को खाली रखना है।

इसके लिए एसपी यातायात ने शहर के 15 प्रमुख चौराहों पर स्प्रींग पोस्ट लगाने का निर्णय लिया है। इन चौराहों पर एक मीटर चौड़ा और 50 मीटर लंबाई में स्प्रींग पोस्ट लगाया जाना है। नगर निगम को पत्र लिखकर उन्होंने चौराहों पर 2100 स्प्रींग पोस्ट की व्यवस्था कराने की बात कही है।

मोहद्दीपुर चौराहे पर कूड़ाघाट, कौवाबाग व पैडलेगंज मार्ग, पैडलेगंज चौक नौकायान व देवरिया बाईपास मार्ग, असुरन चौक के सभी मार्ग, गणेश चौक से काली मंदिर, पोस्ट ऑफिस व कचहरी मार्ग, कचहरी चौक के सभी मार्ग, शास्त्री चौक के सभी मार्ग, बेतियाहाता चौक से टीपी नगर, यूनिवर्सिटी चौक के सभी मार्ग, कूड़ाघाट चौक से एयरपोर्ट मार्ग, छात्रसंघ चौक से पैडलेगंज, यूनिवर्सिटी मार्ग, अंबेडकर चौक के सभी मार्ग, यातायात तिराहा के सभी मार्ग, देवरिया बाईपास तिराहा के सभी मार्ग और पादरी बाजार चौक के सभी मार्गों पर स्प्रींग पोस्ट लगाए जाने हैं।



शहर के 15 चौराहों पर स्प्रींग पोस्ट लगाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए नगर निगम को पत्र लिखा गया है। उम्मीद है जल्द काम शुरू हो जाएगा।



डॉ. एमपी सिंह, एसपी यातायात

# चोरी की बैटरी व स्कूटी के साथ तीन गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : एसएसपी द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गोरखनाथ थाना पुलिस ने सोमवार को तीन चोरों को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर आठ बैटरी और एक स्कूटी बरामद हुई। चोरों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।



एसपी सीटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया की सीओ गोरखनाथ के नेतृत्व में पुलिस ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के नकहा घोसीपुरवा निवासी सद्दाम हुसैन उर्फ नुरुल पुत्र अब्दुल लतीफ, गोरखनाथ थाना क्षेत्र के इस्लामिया नगर मोतीलाल बगिया निवासी सिराजुद्दीन अंसारी उर्फ भोलू पुत्र गयासुद्दीन अंसारी और पिंटू अली उर्फ पिट्टू पुत्र खेसू मास्टर को गिरफ्तार किया।

# विदेश भेजने का झांसा देकर दिया फर्जी वीजा

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** विदेश भेजने का झांसा देकर तीन युवकों से 1.95 लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपित को सिकरीगंज थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह गिरफ्तार किया। दोपहर बाद आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष सिकरीगंज दीपक कुमार सिंह ने बताया कि भिटहा खलगा गांव निवासी श्रवण कुमार बेरोजगार युवकों को विदेश भेजने का झांसा देकर ठगी करता है। देवरिया जिले के खुखुंदू थाना क्षेत्र स्थित बोहरवा निवासी गुलवास, मईल थाना क्षेत्र के हंडीला निवासी जावेद और सिकरीगंज के ददौरा निवासी दीपक कुमार को कतर भेजने का झांसा देकर 1.91 लाख रुपये ले लिए थे। 15 अक्टूबर 2021 को महदेवा बाजार बुलाकर तीनों युवकों को कतर जाने के लिए हवाई जहाज



विदेश भेजने का झांसा देकर ठगी करने का आरोपित ● जागरण

- **सिकरीगंज थाना पुलिस ने आरोपित को पकड़ा, भेजा जेल**
- **देवरिया व गोरखपुर के तीन युवकों से हुई थी 1.95 लाख की ठगी**

का टिकट व वीजा दिया। 21 नवंबर को तीनों युवक दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे तो पता चला कि हवाई जहाज का टिकट व वीजा फर्जी है। 28 जुलाई 2022 को पीड़ित युवकों ने सिकरीगंज थाने में श्रवण के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज कराया था। जांच में आरोप की पुष्टि होने पर सोमवार की सुबह श्रवण को गिरफ्तार कर लिया गया।

## मारपीट व छेड़खानी के चार आरोपित गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर :** एसपी दक्षिणी के नेतृत्व में गगहा पुलिस ने मारपीट व छेड़खानी के चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम परेशापार निवासी रणविजय सिंह उर्फ हरिओम सिंह, गोपाल सिंह पुत्रगण रामदुलारे, सतवंत सिंह पुत्र गोपाल सिंह, मंदीप कुमार सिंह पुत्र रणविजय सिंह के रूप में हुई है। एसपी दक्षिणी ने बताया की सभी आरोपितों पर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# हत्यारोपितों की गिरफ्तारी को निकाला कैंडल मार्च

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर**: बर्तन व्यापारी विक्की वर्मा के हत्यारोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर स्वजन व गांव के लोगों ने सोमवार की शाम शहर में कैंडल मार्च निकाला। विश्वविद्यालय गेट के सामने तस्वीर रख श्रद्धांजलि दी। स्थानीय पुलिस पर मुख्य आरोपित को बचाने और मामले में लीपापोती करने का आरोप लगाया। आवास पर जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जा रहे स्वजन को कैंट थाना पुलिस ने रास्ते में रोक लिया। उसके बाद आरोपितों पर कार्रवाई करने का भरोसा देकर घर भेज दिया।



बर्तन व्यापारी के हत्यारों को पकड़ने की मांग करते स्वजन ● जागरण

खोराबार थाना क्षेत्र के डांगीपार में 26 अक्टूबर की रात प्रतिमा विसर्जन में गए बर्तन व्यापारी विक्की वर्मा की चाकू से गोंदकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद आरोपित असलहा लहराते हुए फरार हो गए थे। स्वजन ने थाने में दो नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी थी। हत्यारोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने पर सोमवार की शाम गोवि गेट पर जुटे मृतक के स्वजन और गांव के लोगों ने छात्रसंघ चौराहा होते हुए कचहरी, टाउनहाल, गोलघर तक कैंडल मार्च निकाला। इसके बाद वह दोबारा गोवि गेट पहुंचे। वहां पर मृतक विक्की की तस्वीर लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मृतक के बड़े भाई जितेन्द्र वर्मा ने पुलिस पर आरोप लगाया की नामजद आरोपित खुलेआम गांव में घूम रहे हैं। पुलिस सिर्फ एक अज्ञात को गिरफ्तार कर मामले में लीपापोति कर रही है। उसने यह भी आरोप लगाया की आरोपितों को बचाने के लिए पुलिस पर राजनितिक दबाव भी बन रहा है। मृतक के स्वजन ने मुख्यमंत्री कार्रवाई की मांग की है।

# फर्जी प्रमाण पत्र देकर हड़पे रुपये, आरोपित गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता,गोरखपुर:** डीफार्मा का फर्जी प्रमाण पत्र देकर 2.50 लाख रुपये हड़पने वाले आरोपित को शाहपुर थाना पुलिस ने सोमवार को सुबह गिरफ्तार कर लिया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। मूल रूप से बस्ती जिले के रहने वाले आरोपित के साथियों के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है।

एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने सोमवार को दोपहर पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गायत्रीपुरम नकहा नंबर एक निवासी संदीप श्रीवास्तव ने कार्यालय में आकर प्रार्थना पत्र दिया था कि डी फार्मा का फर्जी प्रमाण पत्र देकर आशीष पुरी नाम के युवक ने 2.50 लाख रुपये की ठगी की है। तहरीर के आधार पर शाहपुर थाना पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज किया था। छानबीन में

**● गांधी गली में कार्यालय खोलने वाले आरोपित ने लिए थे 2.50 लाख**



रुपये हड़पने का आरोपित आशीष पुरी ● जागरण

पता चला कि शाहपुर के शताब्दीपुरम कालोनी में किराये पर कमरा लेकर रहने वाला आशीष पुरी मूल रूप से बस्ती जिले के कोतवाली थानाक्षेत्र के भदेश्वरनाथ का रहने वाला है। कैंट थानाक्षेत्र के गांधी गली व शाहपुर के बशातरपुर में वह फोकस हैविट कंसलटेंसी फर्म चलाता है। 2.50 लाख रुपये लेकर संदीप को

**● स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर का दिया था फर्जी प्रमाण पत्र**

उसने विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर मध्यप्रदेश से वर्ष 2018-19 सत्र का फर्जी प्रमाण पत्र दिया है। शाहपुर थाना पुलिस ने मध्य प्रदेश के सागर विश्वविद्यालय जाकर पता किया तो प्रमाण के कूटरचित होने की जानकारी मिली। पादरी बाजार चौराहे से सोमवार को सुबह पुलिस ने आशीष पुरी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि उसने कई अन्य लोगों को भी फर्जी प्रमाण पत्र दिए हैं, जिनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

**दो वर्ष पुराना प्रमाण पत्र होने पर हुआ संदेह:** संदीप श्रीवास्तव ने शाहपुर थाना पुलिस को बताया कि वर्ष 2020 में वह डीफार्मा की पढ़ाई करना चाह रहे थे। इस दौरान उसकी मुलाकात आशीष से हुई। सागर विश्वविद्यालय में प्रवेश दिलाने का झांसा देकर उसने अपने खाते में रुपये जमा कराएं। पूछने पर बताया कि कारोना की वजह से परीक्षा नहीं हुई सीधे मार्कशीट व प्रमाणपत्र मिलेगा। नवंबर 2020 में उसने सत्र 2018-19 का प्रमाण पत्र व मार्कशीट दे दिया, जबकि नामांकन 2020 में कराया था। संदेह होने पर उसने छानबीन की तो जालसाजी की जानकारी हुई।

**घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर चोरी**:मुंडेरा बाजार : चौरीचौरा थाना क्षेत्र के सोनबरसा बाजार निवासी शिव बैजनाथ मद्धेशिया के घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर चोर साढ़े तीन लाख रुपये नकद समेत छह लाख के जेवर चुरा ले गए। रविवार को गृहस्वामी ने सोनबरसा पुलिस चौकी पर तहरीर बताया कि छठ पर्व में शामिल होने के लिए ससुराल गए थे। मकान में ही किराने की दुकान भी है। लौटने पर घर के पीछे का दरवाजा टूटा था।

# लापता ममेरे भाइयों की तलाश में जुटी पुलिस

- **सीसी कैमरे में साइकिल से जाते हुए दिखे दोनों भाई**
- **दोनों को सोता हुआ छोड़ छठ पूजा को गए थे स्वजन**

**जागरण संवाददाता, चरगांवा** : शाहपुर थाना क्षेत्र की सेठी फ्लोर मिल के पीछे से सोमवार की सुबह दो ममेरे भाई लापता हो गए। स्वजन की सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश में जुटी है। देर शाम सीसीटीवी की जांच में दोनों भाई साइकिल से जाते हुए देखे गए हैं।

सेठी फ्लोर मिल के पीछे अनिल कुमार सिंह मकान बनवाकर रहते हैं। इसी मकान में उनके बहनोई पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम समदारबुजुर्ग निवासी विरेन्द्र कुमार सिंह भी पत्नी और बेटे के साथ रहते हैं। सोमवार की सुबह विरेन्द्र पत्नी के साथ छठ पर्व मनाने भटहट में ससुराल गए थे। साथ में साले अनिल की पत्नी भी गई थी। घर पर अनिल और उनका बेटा 11 वर्षीय सत्यम व वीरेन्द्र का बेटा 15 वर्षीय अंश सिंह सोए थे। छठ पर्व मनाने के बाद जब वीरेन्द्र वापस मकान पर आए तो अनिल सोए हुए मिले और दोनों ममेरे भाई लापता थे।

वीरेन्द्र अपने साले अनिल को जगाकर दोनों लापता किशोर के बारे में पूछा तो उन्होंने भी अनभिज्ञता जाहिर की। फिर दोनों ने अपने रिश्तेदारों और शुभचिंतकों से लापता किशोरों के बारे में पूछताछ की। कहीं से सूचना नहीं मिलने पर अनिल और वीरेन्द्र ने शाम को शाहपुर थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तत्काल गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज करते हुए दोनों किशोरों की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस ने अनिल के घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो उसमें दोनों भाई एक ही साइकिल पर जाते हुए दिखे। अब पुलिस सीसीटीवी के सहारे ही दोनों किशोरों की तलाश कर रही है। शाहपुर थाना प्रभारी रणधीर मिश्र ने बताया कि गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज में दोनों साइकिल से जाते हुए दिख रहे हैं। आगे लगे सीसी कैमरों की भी जांच की जा रही है।

# बिहार के बदमाशों ने की थी 6.54 लाख की लूट

## गल्ला व्यापारी के साथी को लूटने वाले पूर्वी चंपारण जिले के चार बदमाश गिरफ्तार, युवक से भी की थी लूट

**जागरण संवाददाता, गोरखपुरः** गल्ला व्यापारी के साथी व कुशीनगर जिले के युवक से लूट करने वाले चार बदमाशों को सोमवार को सुबह कार समेत कैंट, खोराबार थाना व क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। बदमाश बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के रहने वाले हैं। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो कार, लूट के 4.08 लाख रुपये मिले। वारदात में शामिल दो अन्य बदमाशों की तलाश चल रही है। पर्दाफाश करने वाली टीम को डीआइजी रेंज ने 50 हजार रुपये इनाम दिया है।



लूट करने वाले बदमाशों के बारे में जानकारी देते एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ● जागरण

एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर व एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने सोमवार को दोपहर में पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 26 अक्टूबर को सुबह कुशीनगर जिले के हाटा थानाक्षेत्र स्थित खामी मुंडेरा बाजार निवासी अरविंद कुमार दिल्ली से गोरखपुर बस अड्डे पहुंचे। वहां मिले कार सवार बदमाशों ने हाटा छोड़ने का झांसा देकर आठ हजार रुपये लूट लिए थे। दूसरी घटना 28 अक्टूबर को सुबह सात बजे हुई। कुशीनगर जिले के हाटा निवासी रमाकांत जायसवाल छावनी स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के बाद बाहर निकले। आर्मी पब्लिक स्कूल के पास मिले कार सवार तीन बदमाशों ने घर छोड़ने का झांसा देकर मोबाइल फोन व 6.54 लाख रुपये लूटने के बाद खोराबार के जगदीशपुर में सुनसान स्थान पर छोड़ दिया। लूट का मुकदमा दर्ज कर कैंट, खोराबार थाना पुलिस के साथ ही क्राइम ब्रांच की टीम छानबीन कर रही थी। सीसी कैमरा फुटेज व सर्विलांस की मदद से सोमवार को सुबह कुसम्ही जंगल में दो कार सवार चार बदमाशों को पकड़ा। पूछताछ में उनकी पहचान पूर्वी चंपारण (बिहार) डुमरियाघाट के पकड़ी निवासी विजय महतो, मिथिलेश कुमार, सोनू कुमार साहनी और तुर्कौलिया थानाक्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी शत्रुधन साहनी के रूप में हुई। गोरखपुर के रहने वाले दीपक कुमार और सोनू कुमार चकमा देकर फरार हो गए। उनकी तलाश चल रही है। पकड़े गए आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि गोरखपुर रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन के पास यात्रियों को घर छोड़ने का झांसा देकर लूट करते हैं। आरोपितों के विरुद्ध दर्ज हुए मुकदमे की डिटेल जुटाई जा रही है। इनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई होगी।

**खोरावार के रहने वाले व्यापारी के थे रुपये** : खोराबार के चनकापुर निवासी ओमप्रकाश गुप्ता गल्ले का व्यापार करते हैं। हाजीपुर(बिहार) जिले के राइस मिल मालिक को उन्होंने गेहूं बेचा था। कुशीनगर जिले के हाटा निवासी अपने साथी रमाकांत जायसवाल से उनकी जान पहचान है। मां की तबीयत खराब होने की वजह से ओमप्रकाश ने रुपये लाने के लिए रमाकांत को हाजीपुर भेजा था। राइस मिल मालिक से 6.54 लाख रुपये लेकर ट्रेन से 28 अक्टूबर को सुबह रमाकांत छावनी रेलवे स्टेशन पहुंचे। आर्मी पब्लिक स्कूल के सामने मिले बदमाशों ने घर छोड़ने का झांसा देकर उन्हें कार में बैठा लिया।

**राइस मिल मालिक ने रुपये देने से मना कर दिया था**:6.54 लाख रुपये की लूट होने के बाद खोराबार थाना पुलिस ने हाजीपुर जिले के रहने वाले राइस मिल मालिक से फोन पर बात की। रुपये के बारे में पूछने पर राइसमिल मालिक ने मना कर दिया। हाजीपुर पहुंची क्राइम ब्रांच की टीम ने छानबीन की तो राइस मिल मालिक ने बताया कि आयकर विभाग की डर से झूठ बोला था कि रमाकांत को रुपये नहीं दिए हैं। लूट होने का प्रमाण मिलने के बाद पुलिस ने फुटेज की मदद से आरोपितों को दबोच लिया।

### विजय महतो है गिरोह का सरगना

एसएसपी ने बताया कि लुटेरों ने कुछ रुपये छठ त्योहार में खर्च कर दिए हैं। कुछ रुपये फरार लुटेरों के पास है। गिरोह के सरगना विजय महतो का मोतिहारी में आलीशान मकान है। गिरोह के सदस्य दो कार से आते हैं। रेलवे स्टेशन व बस स्टेशन से सवारी बैठाने के लिए खड़ी कर देते हैं। दो युवक कार में बैठे रहते हैं एक चालक व दूसरा यात्री के रूप में, फिर अकेले यात्रियों चिन्हित कर गाड़ी में बैठा लेते हैं। वह अपने पास लिफाफा रखते हैं। रास्ते में पुलिस चेकिंग का बहाना बनाकर यात्री के रुपये लिफाफे में रखवा लेते हैं। अगर कोई नही मानता है तो मार पीटकर लूट लेते हैं। सवारी बैठाने के बाद दोनों गाड़ी एक साथ चलती है, ताकि पकड़े जाने पर एक-दूसरे की मदद कर सकें।

# अवैध शराब के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**जासं, भटहट :** गुलरिहा थाना पुलिस ने रविवार की देर रात ग्राम पंचायत जंगल डुमरी नंबर एक से अवैध शराब के साथ हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया। पुलिस की पूछताछ में आरोपित अवैध शराब की तस्करी के पुराने मामलों में भी वांछित पाया गया। पुलिस ने स्कूटी सीजकर आरोपित पर तस्करी का मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय ने बताया कि दारोगा अश्विनी कुमार चौबे व एसके शर्मा पुलिसकर्मियों के साथ जंगल डुमरी नंबर एक के चिरकुट टोला में देर रात वाहनों की जांच कर रहे थे।

सामने से आ रही स्कूटी को रोकने की कोशिश की तो युवक भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर पकड़ा और जांच की तो कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में उसकी पहचान इसी गांव के बसंत बेलदार के रूप में हुई।

# स्वर्ण जयंती समारोह के मुख्य अतिथि होंगे मुख्यमंत्री

**जासं, गोरखपुर :** बीआरडी मेडिकल कालेज में पांच नवंबर को आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि होंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय ने इसकी सहमति दे दी है। पहले उपराष्ट्रपति को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था, लेकिन उनका समय नहीं मिल पाया। समारोह में उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार भी शामिल हो सकते हैं। कार्यक्रम में बीआरडी से पढ़े 1000 डाक्टर शामिल होंगे। इस अवसर पर बीआरडी मेडिकल कालेज के 50 साल के गौरवशाली इतिहास पर डाक्यूमेंट्री फिल्म की प्रस्तुति भी की जाएगी।



# जयंती पर याद किया राष्ट्रीय एकता के लिए लौह पुरुष का संघर्ष

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर लोगों ने लिया राष्ट्र की अखंडता को बनाए रखने का संकल्प, गोरखपुर में हुआ रन फार यूनिटी का आयोजन

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती सोमवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शिक्षण संस्थाओं और विभिन्न संगठनों द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सरदार पटेल के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करते हुए लोगों ने उनके द्वारा दिखाए मार्ग पर चलने और राष्ट्रीय एकता व अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया।

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. राजेश सिंह ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया और शिक्षकों, कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। कुलपति ने विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से 'रन फार यूनिटी' दौड़ को भी रवाना किया, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अजय सिंह, प्रो. विनय सिंह, एनएसएस के पूर्व समन्वयक डा. केशव सिंह, प्रो. एसके सिंह, प्रो. विनीता पाठक, प्रो. शरद मिश्रा, कुलसचिव विशेश्वर प्रसाद, परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

राजकीय जुबिली इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सरदार के व्यक्तित्व व कृतित्व पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कालेज के छात्र श्रेयांश को पहला, सचिन कुमार प्रजापति को दूसरा और स्वरित जायसवाल को तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि महापुरुषों के पदचिन्हों पर चलकर ही भारत वर्ष को अखंड बनाए रख सकते हैं। इस दौरान डा. राजेश चंद्र गुप्ता, शिवमूर्ति राय, संजय यादव आदि मौजूद रहे। डीएवी पीजी कालेज में सरदार पटेल के जीवन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

**छायाचित्रों के जरिये दिखाया देश के लिए सरदार का संघर्ष**: सरदार पटेल की जयंती पर राजकीय बौद्ध संग्रहालय में 'एकीकरण के शिल्पी' विषय पर छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के जरिये संग्रहालय प्रशासन ने सरदार पटेल के संघर्ष को दिखाने की सफल कोशिश की। लौह पुरुष के बाल्यकाल से लेकर निधन तक के छायाचित्रों का प्रदर्शन प्रदर्शनी में किया गया था। इसका उद्घाटन बुद्ध स्नातकोत्तर पीजी कालेज के एसोसिएट प्रोफेसर डा. कौस्तुभ नारायण मिश्र ने बतौर मुख्य अतिथि किया। छायाचित्रों का अवलोकन करने के दौरान उन्होंने कहा कि भारत के एकीकरण में सरदार का अतुलनीय योगदान रहा। इस कारण ही उन्हें भारत का विस्मार्क भी कहा जाता है। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत के देशभक्तों में एक अमूल्य रत्न थे। संग्रहालय के उप निदेशक डा. मनोज कुमार गौतम ने पटेल के जीवन संघर्षों तथा प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से ऐतिहासिक एवं ज्ञानवर्धक जानकारी उपलब्ध करायी गयी। इस अवसर पर सुभाष दुबे, मनीष मोहन, रामेश्वर मिश्रा, डा. रेखा रानी शर्मा, मनीष तिवारी, टीएन शाही आदि मौजूद रहे।

**एकता के लिए दौड़े एनसीसी कैडेट** : आजादी का अमृत महोत्सव के तहत राष्ट्रीय एकता में योगदान के लिए प्रेरित करने को 45 यूपी बीएन एनसीसी के सेंट एंड्रयूज कालेज यूनिट के छात्र कैडेटों ने तीन किलोमीटर की दौड़ लगाई। यह दौड़ कालेज से निकलकर छात्रसंघ चौराहा, गणेश चौराहा, इंदिरा बाल विहार होते हुए कालेज परिसर आकर समाप्त हुई। सभी कैडेटों ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने की शपथ ली। इस दौरान लेफ्टिनेंट डा. अमित मसीह मौजूद रहे। इसके अलावा सोमवार की शाम नौका विहार स्थल पर एनसीसी और एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) द्वारा संयुक्त रूप से एक अन्य एपिसोड का आयोजन किया गया, जिसमें सेंट एंड्रयूज कॉलेज के कैडेटों ने हिस्सा लिया।

## देश की एकता के लिए दौड़े सशस्त्र सीमा बल और पुलिस के जवान, दिखा उत्साह

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : लौहपुर सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर सोमवार को राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए एसएसबी और पुलिस के जवानों ने दौड़ लगायी। एडीजी अखिल कुमार, डीआइजी जे रविन्दर गौड ने अपने-अपने कार्यालय और एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने पुलिस लाइन में उपस्थित पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलाई। शाम को एसएसबी के जवानों ने नौकायन बुद्ध पथ पर तो पुलिसकर्मियों ने शहर में मार्च पास्ट किया।



भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से गांधी प्रतिमा से आयोजित मैराथन में भाग लेते एमएलसी डा. धर्मेन्द्र सिंह • जागरण



एसएसबी के तत्वावधान में आयोजित मार्च पास्ट कार्यक्रम में भाग लेते एसएसबी के जवान • जागरण



पुलिस लाइन में निकली मैराथन दौड़ में शामिल पुलिस अधीक्षक यातायात डा.एमपी सिंह व अन्य। • जागरण

- **शाम को शहर में पुलिस व नौकायन बुद्ध पथ पर एसएसबी ने किया मार्च पास्ट**
- **एडीजी, डीआइजी और एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को दिलाई सत्यनिष्ठा व कर्तव्य पालन की शपथ**

सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस को सोमवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। रन फार यूनिटी कार्यक्रम के तहत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, पुलिस, पीएसी के जवानों ने दौड़ लगाई, जो पुलिस लाइन से शुरू होकर काली मंदिर, गोलघर, कचहरी चौराहा के रास्ते नगर निगम और पुनः उसी रास्ते से हुए पुलिस लाइन आकर समाप्त हुई। एसएसपी यातायात डा.एमपी सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इसी क्रम में एसएसबी के अधिकारियों व जवानों ने सरदार वल्लभभाई की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। सुबह सात बजे रन फार यूनिटी के तहत एसएसबी के जवानों ने दौड़ लगाई। इसमें आम नागरिक और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके बाद जवानों ने सहनजवां के डोहरिया कला पहुंचकर राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ का आयोजन किया। इसमें एनसीसी, एनएसएस, स्कूली बच्चों के साथ पुलिसकर्मी, स्थानीय प्रशासन और आमजन ने भी हिस्सा लिया। शाम को नौकायान बुद्ध पथ पर एसएसबी की बैंड धुन पर जवानों ने मार्चपास्ट किया। इसमें एसएसबी के तीनों दलों के साथ एनसीसी के विद्यार्थी शामिल हुए। अंत में मानव श्रृंखला बनाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान महानिरीक्षक चिकित्सा डा.असित बरन दास, एसपी यातायात डा.एमपी सिंह, पूर्व मेयर सत्या पाण्डेय, मानव सेवा के राजेश मणि, एसएसबी के कमान अधिकारी गिरीश चंद पांडेय, जय प्रकाश मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने सरदार पटेल को किया याद

**गोरखपुर** : सरदार पटेल की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ता महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता के नेतृत्व में मंगलवार को गोलघर स्थिति काली मंदिर के सामने सरदार के प्रतिमा स्थल पर पहुंचे। प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्होंने लौह पुरुष को श्रद्धांजलि दी। क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधान परिषद डा. धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि लौह पुरुष पटेल द्वारा भारतीय रियासतों का एकीकरण करके देश को एकता के सूत्र में पिरोने का किया गया असंभव कार्य सदैव स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर महानगर इकाई की ओर से रन फार यूनिटी को क्षेत्रीय अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दौड़ टाउनहाल गांधी प्रतिमा से कचहरी चौराहा, गणेश चौराहा होते हुए सरदार पटेल के प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। विजेताओं को क्षेत्रीय अध्यक्ष ने पुरस्कृत किया। इस दौरान पुष्पदंत जैन, राहुल, देवेश श्रीवास्तव, अच्युतानं, बृजेश मणि, शशिकांत सिंह, रमेश प्रताप, चंदन आदि रहे।

### एलआइसी कर्मचारियों ने ली सतर्कता की शपथ

**गोरखपुर** : भारतीय जीवन बीमा निगम के मंडल कार्यालय में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कर्मचारियों ने मंडल के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक जेएस चौहान के नेतृत्व में सतर्कता की शपथ ली। वरिष्ठ मंडल प्रबंधक जेएस चौहान ने कहा कि इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन भ्रष्टाचारमुक्त भारत, विकसित भारत थीम के तहत किया जा रहा है। विपणन प्रबंधक विश्वनाथ चौधरी ने सभी से अपने कार्य को ईमानदारी एवं पारदर्शी तरीके से करने के लिए कहा। इस अवसर पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। प्रशासनिक अधिकारी रजनीश गुप्ता ने सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक नवंबर को वर्चुअल कार्यशाला, दो नवंबर को वाद-विवाद प्रतियोगिता, तीन नवंबर को जादू और कठपुतली का कार्यक्रम और चार नवंबर को वाकाथन  व नुक्कड़ नाटक होगा।

# भोर में ही बिकने लगी शराब, तीन हिरासत में

गुलरिहा। इलाके में अलग-अलग जगहों पर स्थित देसी शराब की दुकान सुबह चार बजे ही खोल दी। छठ पर्व होने की वजह से भीड़ भी आ गई और महंगे दामों पर कर्मचारी शराब बेचने लगे।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन दुकानों से एक-एक कर्मचारी को हिरासत में ले लिया था। देर शाम दुकान स्वामी के आने पर कर्मचारियों को सुपुर्द कर लाइसेंस की छायाप्रति ली गई। पुलिस लाइसेंस निरस्त करने के लिए आबकारी विभाग को भेजेंगी। जानकारी के मुताबिक, देशी शराब की सरकारी दुकान के खुलने का समय सुबह दस बजे से होता है। छठ पर्व होने की वजह से घाटों पर भीड़ थी। कई लोग शराब लेने के इच्छुक थे।

## लाइसेंस निरस्त करने को पुलिस भेजेगी रिपोर्ट

इसकी जानकारी होते ही तीन देसी शराब की दुकान के कर्मचारियों ने दुकान खोल दी और सुबह चार बजे से ही बेचने लगे थे। प्रभारी निरीक्षक मनोज पांडेय ने बताया कि लाइसेंस निरस्त करने के लिए आबकारी विभाग को रिपोर्ट भेजी जाएगी। ब्यूरो

# ढाई लाख रुपये में बना दिया डी-फार्मा का फर्जी सर्टिफिकेट

## शाहपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को किया गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** ढाई लाख रुपये लेकर मध्यप्रदेश के विवेकानंद यूनिवर्सिटी का फर्जी डी फार्मा सर्टिफिकेट बनाकर बेचने के आरोपी को शाहपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया। आरोपी के मददगारों के बारे में भी पुलिस जांच कर रही है।

पकड़े गए आरोपी की पहचान बस्ती जिले के कोतवाली इलाके के भदेश्वरनाथ निवासी आशीष पुरी के रूप में हुई। वह गोरखपुर के पादरी बाजार में किराये के मकान में रहता है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी।

बताया कि आरोपी गांधी गली व बशारतपुर में फोकस हैविट कंसलटेंसी फर्म चलाता है। संदीप 2020 में डी फार्मा में दाखिला लेना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात कंसलटेंसी चलाने वाले आशीष से हुई। आशीष ने कहा कि वह उसका दाखिला करा देगा।

इसके लिए उसने कई बार में 2.5 लाख रुपये ले लिए और कहा कि दाखिला हो गया है। पढ़ने नहीं जाना होगा बस उसे परीक्षा देने जाना होगा। इस बीच कोरोना काल आ गया। कोरोना में आशीष ने बताया कि अब परीक्षा भी नहीं होगी।

सीधे मार्कशीट व प्रमाणपत्र मिलेगा। नवंबर 2020 को आशीष ने पीड़ित संदीप को सत्र 2018-19 का प्रमाणपत्र व मार्कशीट दे दिया, जबकि पहली बार उसकी बात 202 में हुई थी। संदेह हुआ तो संदीप मध्यप्रदेश के सागर यूनिवर्सिटी पहुंचा।

पता चला कि डिग्री वहां की नहीं है, यह फर्जी है। जिसके बाद संदीप ने पैसा मांगा तो आशीष व उसके भाई आदित्य ने धमकी दी। तब जाकर उसने शाहपुर थाने में अप्रैल 2022 में केस दर्ज कराया। पुलिस आरोपी की तलाश में लगी थी। सोमवार को आशीष को गिरफ्तार कर लिया गया।

## छेड़खानी के विरोध पर पति को पीटा

**हरपुर बुदहट।** इलाके के एक गांव में जीजा ने साले की पत्नी से छेड़खानी की। आरोप है कि विरोध करने पर उसने पति की पिटाई कर दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, जीजा छठ में गांव आया है। सोमवार सुबह अकेला पाकर उसने साले की पत्नी से छेड़खानी शुरू कर दी। शोर सुनकर पति आ गया। आरोप है कि इसके बाद जीजा ने अपने दो साथियों को फोन कर बुला लिया और साले की पिटाई कर दी। ब्यूरो

## चार लोगों पर धमकी का केस दर्ज

**भटहट।** गुलरिहा पुलिस ने जैनपुर गांव के चार लोगों पर धमकी देने का केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, गांव के राघवेंद्र प्रताप भारती ने बताया कि वह जमीन पर वर्षों से काबिज हैं। उन्होंने शिवनारायण, प्रवीण, विश्वजीत तथा रामेश्वर पर मारने पीटने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए गुलरिया थाने में नामजद तहरीर दी थी। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही। ब्यूरो

## खड़े ट्रक में डीसीएम ने ठोकर मारी, चालक घायल

**भटहट।** गुलरिहा थाना क्षेत्र में रविवार रात बरगदही में आकाशवाणी केंद्र के सामने खड़े खाद लदी ट्रक में पीछे से डीसीएम ने ठोकर मार दी। जिसमें डीसीएम चालक महराजगंज के घुघुली थाना क्षेत्र निवासी सलीम (28) का दाहिना पैर टूट गया। ब्यूरो

## चोरी की स्कूटी व बैट्री के साथ तीन गिरफ्तार

**गोरखपुर।** गोरखनाथ पुलिस ने चोरी की स्कूटी व तीन बैट्री के साथ सोमवार को तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान चिलुआताल के घोसीपुरवा निवासी सद्दाम हुसैन, मोतीलाल नगर निवासी सिराजुद्दीन व पिंटू अली के रूप में हुई। ब्यूरो

# विदेश भेजने का झांसा देकर देता था फर्जी वीजा, गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बेरोजगार युवाओं को विदेश भेजने का झांसा देकर फर्जी वीजा देकर रुपये हड़पने के आरोपी को सोमवार को सिकरीगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वह एक युवक से 70 हजार से एक लाख रुपये वसूलने के बाद उसका पासपोर्ट भी अपने पास रख लेता था, ताकि डर वश वह कहीं शिकायत न करें।

पकड़े जाने के बाद 10 से 12 पीड़ित अकेले सिकरीगंज पुलिस से संपर्क कर चुके हैं। अन्य थाना क्षेत्र के युवाओं के साथ भी आरोपी ने जालसाजी की है। पुलिस सभी मामलों की जांच शुरू कर दी है।

पकड़े गए आरोपी की पहचान सिकरीगंज थाना क्षेत्र के भिटहा खलंगा गांव निवासी श्रवण कुमार के रूप में हुई। थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि विदेश भेजने नाम पर जालसाजी किए जाने की शिकायत आने पर केस दर्ज कर जांच की गई।



आरोपी श्रवण कुमार। संवाद

## वसूली करने के बाद रख लेता था पासपोर्ट

जांच में मामला सही पाए जाने पर श्रवण को सोमवार को उसके गांव से ही गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक डायरी भी बरामद की गई है, जिसमें कई लोगों की जानकारी लिखी है। दीपक सिंह ने बताया कि कई अन्य युवाओं ने भी संपर्क किया है, जिसकी जांच की जा रही है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया।

# जलकल दफ्तर में घुसकर ठेकेदार ने सहायक अभियंता पर तानी पिस्टल

## विभाग के अवर अभियंताओं ने एसएसपी से मुलाकात कर की शिकायत, मुकदमा दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** जलकल दफ्तर में घुसकर सहायक अभियंता सौरभ कुमार पर ठेकेदार ने पिस्टल तान दी। आरोप है कि इस दौरान ठेकेदार ने जान से मारने की धमकी भी दी। 29 अक्तूबर को हुई इस घटना की सोमवार को नगर निगम और जलकल के अवर अभियंताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी से मुलाकात कर जानकारी दी।

एसएसपी के आदेश पर कैंट पुलिस ने सरकारी काम में बाधा डालने, धमकी देने की धाराओं में ठेकेदार शिवदयाल पांडेय पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर, ठेकेदार ने मामला लेनदेन का बताते हुए आरोप को गलत ठहराया।

### ठेकेदार बोले, रुपयों के लेनदेन के विवाद में दर्ज कराया गया फर्जी मुकदमा

*मैंने एक काम के लिए अवर अभियंता को रुपये दिए थे। काम नहीं मिलने पर सोमवार को उनके दफ्तर जाकर रुपये वापस मांगे तो वह फर्जी मामले में मुझे फंसा रहे हैं। धमकी और गाली देने की बात पूरी तरह से गलत है।*

*– **शिवदयाल पांडेय,** आरोपी ठेकेदार*

अवर अभियंता ने तहरीर में लिखा है कि 29 अक्तूबर को छठ घाट पर तैयारी का काम चल रहा था। इसी दौरान ठेकेदार शिवदयाल पांडेय अवर अभियंता धीरज कुमार से विवाद कर रहे थे। कहासुनी होती देख मैं भी उस ओर गया और शांत कराया।

फिर शाम करीब साढ़े पांच बजे के करीब महाप्रबंधक के चेंबर में मौजूद था। इस दौरान अचानक बिजली चली गई। ठेकेदार अंदर घुसे और नियम विरुद्ध तरीके से एक काम को देने का दबाव बनाने लगे।

मना करने पर ठेकेदार गाली देने लगे और पिस्टल तान कर जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर कर्मचारी दौड़े और बीच-बचाव करने लगे। आरोप है कि बाहर निकलते समय भी ठेकेदार ने धमकी दी।

इसके बाद सोमवार को अवर अभियंता सौरभ ने अपने साथियों को घटना की जानकारी दी। सभी अवर अभियंता जलकल में जुट गए और फिर एसएसपी से जाकर मुलाकात की। प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की। कैंट पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर सरकारी काम में बाधा डालने और धमकी देने का केस दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच व साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार के गैंग ने की थी गल्ला व्यापारी के साथी से लूट

## सीसीटीवी कैमरे और सर्विलांस की मदद से चार पकड़े गए, पहले भी कर चुके हैं वारदात, लिफ्ट देकर गिरोह के सदस्य करते हैं लूट

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** एम्स गेट से लिफ्ट देकर कुसम्ही जंगल के पास गल्ला व्यापारी ओमप्रकाश के साथी रामाकांत से 6.56 लाख रुपये की लूट बिहार के गिरोह ने की थी। सोमवार को चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश करते हुए लूटी गई रकम में से 4.8 लाख रुपये बरामद कर लिया।

पूछताछ में चारों आरोपियों ने अपने दो साथियों का नाम भी बताया है, जिसकी तलाश में पुलिस टीम लगी है। पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम को डीआईजी जे रविंद्र गौड़ ने 50 हजार रुपये का इनाम दिया है। पुलिस को सीसीटीवी कैमरे और सर्विलांस की मदद से सफलता मिली है।

कैंट, खोराबार और एसओजी टीम ने बेहतर तालमेल कर तीन दिन के अंदर असल बदमाशों को गिरफ्तार कर चार लाख आठ हजार रुपये बरामद किया है। दो वांछित हैं, जिसके पास भी रुपये हैं। कुछ रुपये इन लोगों ने अपने घर में छठ पर्व पर खर्च कर दिए थे। डीआईजी ने पुलिस टीम को 50 हजार रुपये का इनाम दिया है। **– डॉ. गौरव ग्रोवर,** एसएसपी



एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर व एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने पुलिस लाइंस में प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी दी। एसएसपी ने बताया कि खोराबार के ओमप्रकाश गुप्ता गल्ला का व्यापार करते हैं। उनकी मां की तबीयत खराब होने की वजह से पुराने व्यापारी व मित्र रामाकांत को उन्होंने बिहार में बेचे गए गेहूं का बकाया रुपये लेने के लिए भेजे थे।

28 अक्तूबर को रामाकांत बिहार से 6.56 लाख रुपये लेकर ट्रेन से गोरखपुर कैंट स्टेशन आए थे और फिर एम्स गेट पर कुशीनगर जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान कार सवार लोगों ने लिफ्ट देकर रास्ते में मोबाइल फोन ले लिया और सिम फेंक दिया। फिर मारपीट कर उनके पास से नकदी लूट लिए थे। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की।

उधर, इसके पहले 26 अक्तूबर को कुशीनगर के अरविंद कुमार के साथ भी इस तरह से आठ हजार की लूट हुई थी। दोनों ही घटना एक तरह लगने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों को खंगाला और सर्विलांस की मदद से बदमाशों की पहचान कर ली। सोमवार को बदमाश फिर रेलवे स्टेशन के पास वारदात करने के लिए आए थे।

मुखबिर की सूचना पर कैंट प्रभारी शशिभूषण राय, खोराबार प्रभारी कल्याण सिंह सागर, एसओजी प्रभारी मनीष यादव की टीम मौके पर पहुंची और बिहार के मोतीहारी के डुमरियाघाट थाना क्षेत्र के पकड़ी निवासी विजय महतो, मिथिलेश कुमार, सोनू कुमार साहनी, शत्रुधन साहनी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गोरखपुर के दीपक कुमार व सोनू साहनी का भी नाम सामने है, जिसकी तलाश में पुलिस टीम लगी है।

### व्यापारी की चोट देखकर हुआ घटना पर यकीन

**पुलिस** को व्यापारी रामाकांत ने लूट की जब सूचना दी थी तो पुलिस ने बिहार के उस व्यापारी से संपर्क किया, जिसके पास से रुपये लाने की बात कही गई थी, लेकिन उस व्यापारी ने रुपये देने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस को घटना पर संदेह हो गया था, लेकिन व्यापारी रामाकांत के आंख व शरीर पर चोट के निशान व आने के साधन और जगह के बारे में जो जानकारी दी गई थी, वह एकदम सही थी। इस वजह से पुलिस ने केस दर्ज किया। दूसरे व्यापारी अपनी बातों पर अडिग था और उसकी तबीयत भी खराब हो गई थी।

### ऐसे खुला मामला

**एसएसपी** ने बताया कि व्यापारी से पुलिस ने गाड़ी के हुलिया के बारे में पूछा। इसके बाद सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए तो मोहद्दीपुर के एक मकान में लगे कैमरे से उस तरह की गाड़ी की तस्वीर मिल गई। इसके बाद पुलिस ने आईटीएमएस से भी मदद ली। सर्विलांस की मदद से उस तरह की गाड़ियों के लोकेशन को देखा और फिल्टर करते हुए असल आरोपी तक पुलिस पहुंची।

# कच्ची शराब के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

गुलरिहा। पुलिस ने रविवार देर रात जंगल डुमरी नंबर एक से कच्ची शराब के साथ हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान जंगल डुमरी निवासी बसंत बेलदार के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक, उप निरीक्षक अश्विनी कुमार चौबे व एसके शर्मा गश्त पर थे। इसी दौरान एक स्कूटी पर गैलन लदा दिखने पर पुलिस ने रोका। जांच में शराब मिली और पता चला कि आरोपी थाने का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस ने सोमवार को उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# चाकू के साथ युवक पकड़ा गया

गोरखपुर। बड़हलगंज पुलिस ने सोमवार को चाकू के साथ युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान गगहा के पूरे गांव निवासी मिथिलेश गौतम के रूप में हुई। पुलिस ने केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# आज से 30 दिन बंद रहेगा सिंघड़िया गैस गोदाम मार्ग

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** अमृत योजना के तहत सीवर लाइन बिछाने के कार्य की वजह से मंगलवार से एक महीने तक सिंघड़िया गैस गोदाम मार्ग बंद रहेगा। इसके लिए कार्यदायी संस्था जलनिगम ने यातायात विभाग ने अनुमति ले ली है।

इस दौरान लोग विकल्प के तौर पर वसुंधरा नगर होते हुए मिश्रा आरओ की गली से सिंघड़िया गैस गोदाम मार्ग पर और स्वर्ण सिटी मुख्य मार्ग से वसुंधरा नगर होते हुए मुख्य मार्ग तक आ-जा सकेंगे।

जल निगम के परियोजना प्रबंधक रतनसेन सिंह के मुताबिक जल निगम, शहर के जोन ए-1 में चल रहे सीवरेज कार्य के क्रम में मंगलवार से इस सिंघड़िया गैस गोदाम मार्ग पर सीवर लाइन बिछाने का काम शुरू कराने जा रहा है। इस मार्ग की कुल लंबाई एक हजार मीटर है। इसमें से 650 मीटर लम्बाई में सीवर लाइन बिछाने का काम पूरा किया जा चुका है। करीब 350 मीटर लंबाई में गहरी सीवर लाइन (5 से 6 मीटर) का कार्य कराया जाना है। मार्ग की चौड़ाई कम होने की वजह से सीवर कार्य के दौरान इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद करने का निर्णय किया गया है।

## 192 करोड़ से शहर के जोन ए में सीवर लाइन बिछाने का काम कर रहा जल निगम

बता दें कि शहर में सीवरेज योजना की शुरुआत अक्तूबर 2018 में जोन ए-1 से हुई है। 192.75 करोड़ रुपये की परियोजना पर अब तक 140.76 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। 30 नवंबर तक कार्य पूर्ण किया जाना था, लेकिन अब तक सिर्फ 78 फीसदी काम ही हो सका है।

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 01-11-2022

राष्ट्रीय सहारा दि. ०१/११/२२

# बाइक सवार दम्पति को अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर-महिला की मौत

**गौरीबाजार।** गौरीबाजार देवरिया मार्ग पर सोमवार की शाम बाइक सवार दम्पति को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया,जिससे महिला की मौत हो गयी।मुकामी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारीनुसार चौरी चौरा थानाक्षेत्र के बैजुड़िहा गाँव निवासी कस्तूरी शुक्ला 56 अपनी पत्नी कुमकुम शुक्ला 53 को लेकर सोमवार की शाम देवरिया की तरफ जा रहे थे,अभी वे गोरखपुर देवरिया मुख्य मार्ग पर बैतालपुर चौकी से थोड़ा आगे बढ़े थे,की अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में ठोकर मार दिया।जिससे बाईक अनियंत्रित हो गयी।और दोनों पति पत्नी गिर पड़े,इस दौरान कुमकुम जो सड़क की तरफ गिरी उनके सर में गम्भीर चोट आई।वही कस्तूरी सड़क के दूसरी तरफ गिरे,स्थानीय लोगो की सहायता से उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया।

# दुर्घटना में घायल दीवान की भी इलाज के दौरान मौत

**लार रोड।** मईल थाना क्षेत्र के नरसिंहढाड़ गांव के समीप हुए मार्ग घटना में घायल बरहज थाने के गौरा चौकी पर तैनात दीवान अजय सिंह पुत्र स्वर्गीय साहब सिंह ग्राम अरहरी थाना मरदह जनपद गाजीपुर की इलाज के दौरान लखनऊमे मौत हो गयी।मौत की सूचना मिलते ही देवरिया जनपद के सभी पुलिस कर्मी सहित उनके करीबी लोग दंग रह गए।हम आपको बताते चलें एक हप्ते पहले हुए रामजानकी मार्ग पर इस दुर्घटना ने सभी पुलिस व प्रशासन के लोगों को झकझोर कर रख दिया था जिसमें एक एस़ आई रमाशंकर यादव की जान चली गयीं थी उसी दुर्घटना मे घायल दीवान अजय सिंह भी गंभीर रुप से घायल हो गयें थे जो जिनी व मौत से लड़ रहे थे जिनका इलाज लखनऊकेजीएमसी मे चल रहा था सोमवार को वो जिनी से हार गयें और इस दुनिया से अलविदा कह गयें।

राष्ट्रीय सहारा दि. 01/11/22

# नया थाना खुलने से शराब माफिया सकते में !

**बनकटा (एसएनबी)।** बनकटा के 19 और खामपार के 45 गांव काट कर बिहार बर्डर के प्रतापपुर भवानी छापर मार्ग पर श्रीरामपुर के नाम से नया थाना खुलने से शराब माफिया सकते में आ गए हैं।नए थाने के इंचार्ज इंस्पेक्टर राजू सिंह से उनके द्वारा तालमेल बनाने का लगातार प्रयास जारी है।

हालांकि तालमेल बिठाने में तस्कर व माफियाओं को अभी सफलता हाथ नहीं लगी है।लेकिन भवानी छापर से बनकटा चित्रसेन तक एक लंबी दूरी है जिसे झरही नदी बर्डर का काम करती है इस नदी पर जगह जगह बने पुल यूपी और बिहार को बीच बीच मे जोड़ने का काम करते है इन पुलों के अलावा कुछ नदी के ऐसे घाट भी है जहां से होकर लोग नदी को पार कर जाते है।पुलिस को इन स्थानों पर सघन सर्च अभियान चलाना एक बड़ी चुनौती भी है।

नए थाने का कार्यभार ग्रहण करते ही चकिया कोठी के पास से 9.850 किग्रा गाजा पकड़ कर राजू सिंह ने तस्करों और माफियाओं को कड़ा संदेश दिया था ।उसके बाद फिर रामपुर /प्रतापपुर से शराब का एक बड़ा खेप पकड़ा।एसओ श्रीरामपुर की इस कारवाई से तस्कर और माफिया सकते में आ गए है।

हालांकि बर्डर से हल्का पुलिस पर धन उगाही के माध्यम से गाजा और शराब की तस्करी कराने के आरोप पहले भी लगते रहे है।अब देखना यह है कि श्रीरामपुर थाने के नए थानेदार इस मिथक को तोड़ पाने में कितना सफल हो पाते है?

लोगों में चर्चा है कि नए थानेदार अभी तक बेदाग है तस्करी को रोक पाना इनके लिए बड़ी चुनौती है।लेकिन नए थाने पर निवास व कार्यालय संचालन में अभी काफी दिक्कतें है फिर भी राजू सिंह के जोश और हौसलों से दिखता है कि वह अपने कर्तब्य और दायित्वों से समझौता नहीं करने वाले है।

हिन्दुस्तान 01/11/22

# जिले के फौजी की सड़क हादसे में मौत

खुखुन्दू। जिले के रहने वाले एक फौजी की अहमदाबाद में सड़क हादसे में मौत हो गई। सैनिक की तैनाती केदारनाथ में थी, वह छुट्टी लेकर अपने परिवार के पास अहमदाबाद गया हुआ था।

खुखुन्दू थाना क्षेत्र के बान टोला के रहने वाले धर्मेंद्र यादव (27) पुत्र दीनबंधु यादव वर्ष 2016 में सेना में भर्ती हुए थे।सोमवार की सुबह करीब 5 बजे बाइक से अपने दोस्त के साथ छठ घाट देखने के लिए जा रहे थे, उसी दौरान इंद्र ब्रिज एयरपोर्ट रोड थाना सरदार नगर जिला अहमदाबाद में पीछे से एक पिकअप वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

दैनिक जागरण दि. 01/11/22



गुदीजार स्थित छोटी गंडक नदी में अर्घ्य देने खड़ी व्रती महिलाएं • जागरण



परमार्थी पोखरे पर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा (बाएं) •



परमार्थी पोखरे पर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देती महिलाएं • जागरण

# भीड़ के चलते कम पड़ी बसें, परेशान रहे यात्री



व्रती महिला को अर्घ्य दिलाते पुरोहित •



सिन्दूर लगाती व्रती महिला •



हनुमान मंदिर पोखरे पर भगवान भास्कर को अर्घ्य देती व्रती महिला • जागरण

जागरण संवाददाता, देवरिया: शहर से गांव छठ पूजा मनाने आए लोगों के वापस लौटने का दौर शुरू हो गया है। सोमवार को रोडवेज में यात्रियों की भीड़ के आगे बसें कम पड़ गईं। दोपहर बाद से लेकर शाम तक लोगों को बसों के लिए जूझना पड़ा। अधिकांश यात्री रोडवेज से निकल प्राइवेट वाहनों से गंतव्य के लिए रवाना हुए।

छठ पूजा मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग गांव व शहर में आए हैं। छठ पूजा समाप्त होने के बाद लोग वापस लौट रहे हैं। सुबह से लेकर दोपहर तक रोडवेज में सन्नाटा था। दोपहर बाद अचानक यात्रियों की भीड़ बढ़ गई। गोरखपुर शहर व महानगरों में जाने के लिए लोग अपने परिवार के साथ रोडवेज पहुंचना शुरू किए और पूरा रोडवेज परिसर यात्रियों से भर गया। जब भी कोई बस गोरखपुर जाने के लिए आती लोग अपना सामान लेकर दौड़ पड़ते। देखते ही देखते बस फुल हो जा रही थी। रोडवेज पर यात्रियों का जमावड़ा लगा रहा।



रोडवेज परिसर में बस के लिए परेशान यात्री • जागरण

> छठ पूजा को लेकर यात्रियों की भीड़ बढ़ी है। बसों को गोरखपुर रूट पर बढ़ाया गया है। यात्रियों को असुविधा न हो इसके लिए प्रयास किया जा रहा है।
>
> **ओपी ओझा**, एआरएम, रोडवेज देवरिया डिपो



न्यू कॉलोनी रोड क्षेत्र के इटहुआ मिश्र में अर्घ्य देने के लिए खड़ी महिलाएं • जागरण



महुआपाटन के निकट गंडक नदी में ड्यूटी के दौरान अर्घ्य देती महिला पुलिसकर्मी •

# लापरवाही में दो थानों के कोर्ट मोहर्रिर निलंबित

देवरिया : न्यायालय के कार्यों में लापरवाही सामने आने पर एसपी ने दो थानों के कोर्ट मोहर्रिर (दीवान) को निलंबित कर दिया। इस कार्रवाई से खलबली मच गई। बरियारपुर थाने में तैनात दीवान विजय रंजन व महुआडीह थाने में तैनात दीवान शमशेर खान ने न्यायालय से प्राप्त समन के रखरखाव में लापरवाही दिखाई। जिसके बाद एसपी संकल्प शर्मा ने निलंबन की कार्रवाई की। (जासं)

दैनिक जागरण दि. 01/11/22

# सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को किया याद

## जनपद में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई जयंती, राष्ट्र की अखंडता सुरक्षित रखने के लिए लोगों ने ली शपथ

जासं, देवरिया: भारत रत्न व देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती सोमवार को जनपद में धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर विभिन्न विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उनके योगदान को यादकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय एकता व अखंडता को सुनिश्चित करने के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर सीआरओ अमृतलाल बिंद, एडीएम वित्त एवं राजस्व नागेंद्र कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एसडीएम (न्यायिक) मंजूर अहमद अंसारी, एसडीएम (न्यायिक) आरपी वर्मा, प्रशासनिक अधिकारी सुशील श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। इसके बाद डीएम ने महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज के महिला वार्ड में भर्ती मरीजों में फल बांटा। मरीजों व तीमारदारों से संवाद किया। स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। प्रधानाचार्य डा.राजेश बरनवाल, सीएमएस डा.एचएन वर्मा आदि मौजूद रहे। विकास भवन में सीडीओ रवींद्र कुमार व अधिकारियों ने पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



कोतवाली रोड पर रन फार यूनिटी में शामिल पुलिसकर्मी • जागरण



जिला कारागार में वालीबाल खेलते बंदी • सौ. जेल प्रशासन

### जेल में पुलिसकर्मियों व बंदियों को दिलाई गई शपथ

देवरिया: जिला जेल में अधीक्षक भोलानाथ मिश्र ने जेल पुलिसकर्मियों व बंदियों को राष्ट्र की एकता के लिए शपथ दिलाई। जिला जेल में वालीबाल व क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बंदियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर जेलर राजकुमार, डिप्टी जेलर वंदना व वंदना त्रिपाठी, एमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

### पुलिसकर्मियों ने मैराथन दौड़ में लिया हिस्सा

देवरिया: लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पुलिस लाइन में पांच किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। सीओ नगर श्रीयश त्रिपाठी ने झंडी दिखा कर खिलाड़ियों को रवाना किया। खिलाड़ी शहर के प्रमुख चौराहों से होते हुए पुलिस लाइन में पहुंचे। इस दौरान एसआइ रामदास, पतिराम गुप्ता, राजगोपाल तिवारी, पीटीआइ रामनारायन यादव, सिपाही रामसजन आदि मौजूद रहे। सीओ नगर ने सदर कोतवाली पुलिस के साथ शहर में फ्लैग मार्च निकाला।

## रन फार यूनिटी दौड़ में शामिल हुए लोग, दिखा उत्साह

जासं, देवरिया: लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पर रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को रन फार यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि सदर विधायक डा. शलभ मणि त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान स्टेडियम का एक चक्कर दौड़ लगाया गया। उसके बाद वहां से दौड़ लगाते हुए खिलाड़ी व अन्य लोग सुभाष चौक तक आए। स्टेडियम में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी राजनारायण प्रसाद ने सभी लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। अंत में उन्होंने सभी आगंतुकों के प्रति आभार जताया। इस दौरान नगर अध्यक्ष अलका सिंह, जीआइसी प्रधानाचार्य पीके शर्मा, राधेश्याम शुक्ल, राजेन्द्र मल्ल, भूपेन्द्र सिंह, रवि शर्मा, अब्दुल अहद, संजय पांडेय, पवन कुमार, अमित कुमार पांडेय, शकील आमद, गिरिश सिंह, शालिनी शर्मा, अभिमन्यु सिंह आदि मौजूद रहे।



एकता दौड़ में शामिल सदर विधायक डा. शलभ मणि त्रिपाठी व अन्य • जागरण

अमर उजाला दि. 01/11/22

# पुलिस लाइंस में किया गया मैराथन का आयोजन

देवरिया। सोमवार को पुलिस लाइंस में पांच किमी का रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड़ का अयोजन किया गया। जिसको नगर क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कोतवाली पुलिस ने राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए शाम को मार्च निकाला। नगर क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाई। संवाद

# पटेल की जयंती पर पुलिस ने किया मार्च

बरहज। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर सोमवार को स्थानीय सहित क्षेत्र के विभिन्न थानों में पुलिस ने पैदल मार्च किया। जबकि आयोजित मैराथन दौड़ में भी हिस्सा लिया। सीओ पंचम लाल और थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र के नेतृत्व में पुलिस ने पैदल मार्च निकाला। मदनपुर, भलुअनी, मईल थानों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। संवाद

अमर उजाला दि० ०१/११/२२

# एसपी ने दिलाई शपथ

देवरिया। पुलिस लाइंस में पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने पुलिस लाइंस परिसर में सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण किया। उन्होंने राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ दिलाई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर, सीओ श्रीयश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।संवाद

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 01-11-2022

# बेटी से प्रेम करने पर हत्या कर जलाया था युवक का शव

**खुलासा**

- कसया पुलिस ने युवक की हत्या मामले में तीन को किया गिरफ्तार
- एएसपी रितेश कुमार सिंह ने प्रेसवार्ता में किया घटना का खुलासा



एएसपी रितेश कुमार सिंह ने युवक की हत्या कर शव जलाने की घटना का सोमवार को तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर खुलासा किया।

कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता। कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के सखवनिया बुजुर्ग के बढ़या छापर निवासी 22 वर्षीय नूर सलाम की हत्या तीन लोगों ने मिलकर की थी। साक्ष्य मिटाने के लिए शव को पुआल के साथ जलाने की कोशिश की थी। इनमें से एक की बेटी से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमिका के पिता ने उसे धमकाया भी था कि वह बेटी से दूर हो जाय वरना उसकी हत्या कर देगा। पुलिस ने तीनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों ने पुलिस को दिए बयान में अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।

यह जानकारी एएसपी रितेश कुमार सिंह ने पुलिस कार्यालय में सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में दी। एएसपी ने बताया कि बीते 28 अक्तूबर को कसया थाना क्षेत्र में सेखवनिया गांव से कुछ दूरी पर खेत में युवक की अधजली लाश मिली थी। उसकी पहचान कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के सखवनिया बुजुर्ग के बढ़या छापर निवासी 22 वर्षीय नूर सलाम पुत्र लियाकत के रूप में हुई थी। परिजनों की तहरीर पर इस मामले में हत्या का केस दर्ज कर कसया पुलिस ने छानबीन शुरू की तो पता चला कि 27 अक्तूबर की रात में उसे फोन कर घटनास्थल पर बुलाया गया था। पुलिस ने बुलाने वाले को पकड़ा तो हत्या से जुड़ी कड़ियां खुलती गयीं और खुलासा हो गया। एएसपी ने बताया इस मामले में सरफुद्दीन अंसारी, शमसुद्दीन अंसारी व कलामुद्दीन अंसारी निवासी सेखवनिया टोला बढ़या छापर थाना कुबेरस्थान को गिरफ्तार किया गया है। तीनों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे का दाव बरामद कर लिया गया है।

एएसपी ने बताया कि मृतक नूरसलाम का एक अभियुक्त की बेटी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। नूरसालम दिल्ली कमाने चला गया था मगर बीच-बीच में उससे मिलने आ जाता था। इसकी जानकारी होने पर आरोपी ने उसे जान से मार देने की धमकी भी दी थी। आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि मना करने के बाद भी वह उसकी बेटी से दूर नहीं हुआ था। इसीलिए उसने हत्या की योजना तैयार की। गांव के ही सरफुद्दीन व शमसुद्दीन को योजना में शामिल किया। सरफुद्दीन को इसके लिए 50 हजार रुपये देने का वादा किया। तय योजना के अनुसार सरफुद्दीन ने नूर सलाम को जरूरी बात करने के लिए गांव के बाहर सुनसान जगह पर बुलाया। वहां पहले से कलामुद्दीन व शमसुद्दीन दाव लेकर खड़े थे। नूर सलाम के आते ही तीनों ने मिलकर उसका गला रेत दिया और खेत में पड़े पुआल को शव पर डालकर जलाने की कोशिश की। आग लगाकर तीनों भाग गए। आग कुछ देर बाद बुझ गयी। अगले दिन ग्रामीणों ने शव देखकर सूचना दी तो पुलिस ने शव बरामद कर लिया।

खुलासा करने वाली पुलिस टीम में कसया के प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार तिवारी, एसएसआई हरेराम सिहं यादव, दरोगा प्रदीप, चन्दन मौर्या, हेड कांस्टेबल राजेश सिंह, सिपाही कृष्ण कुमार पाण्डेय, कमलेश कुमार-दो, उमेश कुमार सिंह, आशीष कुमार गौतम, वकील कुमार व महिला सिपाही प्रिया सिंह शामिल रहे।

# पांच मोबाइल बरामद, दो शातिर गिरफ्तार

**अहिरौली बाजार।** स्थानीय थाने की पुलिस ने सोमवार को चोरी की पांच मोबाइल के साथ दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। केस दर्ज दोनों को जेल भेज दिया गया है। एसओ पंकज गुप्ता ने बताया कि पकड़े गए दोनों युवक शातिर मोबाइल चोर हैं। उनकी पहचान किशन चौहान एवं मन्नु मल्ल निवासीगण ग्राम बेलवा बुजुर्ग टोला कुकुर्भुकवा थाना अहिरौली बाजार के रूप में हुई है।

# चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

**जोकवा बाजार।** तुर्कपट्टी पुलिस ने सोमवार को धुनवलिया फोरलेन से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि धुनवलिया मोड़ हाइवे के पास एक व्यक्ति चोरी की मोटर साइकिल लेकर लाला गुरवलिया के रास्ते जोकवा की तरफ आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मोड़ के पास पहुंच कर इंतजार करने लगी। कुछ देर बाद धुनवलिया गांव की ओर से एक मोटर साइकिल आते हुए दिखी। पास आने पर उक्त मोटर साइकिल चालक को रोकने का इशारा किया गया तो वह कुछ दूर पहले मोटर साइकिल रोककर पीछे की तरफ घुमाकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस टीम पहुंची तो वह हड़बड़ी में मोटरसाइकिल लेकर पर गिर पड़ा। मौके पर ही उसे पकड़ लिया गया। युवक की पहचान कन्हैया सिंह निवासी पकड़ी दास थाना हाटा कोतवाली के रूप में हुई।

# बिहार के बदमाशों ने लूटे थे 6.54 लाख

- कुशीनगर के व्यापारी को लूटने से पहले एक और व्यक्ति को लूटा था
- पुलिस ने आईटीएसएस की मदद से 4 बदमाशों को किया गिरफ्तार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कुशीनगर के गल्ला व्यापारी को कार में लिफ्ट देने के बहाने बिहार के बदमाशों ने लूटा था। बिहार के चार बदमाशों को दबोच कर गोरखपुर पुलिस ने कुसम्ही जंगल में हुई 6.54 लाख रुपये की लूट का खुलासा सोमवार को कर दिया।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि यह छह बदमाशों का गैंग है। लोगों को बस और रेलवे स्टेशन से लिफ्ट देने के बहाने अपनी गाड़ी में बैठाकर रास्ते में लूट करता था। कुशीनगर के व्यापारी को लूटने से पहले एक और व्यक्ति से भी इस गिरोह ने आठ हजार रुपये लूट लिया था। घटना के खुलासे में सीसी टीवी कैमरे का अहम योगदान रहा। पहले उस कार को ट्रेस किया गया जिसमें व्यापारी को बैठाया गया था, उसके बाद गिरोह को दबोच लिया गया।

एसएसपी ने बताया कि चारों की बदमाशों की पहचान बिहार मोतिहारी के विजय महतो, मिथिलेश कुमार, सोनू कुमार और शत्रुघ्न साहनी के रूप में हुई है। इनके पास से व्यापारी के साथ हुए लूट की रकम में से 4 लाख और एक अन्य व्यक्ति के साथ हुए लूट के 8 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। साथ ही पुलिस ने घटना में प्रयोग की गई दो कार भी बरामद की है। वहीं घटना में शामिल गोरखपुर के रहने वाले दो बदमाश दीपक कुमार व सोनू साहनी लूट के कुछ रुपये लेकर फरार हो गए। जबकि कुछ रुपये बदमाशों ने खर्च कर दिये हैं। घटना का खुलासा करने वाली टीम को डीआईजी जे रविंदर गौड़ ने 50 हजार का इनाम दिया है। पीड़ित गल्ला व्यापारी रामाकांत जायसवाल ने पुलिस के काम की सराहना की है। रामाकांत ने बताया कि जीवन में उन्हें इस घटना के नाते पहली बार थाने जाना पड़ा था। लेकिन तीन दिन में ही पुलिस ने असली आरोपियों को पकडक़र उनके पैसे दिला दिया, इसकी उन्हें उम्मीद नहीं थी।एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि 26 अक्टूबर की सुबह कुशीनगर के अरविंद कुमार को लिफ्ट देने के बहाने बदमाशों ने कार में बैठा लिया और उनसे 8 हजार लूट लिया था।

# दाहुगंज की शराब दुकान सील

**दाहुगंज।** तमकुही राज थाना क्षेत्र के दाहुगंज बाजार में स्थित लाइसेंसी अंग्रेजी शराब की दुकान को जिलाधिकारी के आदेश पर आबकारी विभाग ने सील कर दिया है। पिछले सप्ताह सेवरही ब्लॉक के मोहन बसडिला संविलयन विद्यालय पर विभिन्न ब्रांडों की 52 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई थी। शराब की यह खेत दाहुगंज की अंग्रेजी शराब से ही भेजी गयी थी। अनुज्ञापी को नोटिस भेजकर प्रकरण में उसका जवाब एक सप्ताह में मांगा गया है। तब दुकान का संचालन दैनिक आधार पर लॉटरी में आने वाले व्यक्ति से कराया जाएगा।

तमकुही राज थाना क्षेत्र के मोहन बसडिला विद्यालय के कक्ष में पिछले सप्ताह विभिन्न ब्रांडों की 52 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई थी।

# महिला को पट्टे की भूमि पर दिलाया कब्जा

कोटवा बाजार। मुख्यमंत्री के आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत के बाद डीएम के निर्देश पर एसडीएम सदर महात्मा सिंह ने सोमवार को नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के मड़ार बिंदवलिया गांव के भूड़ामड़ार टोले में पट्टाधारक महिला को पट्टे की भूमि पर कब्जा दिलाया। बालकेशा पत्नी पारस को 2005 में गांव में भूमि का पट्टा मिला था। परंतु उसपर दूसरे गांव के व्यक्ति का कब्जा था।

# मृतक के परिजनों से मिले विधायक

टेकुआटार। टेकुआटार बड़वा छापर निवासी एक युवक की बीते शुक्रवार की रात विद्युत के चपेट में आने से मौत हो गई थी। कुशीनगर विधायक सोमवार को देर शाम मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढ़स बंधाया। उन्होंने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। साथ ही दुरभाष पर तहसीलदार कसया को मौके पर जाकर जांच करने का निर्देश दिया।

रामकोला थाना क्षेत्र के टेकुआटार बड़वा छापर में बीत शुक्रवार की रात 35 वर्षीय ट्रैक्टर ड्राइबर हरखू राजभर पुत्र रामनरेश राजभर विद्युत तार की चपेट में आने से दर्दनाक मौत होगी थी। घटना की जानकारी होने के बाद सोमवार की शाम कुशीनगर विधायक पीएन पाठक ने मृतक के घर पहुँच कर परिवार जनों से मिले और ढाढ़स बधाया।

# चोरी के पांच मोबाइल संग दो गिरफ्तार

**जासं,अहिरौली बाजार :** क्षेत्र के भगवानपुर बुजुर्ग स्थित फैलहा धाम पुल के पास से दो चोरों को अहिरौली बाजार पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी के पांच मोबाइल बरामद हुए। पुलिस दोनों को कोर्ट ले गई, वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। दोनों की पहचान किशन चौहान व मन्नू मल्ल निवासी बेलवा बुजुर्ग थाना अहिरौली बाजार के रूप में हुई। पुलिस टीम दोपहर में गश्त पर थी। भगवानपुर में फैलहा धाम पुल के पास पुलिस का वाहन देख दो युवक भागने लगे। दौड़ाकर दोनों को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से पांच मोबाइल मिले। दोनों ने स्वीकारा कि ये चोरी के हैं। टीम में दारोगा राजेश कुमार, राहुल कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल मानिकचंद, कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार, अमित कुमार शामिल रहे।

# प्रेम संबंध में हुई थी नूरसलाम की हत्या

- युवती के पिता ने भाई व दोस्त संग मिलकर दिया घटना को अंजाम
- हत्या के बाद शव को पुआल से जलाया, ताकि न होने पाए शिनाख्त

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** कुबेरस्थान के सखवनिया बुजुर्ग के टोला बढ़या छापर निवासी 22 वर्षीय नूरसलाम की हत्या प्रेम-प्रसंग में हुई थी। उसका गांव के ही एक युवती से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। युवती के घर वालों के विरोध के बाद भी दोनों के बीच बातचीत होती रही। इससे खार खाए युवती के पिता ने भाई व दोस्त के साथ मिलकर नूरसलाम को मौत के घाट उतार दिया। तीनों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे का हथियार, दाव बरामद हुआ है।

एएसपी रितेश कुमार सिंह ने अपने कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि कसया के जिगना सरेह में बीते शुक्रवार को युवक का अधजला शव मिला था। धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या की गई थी। हत्यारों ने हत्या कर शव को जला दिया था, जिससे कि पहचान न होने पाए। शव की पहचान नूरसलाम के रूप में हुई, जो खाड़ी देश में नौकरी करता था। मामले में हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू की गई। वह एक सप्ताह पूर्व ही वह घर आया था। गुरुवार की रात स्वजन से एक निमंत्रण में जाने की बात कह कर वह निकला लेकिन वापस नहीं लौटा। स्वजन जब उसके मोबाइल पर संपर्क किए तो नंबर बंद मिला। उसके नंबर का सीडीआर निकालने पर पता चला कि घटना से पहले उसकी एक ही नंबर पर कई बार बात हुई थी। नंबर गांव ही एक युवती का निकला। युवती का पिता कलामुद्दीन फरार चल रहा था। सुबह साखोपार से उसे हिरासत में ले पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। बताया कि नूरसलाम व उसकी बेटी के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। विदेश से आने के बाद भी दोनों एक-दूसरे से बात करते थे। नूरसलाम को कई बार चेताया मगर उसमें सुधार नहीं हुआ। घटना वाले दिन की शाम को उसे बाइक से जाते देख उसकी हत्या का प्लान बनाया। भाई शमसुद्दीन तथा गांव के ही दोस्त सरफुद्दीन अंसारी संग रात के समय गांव के बाहर उसके आने का इंतजार करने लगा। देर रात जब वह घर लौट रहा था तो उसे रोका। बाइक रुकते ही मैंने उसे जमीन पर गिरा दिया। भाई व दोस्त उसे पकड़ लिए और मैंने दाब से गला रेत उसकी हत्या कर दी। शव को जिगना के सरेह में ले जाकर पुआल से जलाया और ठिकाने लगा दिया, ताकि शव की पहचान न हो सके। एएसपी ने बताया कि शमसुद्दीन व सरफुद्दीन को भी साखोपार बाजार से दोपहर में गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों की निशानदेही पर घटनास्थल से सटे गन्ने के खेत से हत्या में प्रयुक्त दाव भी बरामद हुआ है।



पकड़े गए हत्यारोपितों के बारे में जानकारी देते एएसपी रितेश कुमार सिंह● जागरण

# राजस्व टीम ने हटवाया अतिक्रमण

**जागरण संवाददाता, कोटवा बाजार:** जिलाधिकारी एस राजलिंगम के निर्देश पर सोमवार को एसडीएम सदर के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस टीम की ओर से नेबुआ नौरंगिया थाने के मड़ार बिंदवलिया गांव के भूड़ामड़ार टोला के एक भूखंड से अतिक्रमण हटवाया गया। वह भूखंड एक महिला को वर्ष 2005 में पट्टे पर आवंटित किया गया था, लेकिन कब्जा नहीं दिलाया जा रहा था। हियुवा के जिला प्रभारी डा. रामअधार राजभर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर इसकी शिकायत की तो प्रशासन हरकत में आया। अतिक्रमण हटवाकर पट्टाधारक को भूखंड पर कब्जा दिलाया गया।



मड़ार बिंदवलिया गांव में अतिक्रमण हटाता बुलडोजर ● जागरण

ग्रामवासी पारस की पत्नी बालकेशा को आवंटित पट्टे की भूमि पर गांव का ही एक व्यक्ति कब्जा किया हुआ था। पट्टाधारक की ओर से कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कब्जा नहीं दिलाया जा रहा था। हियुवा के जिला प्रभारी से महिला ने अपनी पीड़ा बताई तो वह शनिवार को मुख्यमंत्री के दरबार में पहुंच शिकायत दर्ज कराई। उसका संज्ञान लेकर मुख्यमंत्री ने अतिक्रमण हटवाने का आदेश दिया था। जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम सदर महात्मा सिंह, सीओ संदीप वर्मा, प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव राजस्व व पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच भूमि की पैमाइश कराई। बुलडोजर से अतिक्रमण हटवाकर पट्टाधारक को कब्जा दिलवाया।

# विधायक ने पीड़ित स्वजन को बंधाया ढांढस

**टेकुआटार :** रामकोला थाने के टेकुआटार गांव के बड़वा छापर में शुक्रवार की रात में करंट की चपेट में आने से हरखू राजभर की मृत्यु हो गई थी। जानकारी होने पर सोमवार की शाम विधायक पीएन पाठक उनके घर गए और स्वजन को ढांढस बंधाया। मृतक की मां, पत्नी व बच्चों के रोने से विधायक भी भावुक हो गए। उन्होंने हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। दूरभाष पर तहसीलदार कसया को सरकारी सहायता दिलाने को कहा। प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव, संतोष सिंह, अमरनाथ मद्धेशिया, मेहदी हसन, सेराज, रामजी गुप्ता, सुमित त्रिपाठी, विनोद तिवारी, शत्रुघन सिंह, ग्राम प्रधान राधेश्याम यादव, आदित्य त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता आदि मौजूद रहे। (जासं)

# एटीएम से चोरी में हरियाणा के बदमाशों पर टिकी नजर

**जागरण संवाददाता, तमकुहीराज:** एटीएम काटकर लाखों की चोरी में पुलिस की नजर अब हरियाणा की तरफ हो गई है। जांच में पांचवें दिन सोमवार को महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए। एटीएम स्थल व आसपास के क्षेत्रों में घटना वाली रात हरियाणा राज्य के हिसार के नंबरों के सक्रिय होने की बात सामने आई है। पूर्व में भी हरियाणा के बदमाशों की यहां सक्रियता उजागर हो चुकी है। इस आधार पर पुलिस इसे महत्वपूर्ण कड़ी मान रही। यही वजह है कि दो टीमें दोपहर बाद हिसार भेजी गईं।

चोरी की इस घटना के पर्दाफाश के लिए पुलिस अधिकारी मातहतों संग हर रोज घंटों होमवर्क कर रहे। आधा दर्जन से अधिक टीमें अपने अपने लक्ष्य पर काम कर रहीं हैं। पांचवें दिन सोमवार को घटनास्थल तथा आसपास के क्षेत्रों में हरियाणा प्रांत के हिसार शहर के नंबरों के सक्रिय होने की पुष्टि हुई। जनपद में पूर्व में हुई लूट, छिनैती व शराब तस्करी की घटनाओं में हरियाणा निवासी बदमाशों की संलिप्तता उजागर हुई है। यह देखते हुए पुलिस इन नंबरों की गहराई से छानबीन में लगी है। घटनास्थल के आसपास सक्रिय ये नंबर किनके हैं और इनका आपराधिक इतिहास है या नहीं, आदि की जांच तेज हो गई है। यही कारण है कि चिन्हित नंबरों के बारे में जानकारी करने के लिए निरीक्षकों के नेतृत्व दो टीमें दोपहर बाद हिसार के लिए रवाना की गईं।

## चोरों ने उड़ाए हैं 21.54 लाख

बैंक प्रबंधन ने सोमवार को चोरी गई रकम के बारे में जानकारी देते हुए स्पष्ट किया है कि 25 अक्टूबर को एटीएम में 28 लाख रुपये डाले गए थे। अगले दिन 26 अक्टूबर की आधी रात के बाद हुई घटना के समय एटीएम में 21 लाख 54 हजार रुपये नकद थे।

- घटनास्थल के आसपास हिसार के नंबरों की पाई गई सक्रियता
- सामने आए नंबरों की छानबीन के लिए दो टीमें हिसार रवाना
- घटना के समय एटीएम के कैशबाक्स में थे 21.54 लाख रुपये

पुलिस टीमें सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहीं हैं। उम्मीद है कि जल्द ही शातिरों की पहचान कर ली जाएगी और वे कानून की गिरफ्त में होंगे।

धवल जायसवाल, एसपी



## खंगाले जा रहे टोल प्लाजा के कैमरे

पुलिस का मानना है कि चोरी की इस घटना को अंजाम देने वाले बेहद शातिर हैं। वे बैंक तथा एटीएम सेवा प्रदाता कंपनी सीएमएस की कार्य-प्रणाली से भलीभांति परिचित हैं। घटना में चार पहिया वाहन का भी प्रयोग हुआ है। इस आधार पर पुलिस टीमें हेतिमपुर तथा सलेमगढ़ स्थित टोल प्लाजा पर लगे सीसी कैमरे खंगाल रही। टीम की नजर घटना वाली रात से अगले 24 घंटे तक गुजरे वाहनों पर है।

**यह और अन्य खबरें देखें–**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# कुदाल से प्रहार कर बुजुर्ग की हत्या

## दूध लेने जाते समय पट्टीदार ने दिया घटना को अंजाम, आरोपित गिरफ्तार

- मानसिक रूप से बीमार चल रहा है आरोपित
- मौके पर पहुंचे सीओ, बहू ने दर्ज कराया मुकदमा

**जासं, अहिरौली बाजार:** क्षेत्र के डुमरी गांव में सोमवार की सुबह साढ़े पांच बजे दूध लेने जा रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग के सिर पर कुदाल से प्रहार कर हत्या कर दी गई। हत्यारोपित पट्टीदार बताया जा रहा है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुदाल बरामद कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार वह मानसिक रूप से बीमार है। एक साल से घर पर अकेले रह रहा था। परिवार के अन्य सदस्य दिल्ली रहते हैं। मृतक की बहू की तहरीर पर हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस कार्रवाई में जुटी है।



वासुदेव● फाइल फोटो

70 वर्षीय वासुदेव शर्मा सुबह गांव में ही दूध लेने जा रहे थे। रास्ते में 65 वर्षीय मुरारी शर्मा ने आवाज देकर दरवाजे पर बुलाया। स्वजन के अनुसार हालचाल पूछा और बगल में रखी चारपाई पर बैठने को कहा। वासुदेव के बैठते ही मुरारी अंदर गया और हाथ में कुदाल लेकर लौटा। वासुदेव कुछ समझ पाते इससे पहले उसने उनके सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे वे जमीन पर गिर पड़े।



घटनास्थल पर जांच करते बाएं से दूसरे सीओ पीयूष कांत राय● जागरण

गिरने के बाद भी आरोपित उनके पेट पर कुदाल से कई प्रहार किए, जिससे मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। अचानक तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। कुछ ही समय में यह खबर पूरे गांव में फैल गई। मृतक के स्वजन घटनास्थल पर पहुंचे तो खून से लथपथ शव देख सन्न रह गए। एसएचओ पंकज कुमार गुप्त ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए। उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। सीओ कसया पीयूषकांत राय ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान आरोपित के बरामदे से खून से सनी कुदाल मिली। वहीं गांव के बाहर बगीचे में छिपे हत्यारोपित को भी पकड़ लिया गया। उसने स्वीकारा कि मैंने हत्या की है।

वासुदेव के पास काफी खेती योग्य भूमि है, इसलिए उससे जलन रखता था। गांव के लोगों ने बताया कि आरोपित एक वर्ष से घर पर अकेले रहता था। पत्नी की मृत्यु पहले ही हो चुकी है। वहीं बेटे-बहू और दूसरे सदस्य दिल्ली रहते हैं।

वासुदेव के तीन बेटों में दो की मृत्यु हो चुकी है। वे छोटे बेटे अशोक के साथ रहते थे। अशोक दिल्ली में नौकरी करते हैं। विधायक मोहन वर्मा ने पीड़ित के घर पहुंच ढांढस बंधाया। सीओ ने बताया कि हत्यारोपित मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा, दिल्ली से उसका उपचार चल रहा था। मृतक की बहू रीना की तहरीर पर हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# अब बुजुर्ग माता पिता को परेशान किया तो खैर नहीं

**सम्मउर बाजार** : अब बुजुर्ग माता-पिता को बेटे या बहू ने बेवजह परेशान किया तो पुलिस 15 मिनट में उनके पास पहुंचकर कार्रवाई करेगी। एसडीएम व सीओ बुजुर्गों का हालचाल लेंगे। पुलिस ने बुजुर्गों के लिए सेवा सबेरा योजना शुरू की है। पुलिस गांव-गांव वरिष्ठ नागरिकों की सूची तैयार कर रही है। तम्मकुहीराज क्षेत्र से करीब दो हजार से अधिक बुजुर्गों का नाम, गांव, जन्मतिथि व मोबाइल नंबर जुटाया जा रहा है। सीओ जितेंद्र सिंह कालरा ने बताया कि डीजीपी के निर्देश पर सूची तैयार कराई जा रही है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कुशीनगर।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तुर्कपट्टी पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी परवेज आलम निवासी छहूं थाना तुर्कपट्टी को नहर फाल चौराहे के पास से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

उसके खिलाफ थाने में रेप, अपहरण व पॉक्सो एक्ट आदि की धाराओं में केस दर्ज था। केस दर्ज होने के बाद से ही वह फरार था।

# लापता बालिका को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**गुरवलिया बाजार।** तुर्कपट्टी पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत चलाए जा रहे अभियान के दौरान छठ मेले में अपने परिजनों से बिछड़ने वाली तीन वर्षीय एक बच्ची को खोजकर पुलिस ने उसके परिजनों को सौंप दिया।

तुर्कपट्टी थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह कुबेरस्थान जाने वाले मार्ग पर नहर फाल के पास छठ घाट पर बरवा कला की महिलाएं अर्घ्य देने आई थीं।

भीड़ में अंकुर प्रसाद की तीन वर्षीय पुत्री अंशिका गायब हो गई। पुलिस को सूचना मिली तो बालिका को खोजकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। संवाद

# चोरी के मोबाइल के साथ दो युवक गिरफ्तार

**अहिरौली बाजार।** पुलिस ने सोमवार को चोरी के पांच मोबाइल फोन के साथ दो चोरों को न्यायालय भेज दिया है। बीते शनिवार को भगवानपुर बुजुर्ग में एक युवक का मोबाइल छीनकर भाग रहे दो युवकों को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया था। इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उसने पूछताछ किया तो अन्य मोबाइल फोन चोरी करने की बात स्वीकार की। मोबाइल बरामदगी के आधार पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# भोर चार बजे निरीक्षण पर निकले एसपी

**पडरौना।** जिले के छठ घाटों का निरीक्षण के लिए एसपी धवल जायसवाल सोमवार सुबह चार बजे ही पहुंच गए। कुशीनगर, हाटा, पडरौना कस्बा, सहित अन्य स्थान के घाटों का निरीक्षण किया। इसमें हाटा घाट की सजावट को देखकर एसपी ने प्रशंसा की।

सोमवार सुबह घाटों पर मेला लगा हुआ था। महिलाएं सूर्य भगवान को अर्घ्य देने बाद जल ग्रहण किया। पडरौना कस्बे के बावली चौक, सुराजी पोखरा, रामधाम पोखरा, कुशीनगर और हाटा सहित अन्य घाटों पर भीड़ लगी हुई थी। पर्व को लेकर सुरक्षा की दृष्टिकोण से महिला सुरक्षाकर्मी की ड्यूटी लगाई गई थी।

एसपी ने बताया कि भीड़भाड़ वाले स्थान पर सादे कपड़ों में पुलिस की तैनाती के साथ ड्रोन से भी निगरानी की गई। संवाद

# पुलिसकर्मियों ने लिया राष्ट्रीय एकता व अखंडता का संकल्प

- एकता के सूत्रधार व नवीन भारत के निर्माता थे पटेल : एसपी
- सभी थानों में भी मनाई गई सरदार पटेल की जयंती

जागरण संवाददाता, पडरौनाः लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती सोमवार को पुलिस लाइन में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर राष्ट्रीय एकता व अखंडता का संकल्प ले पुलिसकर्मियों ने इस संदेश को आमजन तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई।



पुलिस लाइन में राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाते एसपी धवल जायसवाल दाएं ● जागरण

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने पुलिसकर्मियों को संकल्प दिलाया कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा। एसपी ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत की एकता के सूत्रधार थे। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वे नवीन भारत के निर्माता थे। देश के विकास में उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा।

पुलिसकर्मियों ने एकता व अखंडता का संकल्प ले इसे जन-जन को अवगत कराने की प्रतिबद्धता जताई। उनके निर्देश पर सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय तथा थानों में भी लौह पुरुष की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई।

एएसपी रितेश कुमार सिंह, सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक रूपेश कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

**समउर बाजार।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव के एक युवक की बाइक चोरी के संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। युवक ने थाने में मुकदमा दर्ज न किए जाने की शिकायत पुलिस विभाग के अफसरों से की थी।

कालीपुर निवासी गामा यादव के मुताबिक उनकी बाइक फाजिलनगर कस्बे से 23 अक्तूबर को एक मेडिकल स्टोर के सामने से चोरी हो गई थी। उनका पुत्र संजय यादव बाइक लेकर फाजिलनगर गया था। बाइक मालिक गामा यादव ने बाइक चोरी के मामले में केस दर्ज करने के लिए फाजिलनगर पुलिस चौकी से लेकर थाने तक भाग दौड़ की, लेकिन पुलिस टरकाती रही। गमा ने एसपी सहित उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की, तब पुलिस ने रविवार रात अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया। संवाद

# नकदी सहित जेवरात चोरी का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**रामकोला।** थाना क्षेत्र के रामपुर बगहा ओझा टोला निवासी एक भाजपा नेता के घर से रविवार रात खड़ी लग्जरी गाड़ी में रखे नकदी सहित गहने चोरी हो गए। इसकी सूचना मिलते ही सीओ खड्डा संदीप कुमार वर्मा सहित रामकोला पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की।

रामकोला क्षेत्र के रामपुर बगहा ओझा निवासी मनोज ओझा ने रामकोला पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि रविवार रात छठ पूजा में शामिल होने के लिए उनके मित्र सुनील चंद्र अपनी

## थाना क्षेत्र के रामपुर बगहा ओझा टोला के रहने वाले भाजपा नेता के घर हुई चोरी

लग्जरी गाड़ी से उनके घर आए थे। गाड़ी को दरवाजे के सामने खड़ी कर दी। इसके बाद सभी लोग खाना खाने के बाद सो गए थे।

सोमवार सुबह देखा तो गाड़ी का शीशा तोड़कर उसमें रखी नकदी सहित जेवरात गायब थे। इस संबंध में सीओ खड्डा संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि गाड़ी की शीशा टूटा है। मामले की जांच की जा रही है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# कुदाल से प्रहार कर वृद्ध की हत्या, चचेरा भाई गिरफ्तार

## सुबह-सुबह हुई हत्या से पूरे इलाके में सनसनी, आरोपी भी बुजुर्ग है

संवाद न्यूज एजेंसी

**हाटा/अहिरौली बाजार।** सोमवार सुबह अहिरौली थाने के गांव डूमरी में 60 वर्षीय वृद्ध मुरारी ने 70 वर्षीय चचेरे भाई बासुदेव की कुदाल से काटकर हत्या कर दी। आरोपी ने घटना को अपने दरवाजे पर ही अंजाम दिया। घटना की सूचना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर लिया।



बासुदेव (फाइल फोटो)

अहिरौली थाने के डूमरी गांव में सोमवार की सुबह पूरा गांव छठ पर्व मना रहा था। गांव के मुरारी शर्मा अपने घर के पास आग जलाकर बैठे थे। तभी उनके चचेरे भाई बासुदेव पहुंचे। वह भी आग तापने लगे। कुछ देर की बातचीत के बाद अचानक मुरारी ने कुदाल उठाकर बासुदेव पर हमला कर दिया। उसने कुदाल से बासुदेव के सिर पर कई वार किया, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पर गांव के लोग जुट गए। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी मुरारी को तत्काल पकड़ लिया। कानूनी औपचारिकता के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी पाकर क्षेत्रीय विधायक मोहन वर्मा भी पीड़ित के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मिलकर इसकी जानकारी ली।

इस संबंध में अहिरौली बाजार थाने के एसओ पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि मृतक की बहू रीना देवी की तहरीर पर आरोपी मुरारी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।



परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे हाटा विधायक मोहन वर्मा। संवाद

## लोहे की रॉड से वृद्ध महिला पर प्रहार, घायल

**पडरौना।** सदर कोतवाली के एक गांव में पुराने विवाद में मारपीट हो गई। इसमें लोहे की रॉड से हमले में वृद्ध महिला घायल हो गई। परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बेटे की तहरीर पर केस दर्ज करके पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर कटनवार निवासी छट्टू चौहान ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि पुराने विवाद को लेकर पड़ोस के एक ही घर के तीन लोगों ने उसकी मां तपिया देवी (62) पर रॉड से हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप में घायल हो गई। उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इस संबंध में कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-11-2022

# नशे की हालत में मचाया उत्पात

नौतनवा। नौतनवा कस्बे के हमीद नगर वार्ड में छठ घाट पर रविवार की रात एक व्यक्ति कथित रूप से नशे की हालत में पहुंच गया। वहां जमकर उत्पात मचाया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में दिख रहा है कि एक व्यक्ति हाथ में डंडा लिए खुद को ड्यूटी पर होने की बात कहकर लोगों से अपशब्दों का प्रयोग कर रहा है। बातचीत में उक्त व्यक्ति के रेलवे से संबंधित कर्मचारी होने की बात कही जा रही है। प्रभारी निरीक्षक सुनील राय का कहना है कि इस तरह की कोई भी बात सामने नहीं आई है।

# शांति-सुरक्षा के लिए मुस्तैद रही पुलिस

महराजगंज, निज संवाददाता। सूर्य उपासना का चार दिवसीय पर्व छठ का सोमवार को समापन हो गया। पर्व पर शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन बेहद चौकन्ना रहा। छठ घाटों पर पुलिस कर्मी मुस्तैद रहे। उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती महिलाएं वापस घर लौटीं। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने राहत का सांस लिया। कड़ी सुरक्षा व चौकसी के चलते जिले में कहीं भी विवाद की नौबत नहीं बन पाई। शांतपूर्ण माहौल में सकुशल ढंग से पर्व सम्पन्न हो गया।

- डीएम व एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा
- छठ घाट पर सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में तैनात थे पुलिसकर्मी

जिले में सात सौ घाट पर छठ पर्व धूमधाम से मनाया गया। सभी नगर निकायों में छठ घाट की स्वच्छता कराकर उसे सजाया गया था। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मी तैनात किए गए थे। नगर के बलिया नाला छठ घाट, उद्योग केन्द्र के सामने के छठ घाट समेत अन्य सभी छठ घाटों पर कोतवाली पुलिस तैनात रही। कोतवाल रवि कुमार राय सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। सादे वर्दी में पुलिस कर्मी घाट पर मौजूद रह कर स्थिति की निगरानी कर ररहे थे। डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ भी छठ घाटों का दौरा कर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मातहतों को दिशा निर्देश दिया।

जिले में संवेदनशील श्यामदेउरवा थानाक्षेत्र के परसा खुर्द, बुधिरामपुर व पचरूखिया में शांति के माहौल में छठ का पर्व सम्पन्न हुआ। परसा खुर्द में भोर में ही एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा व एडिशनल एसपी आतिश कुमार सिंह छठ घाट पर पहुंच सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सीओ सदर अजय सिंह चौहान, श्यामदेउरवा थाना के प्रभारी निरीक्षक आनंद गुप्ता भी मौजूद रहे। परसा खुर्द में चार थानाध्यक्ष, सात इंस्पेक्टर, 36 एसआई, 178 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल, 28 महिला आरक्षी, ट्रैफिक पुलिस के दो कर्मी, एक फायर टेंडर, एक सेक्शन पीएसी मौजूद रही। इसके अलावा प्रशासन के तरफ से मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई थी। एसडीएम सदर मो. जसीम, तहसीलदार, एलआईयू इंस्पेक्टर, अग्निशमन अधिकारी वीरसेन सिंह व शिक्षा विभाग के कई बीईओ भी तैनात किए गए थे।

# छह थानेदार, नए को मिली जिम्मेदारी

**जागरण संवाददाता, महराजगंज**: कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने 15 निरीक्षकों, उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। इस दौरान छह निरीक्षकों व उप निरीक्षकों की थानेदारी छिन कर नये को थाने की कमान सौंपी गई है।

निचलौल थाना क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह को श्यामदेउरवा प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। श्यामदेउरवा थाना के प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता को निचलौल का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

नौतनवा के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय को एसओजी प्रभारी, फरेंदा थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा को प्रभारी सर्विलांस सेल, बरगदवा के थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रहास मिश्रा को प्रभारी जनसुनवाई, एसओजी प्रभारी स्वतंत्र कुमार सिंह को पनियरा थानाध्यक्ष, सिसवा बाजार चौकी प्रभारी नीरज राय को थानाध्यक्ष घुघली, थानाध्यक्ष घुघली देवेंद्र कुमार सिंह को आइजीआरएस सेल, परसामलिक थानाध्यक्ष अजीत कुमार को मानीटरिंग सेल, मानीटरिंग सेल के अमरेंद्र कन्नौजिया को थानाध्यक्ष परसामलिक, स्वाट टीम प्रभारी उमेश कुमार को थानाध्यक्ष पुरंदरपुर, की जिम्मेदारी मिली।जबकि पुरंदरपुर के थानाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार राय को थानाध्यक्ष फरेंदा, बृजमनगंज में तैनात उप निरीक्षक पुरुषोत्तम राव को थानाध्यक्ष बरगदवा, महिला थानाध्यक्ष रंजना मिश्रा को थाना कोतवाली, चौकी प्रभारी कलेक्ट्रेट कंचन राय को महिला थाने की कमान सौंपी गई है।

# स्टेट टीम के निरीक्षण में मिले बाहरी दवा दुकानों के पर्चे

**जासं, महराजगंज :** केंद्रीय टीम के आने से पहले स्टेट टीम ने सोमवार को भी जिला अस्पताल की व्यवस्था देखी। इस दौरान ओपीडी में बाहर के प्राइवेट पैथालाजी और दवा दुकानों का पर्चे मिला, जिस पर टीम ने इस अव्यवस्था को सुधारने का निर्देश दिया।

डा. रेशमा मसूद, डा. रईश अहमद और अरुण श्रीवास्तव ने सोमवार को ओपीडी, स्टोर, सफाई और शौचालय की व्यवस्था देखी। इस दौरान डाक्टरों की ओपीडी में प्राइवेट पैथालाजी व दवा दुकानों के कार्ड और पर्चे मिले हैं। इसी प्रकार ओपीडी में आने वाले रोगियों का रजिस्टर भी अपडेट नहीं था, जिस पर टीम ने इसे ठीक कराने का निर्देश दिया और कार्ड व पर्चो को हटवाया।

## जिले में नहीं मिला एक भी कोरोना संक्रमित

**महराजगंज :** जिले में सोमवार को एक भी कोरोना संक्रमित नहीं मिला है। उधर कोरोना से बचाव के लिए 1030 लोगों की जांच की गई है। नोडल अधिकारी डा. आइए अंसारी ने बताया कि जिले में कुल संक्रमितों की संख्या 15671 है। इसमें 15525 रोगियों ने कोरोना से जंग जीत ली है। अब तक 146 की मृत्यु हो चुकी है। वर्तमान में सक्रिय रोगियों की संख्या शून्य है। उन्होंने बताया कि एंटीजन से 515 लोगों की जांच की गई। आरटीपीसीआर जांच के लिए 515 लोगों के नमूने भेजे गए हैं।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**जासं, नौतनवा** : नौतनवा क्षेत्र के रतनपुर स्थित विश्वभरनाथ जनता इंटर कालेज में सोमवार को सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर शिक्षकों सहित छात्र-छात्राओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश के लिए किए गए उनके योगदान को याद किया। इसके साथ ही एकता दौड़ एवं राष्ट्रीय एकता के लिए शपथ का भी आयोजन की गई। प्रधानाचार्य प्रभात कुमार पांडेय, बीओपी भगवानपुर इंचार्ज समरजीत सिंह, करुणेश त्रिपाठी, प्रभाकर मिश्र, राजू प्रसाद, मनोज, आलोक रंजन त्रिपाठी, लाल जी यादव, रबीश दुबे मौजूद रहे ।

# सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में व्यापारी नेता पर केस दर्ज

## विद्युत निगम के खिलाफ मोर्चा खोलना महंगा पड़ा, लो वोल्टेज का उठाया था मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** राजीव नगर मोहल्ले के रहने वाले व्यापारी नेता पशुपति नाथ गुप्त को विद्युत निगम के खिलाफ मोर्चा खोलना महंगा पड़ गया।

कुछ दिन पहले उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से सिंदुरिया में लो वोल्टेज की समस्या को लेकर मामला उठाया था, अब उन पर विद्युत निगम अधिकारियों ने सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत अन्य आरोप लगाकर सिंदुरिया थाने में केस दर्ज कराया है। विद्युत निगम की कार्रवाई की व्यापारियों ने तीखी आलोचना की।

जानकारी के अनुसार अधीक्षण अभियंता वाईपी सिंह की तहरीर पर व्यापारी नेता पशुपतिनाथ गुप्ता के खिलाफ सिंदुरिया थाने में केस दर्ज हुआ है।

### व्यापारी नेता बोले-संघर्ष करने से पीछे नहीं हटेंगे

तहरीर में आरोप है कि पशुपतिनाथ गुप्ता निवासी राजीव नगर, नगर पालिका महराजगंज द्वारा समाचार पत्रों में गलत तथ्यों की जानकारी देकर गलत प्रचार कराया जा रहा है। कुछ दिन पहले व्यापारी नेता पशुपतिनाथ के घर पर मैकेनिकल मीटर को बदलकर इलेक्ट्रॉनिक मीटर लगाया गया। जिससे वह आक्रोशित हो गए।

21 अक्तूबर को सिंदुरिया में जांच के दौरान इनके द्वारा समूह बनाकर विद्युत निगम के कार्य में बाधा डालने की नीयत से जान-बूझकर वाद विवाद किया गया, उस दौरान विजिलेंस टीम भी मौजूद थी।

आरोप है कि उनके द्वारा फोन करके कार्यालय पर आकर तोड़फोड़ करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने की भी धमकी दी गई। थाना प्रभारी सिंदुरिया नासिर हुसैन ने बताया कि आरोपी व्यापारी नेता पशुपतिनाथ गुप्त निवासी राजीव नगर के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

उधर, आरोपों के जवाब में व्यापारी नेता पशुपतिनाथ गुप्त ने बताया कि अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करता रहूंगा।

बेवजह के आरोप लगाकर मेरी छवि को खराब करने की कोशिश की जा रही है। विद्युत निगम के अधिकारी जानबुझकर उत्पीड़न कर रहे हैं।

# भारत में बिना पास फर्राटा भर रहे नेपाली वाहन

**भैरहवां।** नेपाल में भारतीय वाहनों के मालिकों की जरा सी चूक उन्हें परेशानी में डाल देती है। वहीं भारत में बिना कस्टम शुल्क दिए दौड़ रहे नेपाली वाहनों को कोई पूछता तक नहीं।

जानकारी के अनुसार भारतीय वाहनों को नेपाल में प्रवेश के लिए भंसार व सुविधा प्रपत्र बनवाना अनिवार्य है। उसी तरह नेपाली वाहनों को भारत में प्रवेश करने के लिए कस्टम विभाग द्वारा अनुमति लेने का भी प्राविधान है।

भारत में प्रवेश के लिए नेपाली वाहनों को एक पास जारी होता है, लेकिन सोनौली बॉर्डर पर नियमों के विपरीत बिना पास के ही प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में नेपाली मोटरसाइकिल व कार भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं और मनचाहे जगहों पर फर्राटा भर रहे हैं। सोनौली सीमा पर तैनात कस्टम कर्मी भी नियम विपरीत वाहनों के प्रवेश पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-11-2022

# मुर्गी के दाने का सप्लायर बताकर ठग लिये 20 हजार

**बस्ती ।** कोतवाली पुलिस कोलिखित तहरीर देते हुए पीड़ित संतोष कुमार सिंह पुत्र छेदी सिंह निवासी माली टोला गांधीनगर ने बताया कि उसके मोबाइल पर डा. शिव दीक्षित उर्फ बैंकिज नाम के व्यक्ति ने फोन कर खुद का मुर्गी के बच्चे व दानों का सप्लायर बताया और दाने की बुकिंग के लिए धोखाधड़ी कर अपने खाते में 20 हजार रूपये स्थानान्तरित करा लिया। मामले में पुलिस ने आरोपी डा. शिव दीक्षित उर्फ बैंकिज के विरूद्ध धारा 420 आईपीसी व 66 डी आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सेवानिवृत्त होने वाले 4 पुलिस अधिकारी कर्मचारी को दी गयी विदाई

**बस्ती** । जनपद बस्ती सेचार पुलिस अधीकारी/कर्मचारीगण अपनी सम्पूर्ण सेवा काल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए । इस अवसर पर पुलिस लाइन्स सभागार में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए अधिकारी/कर्मचारीगण हेतु विदाई समारोह आयोजित किया गया । पुलिस लाइन बस्ती के सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी द्वारा पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों/कर्मचारियों को घड़ी व प्रशस्ति पत्र उपहार स्वरुप प्रदान कर विदा किया गया एवं उनके अग्रिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी । सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस अधिकारीकर्मचारियों में उप निरीक्षक सतीश कुमार मिश्र (थाना पैकोलिया) , उपनिरीक्षक हरनाम सिंह यादव (थाना दुबौलिया ), उप निरीक्षक हृदेश प्रसाद यादव (थाना हरैया), का.भाष्कर प्रसाद (थाना गौर) शामिल रहे।

# शिक्षक से शिक्षाधिकारी बने करूणाकान्त

**बस्ती** । कामयाबी के लिए विकल्प नहीं संकल्प की जरूरत होती है। इस बात को चरितार्थ करने वाले मूल रूप से वाल्टरगंज जिला बस्ती निवासी एवं एएसएचएसएंड जीआरएस इंटर कलेज बस्ती में कार्यरत प्रशिक्षित ातक अयापक (विज्ञान) श्री करुणा कांत ने अपनी शिष्टता से विशिष्टता हासिल करते हुए एक शिक्षक से शिक्षा अधिकारी बनने का जो सफर तय किया है वास्तव में प्रेरणादायक है। करूणा कांत ने इंटरमीडिएट तक की शिक्षा देशराज नारंग दयानंद इंटर कलेज वाल्टरगंज बस्ती से बीएससी (भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित) आचार्य नरे न्द्र देव पीजी कालेज बभनान गोंडा से, बीएड किसान पीजी कलेज बहराइच से और एमएससी (रसायन विज्ञान) की उपाधि लखनऊविश्वविद्यालय से प्राप्त किया।

# वांछित मोबाइल चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**वाल्टरगंज ।** लोगो से मोबाइल छिनैती के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को वाल्टरगंज पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर कार्यवाही के लिए अदालत में पेश किया है। जानकारी के अनुसार मोबाइल छिनैती के मामले में वाल्टरगंज थाने पर वांछित चल रहे अभियुक्त विनोद चौधरी पुत्र सतीश चौधरी निवासी पिपरी थाना पुरानी बस्ती को मुखबिर की सूचना पर वाल्टरगंज पुलिस ने सोमवार को मनौरी चौहारा के पास से गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि बीते 23 सितम्बर को ब्लाक रोड स्थित बाइक सवार तीन लोग एक व्यक्ति का मोबाइल छीन कर फरार हो गये थे। आरोपियों के विरूद्ध वाल्टरगंज थाने में धारा 392, 44 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत हुआ था, जिसके बाद दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गये थे और एक की तलाश थी। इस सम्बन्ध में आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लेते हुए अग्रिम कार्यवाही हेतु संबंधित न्यायालय में पेश किया गया।

# पेय जल योजना पाइप के विवाद में मारपीट

**बस्ती ।** पानी सप्लाई के लिए लगाये गये पाइप के विवाद में कुछ लोगो ने एक व्यक्ति व उसके भाई को गालियां देते हुए मारा पीटा व जानमाल की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के कबरा गांव में प्रधान मंत्री पेज जल योजन के तहत लगाये गये पाइप के विवाद में जनार्दन तथा उसके परिवार वालो द्वारा हरिशंकर तथा भाई सूरजनाथ को गालयां देते हुए मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित हरिशंकर पुत्र रामराज निवासी कबरा थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी जनार्दन पुत्र रमाकर, हरिहर पुत्र लालसा, श्याम जी पुत्र हरिहर, लवकुश पुत्र रमाकर निवासीगण कबरा थाना मुण्डेरवा के वरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बहला फुसला कर किशोरी को भगाया दो पर केस

**बस्ती ।** शादी का झांसा देकर किशोरी को एक युवक अपने साथी के साथ मिलकर भगा ले गया। मामले में किशोरी के पिता की शिकायत पर पुलिस ने दोनो आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर रंजीत अपने दोस्ट दीपक राठौर के लिए मिलकर बहला फुसला कर कहीं भगा ले गया। मामले में पुलिस ने आरोपी रंजीत, दीपक राठौर के विरूद्ध धारा 363, 366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# खेत में भैंस घुस जाने पर महिला से छेड़खानी व पिटाई, केस

**बस्ती ।** लालगंज थाना क्षेत्र के टेढ़िया, कुदरहा गांव की रहने वाली निशा की भैंस घास चरते हुए मनोज कुमार के खेत में चली गयी। जिसे मनोज कुमार तथा उसके परिवार वालो द्वारा निशा तथा उसकी बहन अनीता को गालियां देते हुए मारा पीटा तथा अश्लील हरकत किया। मामले में पीड़िता निशा पुत्री राजाराम पत्नी अशोक कुमार निवासिनी टेढिया कुदरहा थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मनोज कुमार, विनोद कुमार, अशोक कुमार पुत्रगण सुन्दर, रमावती पत्नी सुन्दर, चन्द्रा पुत्री सुन्दर निवासीगण टेढिया कुदरहा थाना लालगंज के विरूद्ध केस दर्ज किया है।

# फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी को लेकर पुलिस से किया शिकायत

**छावनी।** कस्बा निवासी अंकुर सोनी पुत्र अनिल सोनी सहित आधा दर्जन लोगो ने सोमवार को थाने पर दिए शिकायत पत्र में शोसल मीडिया पर महिलाओ के विरूद्ध किए जा रहे अभद्र टिप्पणी पर आपत्ति जताई है। लोगो का कहना है कि संतोष सोनी विश्वनाथ सोनी की फेसबुक आईडी से लगातार महिलाओ के लिए भद्दे एवं फूहड शब्दो का प्रयोग कर पोस्ट डाला जा रहा है। विवाद धीरे-धीरे बढता जा रहा है जिससे लोग आपस में गाली गलौज कर रहे है। लोगो ने पुलिस से कार्रवाई की मांग किया है। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि मामले की जांच पडताल की जा रही है। दोषियो के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रास्ते में रोककर महिला से छेड़खानी, केस

**बस्ती ।** लालगंज थाने की पुलिस को तहरीर देकर एक महिला ने आरोप लगाया कि घर आते समय सरस्वती विद्या मन्दिर चौबाह के पास आरोपी गंगा यादव अश्लील बाते करने लगा। जिसका विरोध करने पर जबरदस्ती उसका हाथ पकड़ कर छेड़खानी किया। मामले में पुलिस ने आरोपी गंगा यादव पुत्र रामअचल निवासी रोवा गोवा थाना लालगंज के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# पुराने विवाद को लेकर घर में घुसकर मारपीट, चार पर केस

**बस्ती ।** पूर्व में हुए विवाद की बात कोलेकर कुछ लोगों ने एक व्यक्ति के घर में गालियां देते हुए घुस गये तथा पूरे परिवार को मारपीट कर जख्मी कर दिया व जानमाल की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों पर मुकदमा पंजीकृत किया है। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के बन्धुवा गांव में पूर्व में हुए विवाद की बात को लेकर देवेन्द्र उपाध्याय के घर संजय, रंजय, राज, विवेक लाठी डण्डा से लैस एकराय होकर आये और गालियां देते हुए घर में तोड़फोड़ करने लगे। जिसका विरोध करने पर भाई रविन्द्र उपाध्याय की पिटाई कर जख्मी कर दिया गया। यह देख बीच बचाव में आयी भाई की पत्नी अनीता, भतीजा नितेश व बेटा आशुतोष की भी पिटाई की गयी। मामले में पीड़ित देवेन्द्र उपाध्याय पुत्र चन्द्रिका प्रसाद निवासी बन्धुवा थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस नेआरोपी संजय, रंजय पुत्रगण सुभाष चन्द्र, राज पुत्र संजय, विवेक पुत्र चन्द्रशेखर उपाध्याय निवासीगण बन्धुवा थाना वाल्टरगंज के विरूद्ध धारा 323, 504, 506, 427, 452, 308 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# वांछित महिला गिरफ्तार

**छावनी।** काफी दिनों से फरार चल रही वांछित महिला लोनियापार निवासी सिताबा देवी उर्फ कितावा देवी पत्नी राम अवतार को चतुर्भुजी मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि महिला पप्पू यादव हत्या कांड में आरोपी थी। उपनिरीक्षक नंदलाल सरोज, कांसटेबल सुरेन्द्र कुमार, संदीप यादव तथा महिला कांसटेबल रागिनी अवस्थी द्वारा उसे गिरफ्तार किया गया।

# मार्ग दुर्घटना में घायल अधेड़ की मौत एफआईआर

**बस्ती ।** आटो तथा बोलेरो की आमने सामने भिड़न्त में आटो में सवार एक व्यक्ति गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। जिसकी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में मृतक के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने दोनो चालको के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा क्षेत्र के बघाड़ी निवासी उदय भान शुक्ल आटो संख्या यूपी 51 बीटी/ 2715 में बैठ करजा रहे थे। आटो अभी लालगंज थानाक्षेत्र के नरौली गांव के पास पहुंचा ही था कि विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो संख्या यूपी 51 एएन/ 3854 से जोरदार भिड़न्त हो गयी। जिससे आटो में बैठके उदयभान शुक्ला गम्भीर रूप से जख्मी हो गये और अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। मामले में मृतक के बेटे आर्यन शुक्ल निवासी बघाडी थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर लालगंज पुलिस ने आटो तथा बोलोरो के अज्ञात चालक के विरूद्ध धारा 279, 304ए आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# घर का पता बताने पर युवक की पिटाई एससी एसटी

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के बड़ेरिया गांव निवासी राजन सिंह के घर का पता बताने पर सुनील कुमार को राजन सिंह तथा आर्यन सिंह ने जाति सूचक गालियां देते हुए सुनील को मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित सुनील कुमार पुत्र गिरधारी प्रसाद निवासीगण बड़ेरिया बुजुर्ग थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राजन सिंह पुत्र अमर सिंह, आर्यन सिंह निवासीगण बड़ेरिया बुजुर्ग थाना पुरानी बस्ती के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# बुकिंग के नाम पर 20 हजार का फ्राड

**बस्ती।** कोतवाली में तहरीर देकर गांधीनगर माली टोला निवासी संतोष कुमार सिंह ने बताया है कि उनके मोबाइल पर एक फोन आया। फोन करने वाले ने अपने आप को मुर्गी के बच्चे व बच्चों के दानों का सप्लायर व डॉक्टर बताया। धोखाधड़ी कर बीस हजार रुपया अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया। पुलिस ने डॉ. शिव दीक्षित उर्फ बैकिज पता अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# धोखे से खाते में ट्रांसफर कराए पांच लाख

**बस्ती।** गौर थाने में तहरीर देकर आमा टिनिच निवासी दिनेश ने आरोप लगाया है कि जमीन का बैनामा करने के नाम पर विपक्षियों ने जालसाजी करके पांच लाख रुपया खाते में चेक के माध्यम से ट्रांसफर करा लिया। बैनामा करने से मना कर दिया व पैसा वापस मांगने पर अपशब्द कहे व जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने आमा टिनिच निवासी अनीता अग्रहरि व अमित अग्रहरि के खिलाफ केस दर्ज

# गैर इरादतन हत्या की आरोपित महिला गिरफ्तार

**छावनी।** थाना पुलिस ने काफी दिनों से फरार महिला अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पाण्डेय ने बताया कि अमोढ़ा के चतुर्भुजी मंदिर के पास से लोनियापार निवासी सिताबा देवी उर्फ किताबा देवी पत्नी राम अवतार को गिरफ्तार किया गया। इस महिला पर लोनियापार गांव में हुई मारपीट का आरोप है। मारपीट में पप्पू यादव की मौत हो गई थी। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया था।

# आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर विवाद

छावनी। छावनी कस्बे में महिलाओं पर सोशल मीडिया में अभद्र पोस्ट को लेकर विवाद हो रहा है। पिछले कई माह से कस्बे की महिलाओं व पुरुषों पर आपत्तिजनक पोस्ट फेसबुक व व्हाट्सएप्प पर किए जा रहे हैं। छावनी कस्बा निवासी अंकुर सोनी के साथ छह अन्य लोग सोमवार को थाने पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर शिकायत की। आरोप लगाया कि प्रतिदिन फेसबुक पर देर रात संतोष सोनी, विश्वनाथ नाम से बनी फेसबुक आईडी से आपत्तिजनक पोस्ट किए जा रहे हैं। महिलाओं के लिए भद्दे व फूहड़ शब्दों का प्रयोग किए जाने से बवाल की नौबत आ रही है। थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय का कहना है कि कस्बे के एक युवक से पूछताछ कर की जा रही है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल की बाउंड्रीवाल बनाने पहुंचे मजदूरों की पिटाई

**घघौवा,हिसं।** विक्रमजोत विकास खंड क्षेत्र के रानीगांव ग्राम पंचायत स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय की बाउंड्रीवाल निर्माण को लेकर चल रहा विवाद रविवार की सुबह मारपीट में बदल गया।

पूर्व प्रधान सीताशरण दुबे के शिकायत पर रोक दिया गया था। विक्रमजोत के खंड विकास अधिकारी मजिस्ट्रेट सुधांशु नायक ने विद्यालय के बाउंड्री वाल निर्माण के लिए काफी प्रयास किया। तहसील की राजस्व टीम ने पैमाइश किया। जब मजदूर काम करने पहुंचे तो पूर्व प्रधान व उनके लड़कों ने मजदूरों मारपीट कर भगा दिया। मजदूर हनुमान शरण पुत्र रामप्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया। सोमवार को सीओ हर्रैया के निर्देश पर पूर्व प्रधान व पूर्व कोटेदार के खिलाफ एससी एसटी एक्ट सहित मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। मजदूर की तहरीर पर सीता शरण पुत्र बैजनाथ व पुत्रगण कृष्णधर, शेषधर व हरीश उर्फ कोट साहब के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

# दो सदस्यीय टीम करेगी मारपीट की जांच

- अधिशासी अभियंता मीटर व दो अन्य अधिकारी कमेटी में शामिल
- एसडीओ अमहट कार्यालय में कर्मियों के बीच हुई थी मारपीट

बस्ती, निज संवाददाता। विद्युत वितरण उपखंड अमहट के कार्यालय में बिजली कर्मियों के बीच हुई मारपीट के घटना की जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। मुख्य अभियंता के निर्देश पर अधीक्षण अभियंता एसके आर्या ने अधिशासी अभियंता विद्युत परीक्षण घनेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया है, इसमें उपखंड अधिकारी प्रथम नगरीय क्षेत्र राम इकबाल को सदस्य नामित किया गया है।

विद्युत उपकेंद्र अमहट पर तैनात टीजी-टू गजेंद्र श्रीवास्तव व विद्युत वितरण उपखंड अमहट के कार्यालय में तैनात कार्यकारी सहायक विजय कुमार के बीच 14 अक्टूबर 2022 को किसी कार्य को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि टीजी-टू ने कार्यालय पहुंचकर विजय कुमार से मारपीट की। घटना के बाद विभाग के लिपिक लामबंद हो गए और उन्होंने टीजी-टू के खिलाफ कार्रवाई के लिए मोर्चा खोल दिया। मामला मुख्य अभियंता तक पहुंचने पर उन्होंने अधीक्षण अभियंता को जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

इस मामले में कोतवाली पुलिस भी मुकदमा दर्ज कर विवेचना कर रही है। एसडीओ राम इकबाल का कहना है कि जल्द ही जांच कर रिपोर्ट प्रेषित कर दी जाएगी।

## काम न होने पर टीजी-टू ने किया था विवाद

विवाद के पीछे बताया जा रहा है कि टीजी–टू ने एक करीबी के कनेक्शन में कुछ सुधार के लिए लिपिक के पास आवेदन किया था। लिपिक का कहना था कि तकनीकि कारण से काम नहीं हो पा रहा था, जबकि टीजी–टू की ओर से इसे लापरवाही बताई जा रही थी। जानकारों का कहना है कि उपभोक्ताओं का काम कराने का जिम्मा अक्सर कर्मी ले लेते हैं। इसके एवज में वह उपभोक्ता से सुविधा शुल्क वसूलते हैं। जिससे आसानी से उनका काम हो जाता है।

# अपराध रोकने में चौकीदार हैं अहम

छावनी। थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पाण्डेय ने रामरेखा मंदिर पर चौकीदारों से संवाद किया। चौकीदारों ने थानाध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि चौकीदार अपराध पर नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। चौकीदारों से परिचय लेकर थानेदार ने उनकी समस्यायों को सुना। चौकीदारों को उनके कर्तव्य व दायित्वों को बताया। गांव की समस्याओं को थाना तक नियमित रूप से पहुंचाया जाय। थानाध्यक्ष ने पुलिस टीम के साथ त्योहारों को सकुशल सम्पन्न करने के लिए चौकीदारों की सराहना किया। इस दौरान थाना क्षेत्र के चौकीदार उपस्थित रहे।

# मोबाइल छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाने के ककरहिया निवासी राम नेवास गिरी ने 27 सितंबर को तहरीर दिया था कि उनका पुत्र विनय शंकर गिरी 23 सितंबर को सल्टौआ ब्लॉक रोड मोड़ पर शाम करीब साढ़े सात बजे बाइक खड़ी करके मोबाइल पर बात कर रहा था। तभी पीछे से बाइक पर सवार मोबाइल छीनकर भाग गए।

थानेदार योगेश सिंह ने बताया कि इस घटना में शामिल दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। उनके पास से छीनी गई मोबाइल बरामद की जा चुकी थी। उन्हीं के जरिए तीसरे आरोपी विनोद चौधरी निवासी पिपरी थाना पुरानी बस्ती की पहचान हुई थी।

# आठ माह की गर्भवती मिली कोविड पॉजिटिव

बस्ती। सल्टौआ ब्लॉक के कनेथू बुजुर्ग की 25 वर्षीय महिला कोरोना पॉजिटिव मिली है। वह आठ माह की गर्भवती है। 29 अक्टूबर को जांच कराने के लिए जिला महिला अस्पताल आई थी। यहां पर उसकी एंटीजन जांच हुई थी। उसे होम क्वारंटीन किया गया है। जिले में लगभग 25 दिन बाद कोविड का कोई नया केस सामने आया है। अब तक कोविड पॉजिटिव की कुल संख्या 13449 हो चुकी है। परिजनों का कहना है कि महिला की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। इसी के साथ महिला को कोविड का टीका भी लग चुका है।

# रन फॉर यूनिटी में पुलिस कर्मियों ने लगाई दौड़



पुलिस लाइन से सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित रन फार यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एसपी आशीष श्रीवास्तव।

**बस्ती।** सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस को पुलिस लाइन में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने इस मौके पर अधिकारी व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इसके बाद रन फार यूनिटी का आयोजन किया गया।

रन फार यूनिटी कार्यक्रम (दौड़ कार्यक्रम) में पुलिस कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। इसमें ग्रुप 1/ए में सोनहा थाने के आरक्षी अभिषेक कुमार यादव व 1/बी में कलवारी थाने की पूजा सिंह को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 15-15 सौ रुपये पुरस्कार दिया गया। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 2/ए- ग्रुप के आरक्षी राम गोविन्द बिंद रिज़र्व पुलिस लाइन्स व 2/बी खुशबू थाना सोनहा को रुपये एक-एक हजार रुपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 3/ए ग्रुप के आरक्षी छविराम यादव थाना सोनहा व 3/बी सुमन पाण्डेय महिला थाना को पांच-पांच सौ रुपये नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सीओ सदर आलोक प्रसाद, आरआई व अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## बुकिंग के नाम पर 20 हजार की धोखाधड़ी

**बस्ती:** कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधीनगर माली टोला निवासी संतोष कुमार सिंह की तहरीर पर पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध धोखाधड़ी व आइटी एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उनके मोबाइल पर एक फोन आया। फोन करने वाले ने अपने आप को मुर्गी के बच्चे व बच्चों के दानों का सप्लायर व डाक्टर बताया। उसने धोखाधड़ी कर 20 हजार रुपया अपने खाते में मंगवा लिया। बाद में मंगाया गया सामान भी नहीं भेजा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर डा. शिव दीक्षित उर्फ बैंकिज पता अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज की है।

## घर का पता बताने की बात को लेकर मारपीट

**बस्ती:** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के बड़ेरिया बुजुर्ग गांव निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके द्वारा राजन सिंह के घर का पता बताने की बात को लेकर विपक्षियों ने जातिसूचक शब्द व अपशब्द कहा। विरोध करने पर मारा पीटा और जानमाल की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर राजन सिंह और आर्यन सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मोबाइल छिनैती में वांछित गिरफ्तार

**जासं, बस्ती:** वाल्टरगंज पुलिस ने मोबाइल छिनैती के मामले में वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश कुमार सिंह और उनकी टीम ने थाने पर दर्ज मोबाइल छिनैती के मुकदमें में वांछित विनोद चौधरी निवासी पिपरी थाना पुरानी बस्ती को गिरफ्तार किया है। 23 सितंबर की शाम 7.30 बजे ब्लाक रोड पर एक कोचिंग सेंटर पर बाइक सवार तीन युवक एक व्यक्ति की मोबाइल छीनकर भाग गए थे। तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।

# मारपीट के आरोपित गिरफ्तार

**मुंडेरवा, बस्ती :** रविवार को मुंडेरवा थाना क्षेत्र के कबरा गांव में हर घर जल योजना की पाइपलाइन बिछाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गया था। गांव के हरिशंकर पुत्र राम्मराज को आरोपितों ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया था। घायल ने मुंडेरवा थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक परमाशंकर यादव ने बताया कि मारपीट के आरोपित हरिहर प्रसाद, जनार्दन और श्याम्मजी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। (जासं)

# धोखाधड़ी कर खाते में ट्रांसफर कराया पांच लाख

**बस्तीः** गौर थाना क्षेत्र के आमा टिनिच निवासी दिनेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि जमीन का बैनामा करने के नाम पर विपक्षियों ने जालसाजी करके उनसे पांच लाख रुपया खाते में चेक के माध्यम से ट्रांसफर करा लिया। इसके बाद बैनामा करने से मना कर दिया। रकम वापस मांगने पर अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने आमा टिनिच निवासी अनीता अग्रहरि और अमित अग्रहरि के खिलाफ धोखाधड़ी, रकम हड़पने व जानमाल की धमकी देने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

# अश्लील बातें करने का आरोप, मुकदमा

**बानपुर, बस्ती :** लालगंज थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 23 अक्टूबर की सुबह वह घर से कहीं जा रही थी। रास्ते में एक व्यक्ति ने उसे रोककर अश्लील बातें की। जबरदस्ती उसका हाथ पकड़ लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित गंगा यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# मारने पीटने व अश्लील हरकत करने का आरोप

**बानपुर :** लालगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि विपिक्षयों ने खेत में भैंस घुस जाने की बात को लेकर उन्हें अपशब्द कहा। मना करने पर उन्हें व उनकी बहन को मारापीटा और अश्लील हरकत की। (जासं)

# धोखाधड़ी कर खाते में ट्रांसफर कराया पांच लाख

**वस्तीः** गौर थाना क्षेत्र के आमा टिनिच्च निवासी दिनेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि जमीन का बैनामा करने के नाम पर विपक्षियों ने जालसाजी करके उनसे पांच लाख रुपया खाते में चेक के माध्यम से ट्रांसफर करा लिया। इसके बाद बैनामा करने से मना कर दिया। रकम वापस मांगने पर अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने आमा टिनिच्च निवासी अनीता अग्रहरि और अमित अग्रहरि के खिलाफ धोखाधड़ी, रकम हड़पने व जानमाल की धमकी देने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

# डीएम व एसपी ने किया पैदल भ्रमण

**जासं, बस्ती:** लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जयंती पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव के साथ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा पुलिस के जवानों ने बस्ती शहर में पैदल भ्रमण किया। लोगों से संवाद कर उनमें सुरक्षा का एहसास दिलाया।

गुरू गोविंद सिंह चौक कंपनी बाग से राजकीय इंटर कालेज तक अधिकारियों ने सोमवार की शाम को पैदल मार्च किया। इस दौरान अधिकारियों ने आमजन से संवाद भी किया। इस मौके पर एडीएम कमलेश चंद्र वाजपेयी, अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शशांक शेखर राय, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पांडेय,थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती प्रदीप कुमार सिंह, एसपी के पीआरओ नरायन लाल श्रीवास्तव के अलावा सभी चौकी प्रभारी व पुलिस के जवान मौजूद रहे।



राष्ट्रीय एकता अखंडता दिवस पर गांधीनगर में संवाद स्थापित करती डीएम प्रियंका निरंजन,एसपी आशीष श्रीवास्तव व अन्य ●जागरण

**यह और अन्य खबरें देखें–**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

********

# वांछित आरोपित महिला गिरफ्तार

**छावनी :** पुलिस ने अमोढ़ा के चतुर्भुजी मंदिर के पास से गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित चल रही लोनियापार निवासी सिताबा देवी उर्फ किताबा देवी पत्नी रामअवतार को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि लोनियापार गांव में हुई मारपीट में पप्पू यादव की मौत हो गई थी। गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपित महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में एसआइ नंदलाल सरोज, आरक्षी सुरेंद्र कुमार, संदीप यादव, महिला आरक्षी रागिनी अवस्थी शामिल रहीं।

# महिलाओं के खिलाफ पोस्ट से नाराजगी

**जासं,छावनी, बस्ती:** इंटरनेट मीडिया पर महिलाओं के खिलाफ पोस्ट को लेकर छावनी पुलिस से शिकायत की गई है। पिछले कई माह से कस्बे की महिलाओं व पुरुषों पर लगातार आपत्तिजनक पोस्ट फेसबुक व वाट्सएप पर किए जा रहे हैं, जिससे लोग नाराज हैं।

छावनी कस्बा निवासी अंकुर सोनी के साथ कुछ लोग सोमवार को छावनी थाने पर पहुंचे। उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर पुलिस से शिकायत की। आरोप लगाया कि प्रतिदिन फेसबुक पर आपत्तिजनक व भद्दे पोस्ट किए जा रहे हैं। पोस्ट में महिलाओं के लिए भद्दे व फूहड़ शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। छावनी पुलिस कस्बे के दो युवकों से पूछताछ कर रही है।

# मंडलायुक्त कार्यालय पर श्रमिकों का धरना

**जागरण संवाददाता,बस्ती:** बस्ती चीनी मिल बचाओ संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले श्रमिकों ने सोमवार को मंडलायुक्त कार्यालय पर धरना दिया। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र मंडलायुक्त गोविन्द राजू एनएस को सौंपा।

अध्यक्षता करते इंटक नेता रमेश सिंह ने आरोप लगाया कि बस्ती चीनी मिल को घोटाला करके बंद कर दिया गया। किसानों, मजदूरों का बकाया तक प्रशासन नही दिला पा रहा है,जिसके लिए संघर्ष करने की बाध्यता आ पड़ी है। मजदूर नेता श्याम मनोहर जायसवाल ने कहाकि चीनी मिल बंद कर किसानों,नौजवानों के साथ मिल मालिक व सरकार ने धोखा किया है। यहां के किसान मिल पर आश्रित थे,उनको एक साजिश के तहत आर्थिक रुप से कमजोर कर दिया गया। श्रमिक के परिवार पाई -पाई को मोहताज है फिर भी कोई सुनवाई नही हो रही है। परमात्मा श्रीवास्तव,कृष्ण कुमार मिश्र,दीपक शुक्ल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

**खूंटे से बंधा भैंसा चोरी, गायघाट,बस्ती:** कलवारी थाना क्षेत्र के चढ़ौवा गांव से रविवार की रात एक भैंसा चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव के रानू ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह चढ़ौवा गांव में रहते है। वहीं भैंसे को खूंटे में बांधे थे। 30 अक्टूबर की रात में जब नींद खुली तो देखा खूटे में भैंसा नहीं बंधा था।

# एसपी ने पुलिस कर्मियों को दिलाई शपथ

**बस्ती:** सरदार पटेल की जयंती पुलिस लाइन में मनाई गई। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलाई। एसपी ने कहा कि गरीब व असहाय लोगों के प्रति उदारता एवं सहानुभूति के साथ उनका आदर सत्कार करें।

वर्दी की गरिमा को बरकरार रखना हम सबका कर्तव्य है। अपने कर्तव्य को हमें सर्वोपरि रखना चाहिए। इस अवसर पर एसपी ने हरी झंडी दिखाकर रन फार यूनिटी कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले आरक्षी अभिषेक कुमार यादव व महिला आरक्षी पूजा सिंह थाना कलवारी को 1,500 रुपये का पुरस्कार दियागया। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले आरक्षी राम गोविन्द बिंद पुलिस लाइन व महिला आरक्षी खुशबू थाना सोनहा को रुपये 1,000 रुपये का पुरस्कार दिया गया। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले आरक्षी छविराम यादव थाना सोनहा व महिला आरक्षी सुमन पांडेय थाना महिला थाना को नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य मौजूद रहे। एमएलसी सुभाष यदुवंश ने सरदार पटेल की जयंती पर पटेल चौकी स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने के लिए घोषित किया था। सरदार पटेल ने रियासतों को मिलाकर अखंड भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाई थी। देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए वास्तविक और संभावित खतरों का सामना करने के लिए राष्ट्र की ताकत की फिर से पुष्टि करने का अवसर प्रदान करेगा।

# मोबाइल छीनने का वांछित आरोपी गिरफ्तार

बस्ती। एक महीने पहले वाल्टरगंज थाने के सल्टौआ ब्लॉक रोड मोड़ से मोबाइल छीनकर भागने वाले वांछित आरोपी विनोद चौधरी को पुलिस ने सोमवार को मनौरी चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

वाल्टरगंज थाने के ककरहिया निवासी राम नेवास गिरी ने 27 सितंबर को तहरीर दी थी कि उनका पुत्र विनय शंकर गिरी 23 सितंबर को सल्टौआ ब्लॉक रोड मोड़ पर शाम करीब साढ़े सात बजे बाइक खड़ी करके मोबाइल पर बात कर रहा था। पीछे से तीन लोग बाइक पर सवार होकर पहुंचे और उसकी मोबाइल छीनकर भाग गए। संवाद

## पोखरे में कूदकर बचाई बालिका की जान

रुधौली नगर पंचायत के बुद्धि बाजार स्थित पोखरे पर छठ पूजा चल रही थी। भारी संख्या में व्रती महिलाओं के अलावा उनके परिवार के लोग जुटे हुए थे। इसी बीच एक करीब 14-15 वर्ष की किशोरी अचानक बेहोश होकर पानी में गिरकर डूबने लगी। यह देख मौजूद लोग सन्न रह गए। घटना देख वहां मौजूद एसएचओ रुधौली राम कृष्ण मिश्र ने बिना देर किए पोखरे में छलांग लगा दी। डूब रही किशोरी को कंधे पर लादकर पानी से बाहर निकाले। एसएचओ की तत्परता की लोग सराहना करते नहीं थक रहे।

# अभद्रता :आपत्तिजनक पोस्ट के कारण छावनी में विवाद

**छावनी (बस्ती)।** कस्बे में महिलाओं पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर विवाद हो रहा है। पिछले कई माह से कस्बे के महिलाओं व पुरुषों पर आपत्तिजनक पोस्ट फेसबुक व व्हाट्सएप पर लगातार किया जा रहा है। कस्बे के लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। छावनी कस्बा निवासी अंकुर सोनी के साथ छह अन्य लोगों ने सोमवार को थाने पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर शिकायत की। प्रतिदिन फेसबुक पर देर रात संतोष सोनी, विश्वनाथ की फेसबुक आईडी से लगातार आपत्तिजनक व भद्दे पोस्ट किए जा रहे हैं। महिलाओं के लिए भद्दे व फूहड़ शब्दों का प्रयोग कर पोस्ट किया जा रहा है। जिसे लेकर बवाल की नौबत आ रही है। लोग पोस्ट पढ़ने के बाद आपस में अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। संवाद

# पुलिस लाइन में भी मनाई गई सरदार पटेल जयंती

**बस्ती।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पुलिस लाइन में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर समस्त अधिकारी/ कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

एसपी ने सभी को सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन चरित्र व उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि हमें स्वच्छता को अपने जीवन में अपनाना होगा जो घर, आंगन तक ही सीमित न रहकर हमारे मन व कर्म में भी हो। गरीब व असहाय लोगों के प्रति उदारता एवं सहानुभूति के साथ उनका आदर सत्कार करें।

ईश्वर नें हम सबको यह अवसर दिया है कि हम ऐसे सभी लोगों की सेवा कर सकें, यह वर्दी हम सबकी शान है और इसकी गरिमा को बरकरार रखना हम सबका प्रथम कर्तव्य है। एसपी ने कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्व का सपना तभी पूर्ण होगा जब हम सब शांति, अहिंसा, सत्य, समानता, महिलाओं के प्रति सम्मान आदि जैसे आदर्शों पर चलेंगे। संवाद

# टू-फिंगर जांच करने वाला कदाचार का दोषी

## सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक, कहा-यह दोबारा शोषण, पीड़िता की गरिमा पर है कुठाराघात

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म के मामलों में 'टू-फिंगर टेस्ट' के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। चेतावनी दी कि इस तरह की जांच करने वाले व्यक्तियों को आपराधिक कदाचार का दोषी ठहराया जाएगा। शीर्ष अदालत ने कहा, यह पीड़िता को दोबारा से पीड़ित करता है। उसका दोबारा से शोषण होता है।

जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ व जस्टिस हिमा कोहली की पीठ ने सोमवार को कहा, यह परीक्षण पीड़िता की गरिमा पर कुठाराघात है और उसकी निजता का उल्लंघन है। दुखद है कि यह जारी है। पीठ ने कहा कि यह परीक्षण इस गलत धारणा पर आधारित है कि एक यौन सक्रिय महिला का दुष्कर्म नहीं किया जा सकता है। पीठ ने मौजूदा मामले में झारखंड हाईकोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के दोषसिद्धि के फैसले को पलट दिया था। दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने 2013 में लिलु राजेश वर्सेज हरियाणा राज्य मामले में भी टू-फिंगर टेस्ट को असांविधानिक करार दिया था। कोर्ट ने इसे दुष्कर्म पीड़िता की निजता व उसके सम्मान का हनन करने वाला बताया था। कोर्ट ने कहा था कि टू-फिंगर शारीरिक व मानसिक चोट पहुंचाने वाला टेस्ट है। 2014 में इसे लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिशानिर्देश जारी किए थे। इसके बावजूद भी ऐसी खबरें आती रहीं कि दुष्कर्म पीड़िताओं के साथ इस तरह के टेस्ट किए जा रहे हैं। इसलिए 2019 में इस संबंध में दोबारा कोर्ट में शिकायत हुई।

### सोच पितृसत्तात्मक व स्त्री विरोधी

पीठ ने कहा, महिला की गवाही उसके यौन इतिहास पर निर्भर नहीं है। यह कहना कि महिला का दुष्कर्म इसलिए हुआ क्योंकि वह यौन रूप से सक्रिय थी, केवल पितृसत्तात्मक और स्त्री विरोधी सोच है।

### यह है टू फिंगर टेस्ट

टेस्ट में स्वास्थ्यकर्मी पीड़िता के निजी अंग में दो अंगुली डालकर जांच करते हैं। अंगुलियां आसानी से चली जाएं तो माना जाता है कि वह यौन रूप से सक्रिय थी। हालांकि, इससे यह पता लगा पाना मुश्किल होता है कि दुष्कर्म हुआ है या नहीं।



### मेडिकल पाठ्यक्रम से भी हटाया जाए

पीठ ने केंद्र के साथ राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग की ओर से टू-फिंगर टेस्ट पर रोक को लेकर तैयार दिशानिर्देश को सभी सरकारी और निजी अस्पतालों तक पहुंचाया जाए।

पीठ ने स्वास्थ्यकर्मियों को वर्कशॉप के जरिये पीड़िता की जांच करने वाले अन्य टेस्ट की ट्रेनिंग देने भी कहा। साथ ही, मेडिकल पाठ्यक्रम की समीक्षा करने को कहा है ताकि इसे हटाया जा सके और भावी डॉक्टर इस जांच की सलाह न दें।

## बुकिंग के नाम पर बीस हजार का फ्राड

**बस्ती।** कोतवाली में तहरीर देकर गांधीनगर माली टोला निवासी संतोष कुमार सिंह ने बताया है कि उनके मोबाइल पर एक फोन आया। आरोप है कि फोन करने वाले ने अपने आप को मुर्गी के बच्चे व बच्चों के दानों का सप्लायर व डॉक्टर बताया। धोखाधड़ी कर बीस हजार रुपये अपने खाते में डलवा लिया। बाद में सामान भी नहीं भेजा। पुलिस ने डॉ. शिव दीक्षित उर्फ बैकिज पता अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

## घर का पता बताने को लेकर मारपीट

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थाने के बड़ेरिया बुजुर्ग निवासी सुनील कुमार का आरोप है कि उनके स्तर से राजन सिंह के घर का पता बताने की बात को लेकर विपक्षियों ने जातिसूचक व अपशब्द कहा। मना करने पर मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। थाने में राजन सिंह और आर्यन सिंह के खिलाफ केस दर्ज जांच सीओ सदर को सौंपी गई है। संवाद

## टाइल्स तोड़ने से मना करने पर मारपीट

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाने में तहरीर देकर बंधुवा निवासी देवेन्द्र उपाध्याय ने आरोप लगाया है कि गांव के पूर्व में हुए विवाद को लेकर गांव के चार लोगों ने घर में घुसकर धमकाया। टाइल्स तोड़ने पर मना किया तो भाई रविन्द्र उपाध्याय को मारापीटा, जिससे वे बेहोश हो गए। उनके भाई की पत्नी समेत तीन को मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने संजय, रंजय, राज व विवेक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-11-2022

# व्यापारियों की समस्याओं का करें निस्तारण

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में डीएम संजीव रंजन की अध्यक्षता में हुई। इसमें डीएम ने व्यापारियों के हित में लागू योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं को सुन अफसरों को लंबित समस्याओं के निस्तारण का निर्देश दिया। व्यापारियों ने शोहरतगढ़ से गोरखपुर तक रोडवेज बस चलाने की भी मांग की।

डीएम ने अधिकारियों को व्यापारियों की लंबित समस्याओं के निस्तारण का निर्देश दिया। उपायुक्त उद्योग दयाशंकर सरोज ने बताया कि रोजगार सृजन योजना के लिए शासन से प्राप्त लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है। डीएम ने व्यापारियों से कहा कि ऋण से संबधित आवेदन कर बैंकों को उपलब्ध करा दें, व्यापारियों ने शोहरतगढ़ से गोरखपुर तक बस सेवा शुरू कराने समेत सड़क के किनारे के जर्जर बिजली पोल बदलने व खुनुवां के पटरी से सटे हाईटेंशन तार को हटवाने की मांग की।



जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में डीएम संजीव रंजन की अध्यक्षता में हुई।

# पुलिसकर्मियों को दी गई विदाई

सिद्धार्थनगर। पुलिस लाइंस सभागार में सोमवार को सात पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। एसपी अमित कुमार आनंद ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों से अनुभवों के बारे में चर्चा की। भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बेझिझक सम्पर्क करने की बात कही। राकेश सिंह, बाबूलाल, हरिओम यादव, रामप्रीत, शिवशंकर सिंह, जगप्रसाद मिश्र, ओम प्रकाश द्विवेदी को विदाई दी।

# पाक्सो एक्ट का आरोपित गिरफ्तार

बढ़या : कठेला पुलिस ने सोमवार को पाक्सो एक्ट के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि औरहवा के टोला बड़ुइया निवासी सज्जन चौहान के विरुद्ध दुष्कर्म एवं पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज था। निरीक्षक अपराध सूरजनाथ व टीम ने आज कठेला कोठी चौराहे के पास से उसे गिरफ्तार किया है। (जासं)



कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ ● जागरण



मिश्रौलिया थाना के बढ़हरा घाट पर सुरक्षा व्यवस्था लगी पुलिस टीम ● जागरण



जमुआर घाट पर आयोजित कार्यक्रम में झांकी प्रस्तुत करते कलाकार ● जागरण

# पुलिसकर्मियों ने निकाली बाइक रैली

जासं, सिद्धार्थनगर : लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 147वीं जयंती के रन फार यूनिटी के अंतर्गत यूपी 112 के जवानों ने शहर में बाइक रैली निकाली। रैली को एसपी अमित कुमार आनन्द ने पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# जयंती पर याद किए गए वल्लभ भाई पटेल

## विद्यालयों एवं थानों में आयोजित किए गए कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकता की दिलाई गई शपथ

**जागरण संवाददाता, इटवा, सिद्धार्थनगर** : तहसील क्षेत्र में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। विद्यालयों एवं थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। सरदार पटेल के जीवन-आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की शपथ दिलाई गई।

कम्पोजिट विद्यालय अमौना में सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। आदर्शों पर चलने के साथ राष्ट्रीय एकता के लिए सभी को संकल्प दिलाया गया। प्रधानाध्यापक मोहम्मद इमरान ने कहा कि राष्ट्रीय हित में इनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इटवा, त्रिलोकपुर, मिश्रौलिया थाने में जयंती कार्यक्रम आयोजित हुआ। इटवा थाने में प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी व मिश्रौलिया थाने में थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह के नेतृत्व में जयंती कार्यक्रम मनाया गया। बिस्कोहर प्रतिनिधि के अनुसार त्रिलोकपुर में थाना प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एकता का संदेश देने के साथ देश की एकता की शपथ दिलाई। उपनिरीक्षक शशि प्रकाश सिंह, प्रमोद कुमार, राम प्रताप सिंह, शिवदास गौतम आदि उपस्थित रहे। बिस्कोहर कस्बे में हुए जयंती कार्यक्रम में विकास सिंह, सोनू सिंह, कालिया बाबा, पंकज सिंह, नौशाद शाह, बुधई गुप्ता मौजूद रहे।



त्रिलोकपुर थाने पर राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ दिलाते थाना प्रभारी ● जागरण

**देश की एकता के लिए बुजुर्ग, युवा और बच्चों ने लगाई दौड़**: सिद्धार्थनगर : लौहपुरुष व देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर सोमवार को रन फार यूनिटी का आयोजन हुआ। सांसद, अधिकारी, कर्मचारी, राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी के साथ बुजुर्ग, युवा और बच्चों ने सड़क पर दौड़ लगाई। राष्ट्रीय एकता और अखंडता बनाए रखने में सहभागिता की शपथ ली। स्टेडियम से शुरू दौड़, अशोक मार्ग, हाइडिल तिराहा, आजाद नगर, सिविल लाइन, खजुरिया रोड, विकास भवन, कलेक्ट्रेट होते हुए वापस लौटी। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल को लौहपुरुष के नाम से जाना जाता है। आजादी के बाद जब देश में कई रियासत थी तो उन्हें देश में मिलाने का काम किया था। उन्होंने देश की एकता और अखंडता को कायम रखने का सपना देखा था। सीडीओ जयेंद्र कुमार ने कहा कि युवा वर्ग को सरदार बल्लभ भाई पटेल से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके बताए आदर्श पर चलने का संकल्प लें। संचालन जिला क्रीड़ाधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री ने किया। एसडीएम सदर प्रदीप कुमार यादव, तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन आदि मौजूद रहे।

रन फार यूनिटी के तहत पुलिसकर्मियों ने पांच किमी की दौड़ लगाई। इसकी शुरुआत पुलिस लाइन से हुई। यह सनई- पकड़ी मार्ग पर जाकर समाप्त हुई। इसमें एसपी अमित कुमार आनन्द, एएसपी सिद्धार्थ, सीओ सदर अखिलेश कुमार वर्मा ने भी हिस्सा लिया। दौड़ में क्रमशः प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले आरक्षी योगेन्द्र कुमार यादव, वरूण चौहान तथा आशुतोष यादव को एसपी ने पुरस्कार व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

### विधायक ने शिक्षकों को किया सम्मानित

शोहरतगढ़, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के सुभाष सभागार में सरदार वल्लभभाई पटेल के जयंती पर विधायक विनय वर्मा ने शिक्षकों को सम्मानित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक ने कहा कि बिना गुरु के मनुष्य सफल नहीं हो सकता है। इसके पूर्व उन्होंने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान महामंत्री विपुल सिंह, खंड कार्यवाहक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अभय सिंह, प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र मिश्रा आदि रहे।

**यह और अन्य खबरें देखें**

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html



जय किसान इंटर कॉलेज सकतपुर सनई में आयोजित हुई दौड़। संवाद

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-11-2022

# युवती की हुई संदिग्ध मौत की घटना में प्रधान पुत्र नामजद

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के बच्छईपुर गांव निवासी 21 वर्षीय युवती द्वारा रविवार की दोपहर में घर में फांसी लगाकर की गई आत्महत्या की घटना में धनघटा पुलिस ने युवती के कथित प्रेमी युवक के बगल के गांव तेजपुर के प्रधानपुत्र के विरूद्ध सोमवार को मुकदमा दर्ज कर नामजद प्रधानपुत्र की तलाश शुरू कर दी है।

**धनघटा थाना क्षेत्र के बछईपुर गांव निवासी 21 वर्षीय युवती ने रविवार को अपने घर फांसी का फंदा लगाकर दे दी थी जान**

पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया मृतका की मां की तहरीर पर पूरी की है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के बच्छईपुर गांव निवासी निर्मला देवी पत्नी स्व. रघुनाथ ने बताया है कि वह गरीब पिछड़े जाति की विधवा महिला है। बगल के गांव तेजपुर निवासी प्रधानपुत्र संजय पुत्र राजेन्द्र उसकी 21 वर्षीय बेटी रीता कुमारी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और बेटी को लगातार शादी करने का भरोसा देता रहा जिसके बारे में उसे तनिक भी जानकारी नहीं हो सकी। इस बीच बेटी ने उक्त संजय पुत्र राजेन्द्र के उपर शादी करने के लिए दवाव बनाया तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया जिससे क्षुब्ध होकर रविवार की दोपहर करीब एक बजे उसकी बेटी रीता कुमारी ने घर के कमरे की छत की कुण्डी में फांसी का फंदा गले में डालकर अपनी जान दे दी। तहरीर में बताया कि जब खेत से एक बजे दोपहर में घर पहुंची तो कमरे का दरवाजा भीतर से बंद था। दरवाजे को तोड़ने पर देखा तो उसकी बेटी रीता कुमारी छत की कुण्डी से बंधे फांसी के फंदे से मृत हाल में झूल रही है। पुलिस ने मृतका की मां निर्मला देवी की तहरीर पर तेजपुर गांव निवासी आरोपी संजय कुमार पुत्र राजेन्द्र के खिलाफ आईपीसी की धारा 306 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि जल्द ही नामजद आरोपी को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# गैर इरादतन हत्या के अभियुक्त को पांच वर्ष की सजा

**संतकबीरनगर** । पुलिस की प्रभावी कार्रवाई एवं सम्यक पैरवी से गैर इरादतन हत्या के आरोपी को 05 वर्ष के सश्रम कारावास व 14 हजार ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित करने का आदेश अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम ने दिया है। यह मामला महुली थाना क्षेत्र के ग्राम नाथनगर का है। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा जघन्य अपराधों पर कठोरता से नियंत्रण लगाने एवं अभियुक्तों को अधिकाधिक दंडित कराने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर अभियोगों को चिन्हित कराते हुए मानीटरिंग सेल को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में मानीटरिंग सेल की प्रभावी कार्रवाई एवं सम्यक पैरवी के फलस्वरूप अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1 द्वारा 'थाना महुली' पर पंजीकृत मु0अ0सं0 33/2005 धारा 147/148/149/323/325/ 308/504/ 506/ 452 भादवि के मामले में हरिश्चन्द्र पुत्र स्व0 छब्बू निवासी नाथनगर थाना महुली को अंतर्गत धारा 147/148/149/ 323/325/ 308/504/ 506/ 452 भादवि के अपराध में दोषसिद्ध पाते हुए 05 वर्ष के कठोर कारावास व 14 हजार ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया तथा अर्थदण्ड न अदा करने पर अभियुक्त को 06 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई। विदित हो कि उक्त अभियुक्त द्वारा वादी मुकदमा सहन पर जबरन कब्जा करने एंव घारी व चरनी गिराने से मना करने पर लाठी-डण्डा से भद्दी-भद्दी गालियों देते हुए मारने-पीटने तथा जान से मारने की धमकी दी गयी थी। जिस पर वादी द्वारा थाना महुली पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था जिसकी विवेचना उ0नि0 रामकेवल प्रसाद द्वारा संपादित की गयी थी।

# जल निकासी को लेकर विवाद

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के कटहा-भिटहा गांव में जलनिकासी को लेकर चल रहे विवाद में गांव के दो वर्गो के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

इस सम्बन्ध में एक पक्ष ने रविवार को पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र देकर विपक्षी दलितों के उपर लगातार गाली और फर्जी तौर पर एससी-एसटी के मुकदमें में फंसाने की धमकी देने का आरोपा लगाया है। पुलिस को दिए गए प्रार्थनापत्र में थाना क्षेत्र के कटहा-भिटहा गांव निवासी मोहम्मद युनूस पुत्र मुराद अली ने बताया है कि उसके घर का पानी सड़क के किनारे निर्मित नाली से होकर दूर स्थित गड्ढे में काफी अरसे पूर्व से गिरता है। इस बीच गांव निवासी विपक्षी श्रीराम पुत्र श्यामलाल, शिवचन्द पुत्र संतू आदि लोग गोलबंद होकर शनिवार को उसके घर का पानी बन्द करके उसे गाली और मारने-पीटने की धमकी देने लगे। इतना ही नहीं उक्त विपक्षियों द्वारा पूर्व की तरह नाली से होकर घर का पानी गड्ढे में गिराने पर फर्जी तौर पर एससी-एसटी के मुकदमें में फंसाने की धमकी भी दी जा रही है जिससे उसका पूरा परिवार काफी भयभीत है। प्रार्थनापत्र में पीड़ित ने पुलिस से पूर्व की तरह घर का पानी निकलने की व्यवस्था कराने के साथ ही अकारण गाली और धमकी देने वाले विपक्षियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी- निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि प्रार्थनापत्र की जांच की जा रही है। जांच के बाद जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

**एक पक्ष ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर दलितों पर लगाया गाली और फर्जी तौर पर एससी-एसटी के मुकदमें में फंसाने की धमकी देने का आरोप**

# अनियंत्रित ट्रैक्टर डिवाइडर से टकरा पलटा

**मगहर (एसएनबी)**। खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के मगहर चौकी अंतर्गत मगहर कस्बे में रविवार की देर रात्रि तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। इस दुर्घटना के दौरान किसी राहगीर के न रहने से एक बड़ी घटना घटित होने से बच गई। पलटी ट्रैक्टर ट्राली को राहगीरों की मदद से खड़ा कर किनारे किया गया। नगर में निरंकुश ट्रैक्टर चालक मिट्टी लदी ट्राली को भीड़ भाड़ वाले इलाके में बेखौफ फर्राटा के साथ दौड़ा रहे है। जिससे कभी भी बड़ी घटना होने का कारण बन सकता है। नगर के आस-पास के ग्रामीण में अवैध मिट्टी खनन का कारोबारी तेजी से फल फूल रहा है। जिसे ट्रैक्टर ट्राली से लादकर ढोया जा रहा है। इस मिट्टी की ढुलाई में चालकों में अधिक चक्कर लगाने की होड़ मची रहती है। ताकि अधिक से अधिक चक्कर बना कर तेजी से कार्य सम्पादित किया जा सके। ट्रैक्टर को चलाने के काम में अप्रशीक्षित चालक भी शामिल हैं।जो कस्बे की सड़कों पर तेजी के साथ बेखौफ वाहन दौड़ा रहे है।रविवार की देर तेज रफ्तार से आ रही ट्रैक्टर ट्राली के चालक ने शेरपुर चौराहे के निकट अनियंत्रित हो कर चालक सड़क में बने गड्ढे को बचाने के प्रयास में डिवाइडर से टकरा गया। जिसे ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। इस घटना से चौराहे पर अफरा तफरी मच गई। गनीमत रही कि घटना के दौरान चौराहे पर सन्नाटा रहा। जिससे एक बड़ी घटना होते होते बच गई।

# चोरी की मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

**बखिरा।** बखिरा पुलिस ने सोमवार को चोरी की दो अदद मोबाइल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल/न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के अनुसार बेलहर थाना क्षेत्र के महुआ निवासी शम्स तबरेज पुत्र शौकत अली ने बखिरा थाने में दी गई तहरीर में कहा कि 29/30 अक्टूबर की रात को नंदौर स्थित उसकी मोबाइल की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर मोबाईल व फुटकर पैसे उठा ले गये।मामले में मुकदमा दर्ज करके पुलिस अज्ञात आरोपी की तलाश में जुट गई थी।सोमवार को एसआई संजय कुमार यादव ने हमराही कां. अब्दुल हलीम के साथ मुखबिर की सूचना पर अंशू गौड़ पुत्र रमाकान्त साकिन नंदौर थाना बखिरा को गिरफ्तार करके उसकी निशानदेही पर चोरी की 02 अदद एंड्रायड मोबाइल बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 380, 457 व 411 भादवि के तहत केस दर्ज करके जेल/न्यायालय भेज दिया।

# पुलिसकर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

**संतकबीरनगर ।** जिले में तैनात उप निरीक्षक राधिका प्रसाद पाण्डेय, कैलाश यादव एवं सरफराज अहमद खां तथा हे.कां. हरिनारायण यादव अपनी-अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए। सोमवार को पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में भव्य विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुआ। क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्रीमती दीपांशी राठौर ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को अंग वस्त्र देकर व माल्यार्पण कर सम्मानित और प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर उनके सुखमय जीवन व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा, सुबेदार मेजर अजय कुमार सिंह, एचसीपी योगेश द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण व सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के परिजन मौजूद रहे।

# उधारी मांगने को लेकर मारपीट, तीन घायल

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी एक व्यक्ति को दी गई नकदी पांच हजार की उधारी की रकम मांगना सोमवार की सुबह मंहगा पड़ गया। उधारी की नकदी मांगने पर नाराज होकर मनबढ़ व्यक्ति ने उल्टे हमला कर दिया और मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घटना के सम्बन्ध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी दिव्यांश सिंह पुत्र राजेश सिंह ने बताया कि गांव निवासी रामफूल चौरसिया पुत्र बलिराम चौरसिया तीन दिन पूर्व जरूरी कार्य की दुहाई देते हुए उससे उधारी के तौर पर पांच हजार रूपए की मांग की थी जिसे उसने दे दिया।

**धनघटा थाना क्षेत्र के चकिया गांव की है घटना**

उक्त रामफूल चौरसिया दो दिन के भीतर उक्त उधारी की नकदी पांच हजार वापस करने का वादा भी किया था। दो दिन के भीतर उधारी की रकम वापस न करने पर सोमवार की सुबह करीब 9 बजे वह रामफूल चौरसिया से उक्त उधारी की रकम वापस करने को कहा तो वह आक्रोशित होकर उसे भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए उधारी की नकदी वापस करने से इनकार कर दिया। गाली देने पर जब वह एतराज जताया तो उक्त रामफूल चौरसिया ने उसके उपर हमला कर दिया। शोर सुनकर गांव निवासी दीपू सिंह और अंकित सिंह दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे तो उक्त रामफूल चौरसिया ने उसके साथ ही दीपू सिंह और अंकित सिंह को भी जानमाल की धमकी देते हुए लाठी-डण्डे से मारपीट कर घायल कर दिया।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर हमलावर रामफूल चौरसिया के खिलाफ आईपीसी की धारा 406, 323, 504,427,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि जल्द ही नामजद आरोपी को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# पुलिस ने ली एकता-अखंडता की शपथ

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद पुलिस टीम ने सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन में देश की एकता और अखंडता की शपथ लिया। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार की अगुवाई में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। रन फार यूनिटी के तहत सभी अधिकारियों ने दौड़ लगाकर राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संदेश दिया।



रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों को एकता व अखंडता की शपथ दिलाते एसपी सोनम कुमार।

रिजर्व पुलिस लाइन खलीलाबाद में सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप मनाया गया। इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का भी आयोजन पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार की अगुवाई में किया गया। एसपी ने बताया कि देश की स्वतंत्रता के बाद स्वतंत्रता के बाद भारतीय एकता के प्रतीक, महान स्वतंत्रता सेनानी, देश के पहले उप-प्रधानमंत्री और पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाया जा रहा है। भारत के लौहपुरुष सरदार पटेल का आजादी के बाद भारत के एकीकरण में सबसे महत्वपूर्ण योगदान रहा। सरदार पटेल की जयंती पर हर जगह रन फार यूनिटी का भी आयोजन हो रहा है। रन फार यूनिटी कार्यक्रम में एसपी के साथ ही क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीष सिंह भदौरिया, क्षेत्राधिकारी लाइन्स दीपांशी राठौर, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ही तमाम पुलिसकर्मी शामिल हुए। इसके बाद रिजर्व पुलिस लाइन के क्वार्टर गार्ड पर लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। मौजूद पुलिसकर्मियों को एकता,अखंडता रखने की शपथ दिलाया गया।

# घर में घुसकर छेड़खानी का आरोप, मुकदमा

**कार्रवाई**

- आरोपितों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत
- कोतवाली क्षेत्र की घटना, आरोपियों पर कार्रवाई में जुटी पुलिस

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पीड़िता ने घर में घुसकर छेड़खानी का आरोप मढ़ा। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामले में आरोपितों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दिया।

कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि पीड़िता के अनुसार वह अपने घर पर अकेली थी। दिनांक 30 अक्टूबर को आरोपित संजय मिश्रा, रितिक जो खलीलाबाद में रहते हैं घर पहुंचे। उस समय घर पर कोई नहीं था और दूसरे वाले घर पर सभी लोग सो रहे थे। आरोपितों ने घर में घुसकर बालों को पकड़ कर खींचते हुए कमरे में ले गए। वहां पर उन लोगों ने चेहरे पर सात से आठ थप्पड़ मारा और अभद्र व्यवहार किया। इसके साथ ही कपड़े फाड़े, शोर सुन कर मा आई तो उनको धक्का मार कर गिरा दिया और गले से सोने की चेन खींच कर भाग गए। भागते समय मां सामने आई तो उनका भी चैन खींचा और भाग खड़ा हुआ। कोतवाल ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर उक्त आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# बोलेरो की ठोकर से होमगार्ड सहित तीन घायल, दो रेफर

मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद। सोमवार की शाम मेंहदावल ख़लीलाबाद मार्ग पर दो स्थानों पर एक तेज रफ्तार बोलेरो की ठोकर से होमगार्ड सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को आस पास के ग्रामीणों की मदद से सीएचसी मेंहदावल लाया गया। जिसमे से दो की हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय खलीलाबाद रेफर कर दिया गया। तेज रफ्तार भाग रही बोलेरो को बखिरा पुलिस ने पकड़ लिया है।

जानकारी के अनुसार मेंहदावल के पश्चिम टोला निवासी कमालुद्दीन बाइक से अपनी पत्नी रिफकत जहां व माता सगिरुन्निशा के साथ खलीलाबाद से घर वापस आ रहे थे। जैसे ही वह ढोंढ़या के पास पहुंचे थे मेंहदावल की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही बोलेरो ने ठोकर मार दिया जिससे सभी वही गिरकर घायल हो गए। सगीरुन्निशा का पैर फ्रैक्चर हो गया और लोगों को हल्की चोट आई। इसके कुछ ही देर बाद पता चला कि खलीलाबाद से ड्यूटी करके आ रहे मेंहदावल के कौलपुर निवासी होमगार्ड जयप्रकाश पाठक को भी इसी बोलेरो ने कुछ दूरी पर अहिरौली गांव के पास ठोकर मार दिया।

# मोबाइल की दुकान में चोरी, आरोपी गिरफ्तार

बखिरा। नंदौर चौराहे पर पुलिस पिकेट की तैनाती के बावजूद चोरी की वारदात की लोगों में चर्चा है। 29 अक्टूबर की रात करीब 12 बजे नन्दौर के एक मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान का ताला तोड़कर चोर चार मोबाइल व नगदी चुरा ले गए। पुलिस ने दूकानदार की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ रविवार की शाम मुकदमा दर्ज किया था। जबकि सोमवार को पुलिस ने चोरी के सामान के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

सीसीटीवी में देखने पर दूकान में मोबाइल चुराते हुए आरोपी नन्दौर निवासी अंश गौड़ की पहचान की गई।

# पुलिस ने 71 वाहनों सेवसूलाशमनशुल्क

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने यातायात नियम तोडने वाले 71 वाहन चालकों से शमन शुल्क वसूल किया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए सघन जांच अभियान चलाया।

चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 71 वाहनों के चालकों से 66 हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# गांजा के साथ पुलिस ने एक को दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अवैध गांजा के साथ एक आरोपित को दबोचने में कामयाबी हासिल की। एसपी के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री व परिवहन करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की।

थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण व चेकिंग के दौरान आरोपित अभियुक्त मोहम्मद वकील पुत्र मोहम्मद नसीम निवासी बरदहिया बाजार को पकड़कर उसके पास से एक किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर उसे गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की।

# पुलिस ने अपहृता को किया बरामद

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने एक अपहृता को बरामदकर विधिक कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस ने मुकदमे से संबन्धित एक अपहृता की सकुशल बरामदगी की। उक्त के अपहरण के संबन्ध में उसके परिजन की लिखित तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। अपहृता को सकुशल बरामद करते हुए अग्रिम कानूनी कार्रवाई पूरी किया।



खलीलाबाद के पक्का पोखरा पर सुरक्षा का जायजा लेने पहुंचे एसपी सोनम कुमार।

# सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रहे सुरक्षाकर्मी

संतकबीरनगर, निसं। जनपद में छठ पूजा की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा कर्मी पूरी तरह से मुस्तैद रहे। मजिस्ट्रेटों के साथ एसपी सोनम कुमार, एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ अंशुमान मिश्र आदि अन्य अधिकारी घाटों का दौराकर सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। छठ घाट पर पहुंचने वाली भीड़ को संभालने के लिए सभी को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी और कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

जिले में छठ पूजा को शांति पूर्ण ढंग से निपटाने के लिए पहले से ही काफी तैयारियां पुलिस की तरफ से किया गया था। विभागीय उच्चाधिकारी घाटों का दौराकर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। सभी थाना क्षेत्रों की पीस कमेटी की बैठककर जन सामान्य से सहयोग के साथ ही शांति पूर्ण त्योहार मनाने की अपील करने के साथ ही माहौल खराब करने वालों के विरूद्ध कड़े कार्रवाई का संदेश दिया गया था। नदियों, तालाब एवं अन्य छठ घाटों पर मजिस्ट्रेट की निगरानी में सुरक्षा कर्मियों को मुस्तैद किया गया था।

सुरक्षा के बाबत सुगर मिल तिराहे से ही बड़े वाहनों व ई रिक्शा को रोक दिया जा रहा था। जो लोग बाइक से जा रहे थे उन लोगों को पोखरे के पहले ही बाइक रोक कर किनारे पार्क कराया जा रहा था। पक्का पोखरा पर भारी भीड़ होने से सभी का ध्यान वहीं पर केन्द्रित रहा। बड़े अधिकारियों ने वहां का दौरा कर व्यवस्था का हाल जाना।

> "जिले में छठ पूजा पूरे शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कहीं पर भी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। एहतियातन शांति एवं सुरक्षा के लिए पुलिस व्यवस्था का प्रर्याप्त प्रबंध किया गया था।
>
> सोनम कुमार, एसपी, संतकबीरनगर

सुबह से ही अधिकारी छठ घाटों पर पहुंचकर व्यवस्था की जानकारी लेने में जुटे रहे। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार सोमवार को तड़के ही छठ पूजा को देखते हुए कोतवाली के बगल स्थित पक्के पोखरे पर बने घाट का स्थलीय निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेकर जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

छठ पूजा को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए एसपी ने प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश राय को घाट पर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए निर्देशित किया।

# चोरी की मोबाइल के साथ पकड़ा गया शातिर

बखिरा, संतकबीर नगर : नंदौर कस्बे में शनिवार की रात दुकान में हुई चोरी का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने एक शातिर चोर को धर दबोचा। पकड़ा गया चोर नंदौर निवासी अंश गौड़ है। उसके पास से चोरी की दो अदद एंड्रायड मोबाइल फोन बरामद हुआ। इस संबंध में दुकान मालिक शम्स तबरेज की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही थी। (जासं)

# पकड़ी गईं चेन छीनने वाली तीन महिलाएं

संतकबीरनगर : चेन छीनने के आरोप में तीन महिलाएं पकड़ी गईं हैं। कोतवाली पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दो महिलाएं मेंहदावल रोड पर ई रिक्शा में बैठी हुई थीं। उसी समय तीन अन्य महिलाएं भी ई रिक्शा में बैठ गईं। उन्होंने पहले से बैठी एक महिला के गले से चेन छीन ली। जब दोनो महिलाएं ई रिक्शा से उतरने लगीं उन उनके गले में सोने की चेन नहीं थी। दोनों ने लोगों के सहयोग से ई रिक्शा में बैठी तीनों को पकड़ लिया तथा उनकी तलाशी ली। (जासं)

# गैर इरादतन हत्या के मामले में पांच साल की सजा

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : अपर जिला व सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वशिष्ठ ने सोमवार को गैर इरादतन हत्या के मामले में अभियुक्त को पांच साल के कठोर



कारावास व 14 हजार रुपये जुर्माना की सजा से दंडित किया है। मामला महुली थानाक्षेत्र का है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा द्वारा उनके सहन पर जबरन कब्जा करने तथा घारी गिराने से मना करने पर लाठी-डंडा से मारपीट कर हत्या करने के मामले में महुली थानाक्षेत्र के नाथनगर निवासी हरिश्चन्द्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था।



खलीलाबाद शहर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसपी सोनम कुमार ● जागरण

# घर में घुस कर युवती से छेड़खानी विरोध करने पर थप्पड़ मारा

## शोर सुनकर पहुंची मां को धक्का देकर गिराया, मां-बेटी से सोने की चेन लूट ले गए

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली युवती के घर में घुस कर रविवार को गांव के दो युवकों ने छेड़खानी की। विरोध करने पर युवती को थप्पड़ जड़ दिया। उसकी मां को धक्का देकर गिरा दिया। आरोप है कि मां और बेटी के गले से सोने की चेन भी लूट ले गए। सोमवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों पर घर में घुस कर छेड़खानी करने, मारने-पीटने और लूट का केस दर्ज किया।

पीड़िता का आरोप है कि वह घर पर अकेली थी। उसी दौरान गांव के दो लोग पहुंच गए। उस वक्त उसके माता-पिता दूसरे मकान पर सो रहे थे। आरोप है कि दोनों आरोपी उसके घर में घुस गए और उसका बाल पकड़ कर खींचते हुए कमरे में ले गए।

आरोप है कि दोनों ने उसे सात-आठ थप्पड़ जड़ दिए। उसके साथ कपडे फाड़ दिए। शोर सुनकर मां आई तो उसे धक्का मार कर गिरा दिया। उसी बीच उसके पिता भी पहुंच गए। आरोपी ने उसके गले से दो तोले सोने की चेन खींच ली।

भागते दौरान मां भी सामने आई तो मां के गले से भी चेन खींच कर भाग गया। पीड़िता ने 100 नंबर पर फोन किया। सोमवार को पीड़िता कोतवाली पहुंच कर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास शुरू कर दिया गया है। जल्द ही दोनों आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

### प्रेमी के शादी से इन्कार करने पर आहत थी युवती

**संतकबीरनगर।** प्रेमी के शादी से इन्कार करने पर धनघटा क्षेत्र के बछईपर की रहने वाली युवती ने आत्मघाती कदम उठाया था। ऐसा आरोप पीड़ित मां ने लगाया। सोमवार को पुलिस ने आरोपी प्रेमी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर लिया। एसओ केडी सिंह ने बताया कि रविवार को बछईपुर की रहने वाली 22 वर्षीय रीता पुत्री स्वर्गीय रघुनाथ ने कमरे में कुंडे से साड़ी के फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली थी। पीड़ित मां निर्मला देवी ने तहरीर दी। आरोप लगाया कि बेटी रीता और क्षेत्र के एक युवक के बीच प्रेम विवाह करने की बात होती रहती थी। बेटी रीता ने प्रेमी पर शादी करने का दवाब बनाया तो उसने शादी करने से इन्कार कर दिया। उसी से आहत होकर बेटी ने रविवार को खुदकुशी कर ली। संवाद

## चोरी के मोबाइल फोन के साथ युवक गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** बखिरा पुलिस ने सोमवार को चोरी के दो मोबाइल फोन के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया।

एसओ अनिल कुमा सिंह ने बताया कि 29/30 अक्तूबर की रात नंदौर कस्बे में मोबाइल की दुकान के शटर का ताला तोड कर मोबाइल और कुछ फुटकर पैसे की चोरी हुई थी।

पीड़ित दुकानदार शम्स तबरेज पुत्र शौकत अली निवासी महुआ थाना बेलहरकला ने मुकदमा दर्ज कराया था। सूचना के आधार पर सोनौरा तिराहा से आरोपी अंश गौड़ निवासी नंदौर थाना बखिरा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी की दो मोबाइल बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया गया। संवाद

# 13 साल बाद नए थानों का प्रस्ताव निरस्त

शोभित कुमार पांडेय

संतकबीरनगर। 13 साल से शासन में चार नए थानों का प्रस्ताव अटका रहा। पैरवी के अभाव में थाने खुलने की मंजूरी नहीं मिल पाई। शासन ने प्रस्ताव को ही निरस्त कर दिया। शासन ने अब नए सिरे से थानों का प्रस्ताव मांगा है। इसकी कवायद शुरू कर दी गई है।

वर्ष 1997 में बस्ती से अलग कर जनपद संतकबीरनगर का सृजन हुआ था। जिले की आबादी करीब 19 लाख है। तीन सर्किल में जिला बंटा है। वर्तमान में खलीलाबाद सर्किल में कोतवाली, दुधारा और महिला थाना है। जबकि मेंहदावल सर्किल में बखिरा, मेंहदावल, धर्मसिंहवा और बेलहर कला थाना है।

धनघटा सर्किल में महुली और धनघटा थाना है। जनपद की सीमा गोरखपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, आंबेडकरनगर, आजमगढ़ जिलों से छूती है। अपराध की दृष्टिकोण से भी जिला संवेदनशील है।

जिले के थाना धनघटा में 326 गांव है। घटनाएं घटित होने पर सूचना के बावजूद पुलिस कर्मियों को घटना स्थल तक पहुंचने में वक्त लग जाता है। लोगों को फरियाद लेकर थाने तक पहुंचने में अधिक लगता है। इससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है।

वर्ष 2008-09 में तत्कालीन एसपी सुग्रीव गिरी ने जिले में पांच नए थाने पौली, लोहरैया, काली जगदीशपुर, कांटे और बेलहर कला खोलने का प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय के माध्यम से शासन को भिजवाया था।

नए थानों को खोलने के लिए जनप्रतिनिधियों के स्तर से रुचि नहीं ली गई। शासन में ठीक से पैरवी नहीं होने की वजह से नए थाने खुलने में अड़चने फंसी। इसके लिए दोबारा वर्ष 2011 में प्रस्ताव भेजा गया। फिर वर्ष 2017 में रिमाइंडर भेजा गया। पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल ने शासन में पैरवी की। वर्ष 2019 में बेलहर कला थाने को खोलने की स्वीकृति मिल गई।

मार्च 2020 से बेलहर कला थाने का निर्माण कार्य शुरू भी हो गया। तत्कालीन एसपी ब्रजेश सिंह ने सांथा पुलिस चौकी में बेलहर कला थाना का संचालन भी शुरु करा दिया।

जबकि शेष चार थानों की फाइल शासन में अटकी रही। इधर, शासन ने चारों थानों के प्रस्ताव को निरस्त करते हुए एसपी से नया प्रस्ताव मांगा है। संवाद

**2008-09 में तत्कालीन एसपी ने पांच नए थानों का भेजा था प्रस्ताव**

## जनप्रतिनिधि बोले शासन में करेंगे पैरवी

सदर विधायक अंकुर राज तिवारी और धनघटा विधायक गणेश चंद्र चौहान ने कहा कि जनहित में नया थाना खोला जाना जरूरी है। इसके लिए शासन में पैरवी करेंगे। पूरी कोशिश होगी कि नए थाने खुल जाएं।

*महुली थाने से 117 गांव काटकर काली जगदीशपुर में नया थाना बनाने का प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है। महुली थाने में 174 गांव शामिल रहेंगे। धनघटा थाने से 110 गांव अलग कर लोहरैया में नया थाना बनाने का प्रस्ताव तैयार हो रहा है। यहां की आबादी करीब दो लाख है। इसी थाने से 85 गांव अलग कर पौली में नया थाना बनाने का प्रस्ताव तैयार हो रहा है। इसके बाद भी धनघटा थाने में 131 गांव रहेंगे। कोतवाली से 82 गांव और दुधारा से 22 गांव अलग कर कांटे में नया थाना बनाने का प्रस्ताव तैयार हो रहा है।*

– सोनम कुमार, एसपी

# मारपीट के दोषी को पांच साल की सजा

संतकबीरनगर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम ने महुली क्षेत्र के मारपीट के मामले में दोषी को पांच वर्ष के सश्रम कारावास व 14,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि वर्ष 2005 में पीड़ित की सहन पर जबरन कब्जा करने एवं पशुओं की घारी को गिराने से मना करने पर उसे लाठी डंडे से मारपीट कर बेहोश कर दिया था। अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया था। एसआई रामकेवल प्रसाद ने विवेचना कर आरोपपत्र कोर्ट में प्रेषित किया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश प्रथम की कोर्ट ने दोष सिद्ध होने पर दोषी हरिश्चंद्र निवासी नाथनगर थाना महुली को पांच वर्ष के कठोर कारावास व 14 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड न अदा करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। संवाद

# गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** कोतवाली पुलिस ने सोमवार को चेकिंग के दौरान युवक के पास से एक किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया।

कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि आरोपी की पहचान मोहम्मद वकील निवासी बरदहिया बाजार खलीलाबाद के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। संवाद

# पुलिस को मिली अपहृत किशोरी

**संतकबीरनगर।** कोतवाली पुलिस को सोमवार को अपहृत किशोरी मिली। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि किशोरी के अपहरण के संबंध में पीड़ित परिजन ने केस कराया था।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपहृत किशोरी को खोज निकाला। अपहृता को महिला कांस्टेबल की देखरेख में रखा गया है। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-11-2022

# दहेज हत्या में 12 साल बाद गिरफ्तार

गोण्डा। नगर कोतवाली पुलिस ने करीब 12 साल बाद दहेज हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने बताया कि दहेज हत्या के आरोपी अरविन्द कुमार गिरि उर्फ छोटू को केशवपुर पहड़वा से गिरफ्तार कर लिया गया।

# विवेचना के बाद रिपोर्ट दर्ज करती है कटरा की पुलिस

बालपुर, संवाददाता। उत्पीड़न से क्षुब्ध होकर ट्रेन के आगे कूदकर बालिका के आत्महत्या के मामले को लेकर पुलिस लीपापोती करने में जुटी है। तीन दिन से रिपोर्ट दर्ज करने के लिए दौड़ रही मां से पुलिस कहती है पहले विवेचना करेंगे बाद में रिपोर्ट दर्ज करेंगे।

प्रकरण थाना कटरा बाजार के अंतर्गत ग्राम पूरे संगम का है। सीमा मिश्रा के अनुसार उसकी शादी थाना परसपुर अंतर्गत मझौरा गांव निवासी संतोष मिश्रा के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति व सास ससुर प्रताड़ित करने लगे। दो बच्चियों सहित उसे घर से निकाल दिया। विरोध करने पर उसके पति ने उसकी छोटी पुत्री अंजलि को खंभे से बांध कर मारापीटा। जिस पर वह अपने मायके चली आई। घटना की शिकायत उसने थाने पर की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसकी पुत्री पिता की प्रताड़ना से काफी क्षुब्ध हो गई और और दीपावली के तीसरे दिन ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। सीमा ने तीन लोगों खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए थाने पर तहरीर दी। लेकिन अब तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस सबंध में पूछे जाने पर एसओ कटरा चितवन कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच सुलह-समझौता की बात चल रही है, इसलिए रिपोर्ट नहीं दर्ज हुई है।

# युवती से बदसलूकी में युवक पर केस

टिकरी। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव की दलित युवती को युवक जबरदस्ती खेत के बगल चन्नी छप्पर में खींच ले गया। उसने युवती बदसलूकी करते हुए उसके कपड़े फाड़ डाले और अपशब्द कहे। पीड़िता की तहरीर पर नवाबगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र की दलित युवती ने थाने में तहरीर दी है। आरोप है कि रविवार की शाम वह खेत की ओर शौच के लिए जा रही थी। इसी दौरान गांव का युवक उसे चन्नी छप्पर में उठा ले गया और निर्वस्त्र करने की कोशिश करने लगा। थानाध्यक्ष अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# रेप के आरोपी झोलाछाप पर एक और केस दर्ज

- सीएचसी अधीक्षक की तहरीर पर हुई कार्रवाई
- एसओ ने कहा, नए आरोपों की भी होगी जांच

खरगूपुर,संवाददाता। पिछले सप्ताह बिशुनापुर में युवती के साथ हुई बलात्कार की घटना में आरोपी झोलाछाप अजमल के विरुद्ध सोमवार को एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरगूपुर के अधीक्षक अजय यादव की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

सीएचसी अधीक्षक ने थाने पर दिये गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि घटना की जानकारी होने पर सीएमओ के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ डॉ टीपी जायसवाल, डॉ अजय यादव, फार्मासिस्ट जीपी तिवारी और कुलदीप मणि तिवारी ने आरोपी अजमल के क्लीनिक पर छापा मारा था। जिसमे चिकित्सक के कोई दस्तावेज नहीं मिले और क्लीनिक के अन्दर बिना किसी मान्यता के मेडिकल स्टोर भी पाया गया। विभिन्न प्रकार की प्रतिबंधित दवाएं भी भारी मात्रा में बरामद हुई। अधीक्षक ने बरामद सामान के साथ सूची भी उपलब्ध कराई है। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि अधीक्षक के तहरीर पर आरोपी फर्जी डॉक्टर के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# पेट्रोल पंप के शौचालय में मिली रिवॉल्वर

छपिया। मनकापुर मार्ग पर स्थित मछमरवा गांव के निकट पेट्रोल पम्प के सार्वजनिक शौचालय में एक रिवाल्वर बरामद हुआ है।

चौकी प्रभारी मसकनवा बृजेश कुमार गुप्ता ने बताया की मनकापुर मार्ग पर शारदा फीलिंग सेंटर के सार्वजनिक शौचालय के अंदर एक रिवाल्वर मिलने की सूचना पेट्रोल पंप पर देखरेख कर रहे नितिन त्रिपाठी ने डायल 112 व चौकी मसकनवा में दी। चौकी प्रभारी ने बताया की मौके पर पहुंचकर देखा गया। तो रिवाल्वर शौचालय के अंदर उपर खूंटी से टंगा मिला।

रिवाल्वर को कब्जे में लेकर अज्ञात के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# लापरवाही पर पूर्व नगर कोतवाल नपे

गोण्डा। जिले के चर्चित इंस्पेक्टर पंकज सिंह को एसपी आकाश तोमर ने सोमवार को निलंबित कर दिया है। उनपर ड्यूटी में लापरवाही बरतने का आरोप है। बीते 27 अक्तूबर को पंकज सिंह को नगर कोतवाली प्रभारी पद से मीडिया सेल के प्रभारी पद पर तैनाती दी गई थी।

इस संबंध में एसपी आकाश तोमर ने मीडिया सेल में तैनाती के बाद इंस्पेक्टर पंकज सिंह अनाधिकृत रूप से गैरहाजिर चल रहे है। उन्होंने अपना फोन भी स्विच ऑफ कर लिया था। एसपी ने बताया कि किसी मामले की पैरवी करने के लिए पंकज सिंह को सीओ के साथ शासन में जाना था। लेकिन वह ड्यूटी से गैरहाजिर मिले। एसपी ने उन्हें निलंबित कर दिया है।

# सेवा पूरी करने के बाद दरोगा को दी गई विदाई

मोतीगंज। थाना परिसर में सोमवार को आयोजित समारोह में सेवानिवृत्त दरोगा रामनिवास को विदाई दी गई। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने उनके सुखद भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त दारोगा को रामायण, अंगवस्त्र, छाता, छड़ी भेंट की गई। इस दौरान चौकी इंचार्ज कहोबा धर्मेंद्र गौतम ,दारोगा दिलीप सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, केके ओझा, दयानाथ चौहान, रविन्द्र समेत क्षेत्र के कई लोग रहे। उधर, जिला मुख्यालय पर मुख्य आरक्षी चालक दयानाथ शुक्ला को विदाई दी गई।

# तरबगंज में संदिग्ध हालात में मिला लड़की का शव

- पांच दिन पहले घर से लापता हुई थी किशोरी
- पुलिस को नहीं दी थी गुमशुदगी की सूचना

तरबगंज, संवाददाता। थानाक्षेत्र के चर्चित बनगांव में 18 वर्षीय लड़की का शव सोमवार दोपहर बाद टेढ़ी नदी में बरामद होने से हड़कंप मच गया है। लड़की के लापता होने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन की। पुलिस ने लड़की का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि थानाक्षेत्र के बनगांव निवासी प्रदीप सिंह की बेटी अर्चना बीते 26 अक्तूबर से लापता थी। चार भाई-बहनों में सबसे छोटी थी। प्रदीप सूरत में रहकर काम-धंधा करते हैं। इससे परिवार का भरण भोषण होता है। लड़की के लापता होने की सूचना पर प्रदीप तीन दिन पहले गांव आए। अचानक सोमवार दोपहर बाद गांव से महज 500 मीटर की दूरी पर टेढ़ी नदी में कुछ लोगों ने लड़की शव उतराते देखा। इसकी जानकारी होते ही गांव में हड़कंप मच गया। परिजन भी आनन-फानन मौके पर पहुंचे। उधर, पुलिस भी सूचना पाते ही घटनास्थल पर पहुंच गई। उसने मौके पर परिजनों और अन्य ग्रामीणों से पूछताछ की। एसओ मनोज पाठक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही लड़की की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिर अग्रिम कार्रवाई होगी।

# झोलाछाप पर अधीक्षक ने कराया मुकदमा

**संसू, खरगूपुर :** खरगूपुर सीएचसी अधीक्षक अजय यादव ने दुष्कर्म आरोपित झोलाछाप अजमल पर अवैध क्लीनिक संचालन व धोखाधड़ी का मुकदमा कराया है। इसके पूर्व स्वास्थ्य विभाग झोलाछाप की क्लीनिक सीज कर चुका है।

आरोप है कि विशुनापुर बाजार में झोलाछाप अजमल ने इलाज कराने आई विवाहिता से क्लीनिक पर दुष्कर्म किया था। घटना के पांचवें दिन सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा.अजय यादव तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म आरोपित अजमल पर बिना डिग्री के क्लीनिक,मेडिकल स्टोर संचालन,अवैध दवाएं व इंजेक्शन रखने का मुकदमा किया गया है। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि झोलाछाप के विरुद्ध मुकदमा किया गया है।

## छेड़खानी का मुकदमा

**शिवदयालगंज :** नवाबगंज के एक गांव की रहने वाली महिला ने गांव के ही युवक पर छेड़खानी किए जाने का मुकदमा कराया है। थानाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। महिला ने आरोप लगाया कि वह रविवार की शाम को खेत जा रही थी। तभी आरोपित ने छेड़खानी की।

## दुष्कर्म का मुकदमा

**धानेपुर :** एक गांव की महिला से घर में घुसकर दुष्कर्म करने वीडियो बनाने का मामला प्रकाश में आया है। विरोध करने पर उसकी पिटाई की गई। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा किया है। एक गांव की महिला ने दी गई तहरीर में कहा है कि उसके घर में एक व्यक्ति घुस आया और दुष्कर्म करने लगा।

# झंडा जलाने के मामले में जांच के आदेश

**संसू, गोंडा :** विकास भवन परिसर में झंडा जलाने की फोटो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। प्रभारी डीएम ने एडीएम की अध्यक्षता में कमेटी गठित करके रिपोर्ट तलब की है।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत अगस्त में झंडा निर्माण व वितरण कराने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। विभागवार निर्धारित लक्ष्य के अनुसार झंडा आपूर्ति स्वयं सहायता समूह के जरिए कराई गई।

**फॉलोअप**

उद्योग विभाग ने झंडे भी उपलब्ध कराए थे। रविवार को विकास भवन परिसर में झंडा जलाने की फोटो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुई। विभागीय सूत्र के अनुसार कटे-फटे झंडे को रखा गया था। रविवार को सफाई के दौरान कर्मचारियों ने झंडा जला दिया।

सोमवार को सिविल लाइन चौकी इंचार्ज ने विकास भवन पहुंचकर अधिकारियों से जानकारी ली।

# एसपी से कार्रवाई की मांग

**गोंडा** : छपिया के एक गांव की पीड़िता ने एसपी को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि गांव के दबंग दुष्कर्म के मामले में सुलह करने के लिए अभद्रता करने के साथ ही जानमाल की धमकी दे रहे हैं। (संस)

## महिलाओं को किया जागरूक

**करनैलगंज (गोंडा)।** मिशन शक्ति टीम ने क्षेत्र में अभियान चलाकर महिलाओं एवं बेटियों को जागरूक किया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह के नेतृत्व में ग्रामसभा देवी तिलमहा के पंडापुरवा में महिलाओं व बालिकाओं को एकत्र कर उनसे संवाद किया। उन्हें सुरक्षा के दृष्टिगत महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102 के बारे में बताया। (संवाद)

# बालश्रम से बच्चों को मुक्त कराएं : एएसपी

गोंडा। पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज की अध्यक्षता में बाल किशोर इकाई की कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारी व किशोर न्याय बोर्ड के अधिकारियों/कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में बालश्रम में लगे बच्चों को विशेष अभियान चलाकर मुक्त कराने पर जोर दिया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बाल संरक्षण, पॉक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, ह्यूमन ट्रैफिकिंग आदि के बारे में जानकारी दी। बालश्रम, जुबेनाइल एक्ट, पॉक्सो एक्ट, गुमशुदगी, बाल भिक्षावृत्ति, बाल-विवाह, बाल तस्करी आदि के संबंध में चर्चा करते हुए बताया कि थानों पर उक्त घटनाओं की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए तलाश गश्ती व अन्य प्रचार-प्रसार कराएं। गुमशुदा बालक/बालिकाओं के मिलने पर सादे वस्त्रों में बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर आवश्यक कार्यवाही करें। चाइल्ड लाइन प्रभारी आशीष मिश्रा को बाल संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर अपर पुलिस अधीक्षक ने सम्मानित किया। (संवाद)

# नशीली दवा रखने के अभियुक्त को सजा

गोंडा। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट राज बहादुर रामदेव यादव ने कौड़िया थाना क्षेत्र में दर्ज कराए गए एक मामले में नशीली दवा अल्प्राजोलम रखने के एक आरोपी को एक साल सश्रम कारावास और नौ हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट अनुपम शुक्ला ने बताया कि कौड़िया थाना पुलिस ने 15 सितंबर 2021 को धनीराम निवासी जयराम पुरवा मौजा कोचवा को नशे की गोली अल्प्राजोलम के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस मामले में निर्णय सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश ने अवैध रूप से नशीली गोली अल्प्राजोलम रखने के अपराध में अभियुक्त धनीराम को एक साल की सजा सुनाई। (संवाद)

# लूट की साजिश में बदमाश गिरफ्तार

इटियाथोक (गोंडा)। लूट की योजना बनाते समय एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इटियाथोक थाने की पुलिस को गश्त के दौरान सुबह नरौरा रेलवे क्रॉसिंग के पास हरीश चंद्र निवासी नरौरा भर्रापुर संदिग्ध हालात में दिखाई दिया। पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि वह लूट की घटनाओं में शामिल रहा है। इसके अलावा वह लूट की योजना बना रहा था। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। (संवाद)

# दुष्कर्म कर बनाया वीडियो, केस दर्ज

धानेपुर (गोंडा)। एक महिला ने युवक पर घर में घुसकर दुष्कर्म करने व विरोध करने पर पीटने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि आरोपी ने घटना का वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपी विपिन शर्मा निवासी धौरहरा विश्वंभरपुर के खिलाफ केस दर्ज करके छानबीन की जा रही है। (संवाद)

# तीन के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट

धानेपुर (गोंडा)। एक व्यक्ति ने गांव के ही तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि त्रिभुवननगर ग्रंट निवासी सुभाष चंद्र ने पत्नी व पुत्री को धारदार हथियार से मारने का आरोप लगाते हुए गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। जिसके आधार पर तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# गैंगस्टर के अभियुक्त की जमानत खारिज

गोंडा। विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट उदय प्रताप वर्मा व दान बहादुर सिंह ने बताया कि नगर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में अपराध कर रहे सुल्तानपुर के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मधुबन निवासी युवराज सिंह व तीन अन्य लोगों पर संगठित गिरोह बनाकर हत्या, अपहरण जैसे अपराध का अभ्यस्त अपराधी होने का आरोप लगाते हुए गिरोह चार्ट तैयार किया था। डीएम की स्वीकृति के बाद अभियुक्त युवराज सिंह के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। मामले में सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट डॉ. अनामिका चौहान ने आरोपी युवराज सिंह का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया। (संवाद)

# लापरवाही पर इंस्पेक्टर पंकज निलंबित

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर तत्कालीन नगर कोतवाल व मौजूदा समय में मीडिया सेल के प्रभारी इंस्पेक्टर पंकज सिंह को एसपी ने निलंबित कर दिया है। शहर के बहराइच रोड स्थित आशाराम बापू आश्रम में किशोरी की हत्या के मुकदमे के विवेचक रहे तत्कालीन नगर कोतवाल पंकज सिंह काफी दिनों से सुर्खियों में थे। किशोरी की हत्या के मामले में कोतवाल के साथ ही एसपी भी पिछले दिनों हाईकोर्ट में तलब किए गए थे। हाईकोर्ट ने किशोरी की हत्या की तफ्तीश से जुड़े सवाल किए तो एसपी की तबीयत भी बिगड़ गई थी। माना जा रहा है कि इसी मामले में पंकज सिंह पर निलंबन की कार्रवाई हुई है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के बिमौर गांव से लापता 13 साल की किशोरी का शव सात अप्रैल 2022 की रात संदिग्ध हालात में गांव स्थित संत आशाराम बापू आश्रम में खड़ी कार के अंदर मिला था। जबकि किशोरी की मां गीता पांडेय ने पांच अप्रैल को ही उसके लापता होने की सूचना नगर कोतवाली पुलिस को दी थी। यही नहीं कई बार कोतवाली पुलिस ने संपर्क कर बेटी को तलाशने का अनुरोध भी किया था। पुलिस ने न तो गुमशुदगी दर्ज की और न ही किशोरी को तलाशने का कोई प्रयास किया। यहां तक कि

### आशाराम बापू आश्रम में किशोरी की हत्या की तफ्तीश को लेकर सुर्खियों में थे तत्कालीन नगर कोतवाल

### मामले को लेकर हाईकोर्ट में सवाल किए जाने पर बिगड़ गई थी एसपी की तबीयत

किशोरी का शव मिलने के बाद भी पुलिस ने घटना का खुलासा नहीं किया।

पुलिस की लचर कार्यशैली से परेशान किशोरी की मां ने हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में याचिका दायर की थी। इस पर हाईकोर्ट ने मुकदमे के विवेचक व तत्कालीन नगर कोतवाल पंकज सिंह के साथ ही एसपी को तलब किया था। एसपी ने हाईकोर्ट में जवाब व हलफनामा दाखिल कर पुलिस की कार्रवाई को उचित बताया था। हाईकोर्ट ने 18 अक्तूबर को एसपी व मुकदमे के विवेचक पंकज सिंह को तलब किया था। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने एसपी से सवाल किए तो उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। माना जा रहा है कि किशोरी की हत्या के मुकदमे की तफ्तीश में लापरवाही बरतने पर ही एसपी आकाश तोमर ने तत्कालीन नगर कोतवाल व मौजूदा समय में मीडिया सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पंकज सिंह को निलंबित किया है।

## गैर इरादतन हत्या के प्रयास में सात दोषियों को सजा

**गोंडा।** नगर कोतवाली क्षेत्र में पांच साल पहले मारपीट व गैर इरादतन हत्या के प्रयास के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/एफटीसी प्रथम डॉ. दीनानाथ तृतीय ने सात अभियुक्तों को चार साल की सजा सुनाई। साथ ही 13-13 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अभिनव चतुर्वेदी ने बताया कि कोतवाली नगर क्षेत्र के सलारपुरवा मौजा उम्मेदजोत निवासी सिकंदर अली ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि 22 जनवरी 2017 को शाम लगभग 4.30 बजे गांव के चांद अली, मावूद अली, अहमद अली व शहबाज अली, आरिफ खां, मुबारक अली व साबिर अली ईंट, लाठी से उसे व उसके पौत्र शहबाज अली को पीटने लगे। अत्यधिक चोटों के कारण शहबाज अली बेहोश हो गया। वादी की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने विवेचना की और मारपीट व गैर इरादतन हत्या के प्रयास के अपराध का साक्ष्य मिलने पर आरोपी चांद अली, मावूद अली, अहमद अली, शहबाज अली, आरिफ खां, मुबारक अली व साबिर अली के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। सोमवार को इस मामले में निर्णय सुनाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश/एफटीसी प्रथम डॉ. दीनानाथ तृतीय ने आरोपी चांद अली, मावूद अली, अहमद अली, शहबाज अली, आरिफ खां, मुबारक अली व साबिर अली को मारपीट व गैर इरादतन हत्या के प्रयास के अपराध में चार-चार साल की सजा सुनाई। अदालत के आदेशानुसार जुर्माने की धनराशि में से 25-25 फीसदी रकम चोटिल सिकंदर अली और शहबाज अली को प्रतिकर के रूप में अदा की जाएगी। संवाद

# पेट्रोल पंप के शौचालय में मिली रिवाल्वर

**मसकनवा (गोंडा)।** कस्बे में मनकापुर मार्ग पर पेट्रोल पंप के सार्वजनिक शौचालय में एक रिवाल्वर लावारिस पड़ी मिली है। मसकनवा चौकी प्रभारी बृजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि शारदा फिलिंग सेंटर के शौचालय में रिवाल्वर मिलने की सूचना पेट्रोल पंप पर देखरेख करने वाले नितिन त्रिपाठी ने दी। रिवाल्वर शौचालय में खूंटी से टंगी मिली है। मामले की जांच की जा रही है। (संवाद)

BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-11-2022

# नगर पालिका के दो पूर्व अध्यक्षों समेत 41 दंगाइयों को सजा

## वर्ष 2005 में होली पर उतरौला में हुआ था दंगा, सभी को पांच-पांच साल का सश्रम कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** एफटीसी प्रथम ने 2005 में उतरौला में हुए दंगे में नगर पालिका के दो पूर्व अध्यक्षों सहित 41 लोगों को पांच-पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सभी पर 14-14 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। न्यायाधीश ने साक्ष्य के अभाव में 18 आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया है।

पुलिस अभियोजन सेल के प्रभारी इंस्पेक्टर केके यादव व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) नवीन कुमार तिवारी ने बताया कि वर्ष 2005 में होली पर उतरौला में दंगा हो गया था। इसमें दोनों समुदायों के बीच मारपीट व आगजनी की घटनाएं हुईं थीं। उतरौला पुलिस ने नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ गुप्ता तथा अनूप गुप्ता सहित 64 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। न्यायालय में



**14-14 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया, साक्ष्य में अभाव में 18 आरोपी दोषमुक्त**

सरकारी अधिवक्ता ने 15 गवाहों को प्रस्तुत किया। ट्रायल के दौरान पांच आरोपियों की मौत हो गई थी।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद एफटीसी प्रथम जहेंद्र पाल सिंह ने सोमवार को नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ गुप्ता तथा अनूप गुप्ता समेत 41 लोगों आगजनी, मारपीट व दंगे का दोषी मानते हुए पांच-पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। सभी दोषियों पर 14-14 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर एक साल अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं, साक्ष्य के अभाव में 18 आरोपियों को दोषमुक्त किया गया है।

### इन्हें मिली सजा

अमरनाथ गुप्ता, अनूप गुप्ता, रामजी गुप्ता, शारदा प्रसाद, नंदलाल, रक्षाराम, सहदेव, सुरेश, राजेंद्र, सुनील कुमार, कपिल कुमार, दुर्गेश, कौशल कुमार, विश्वनाथ गुप्ता, ओमप्रकाश, दिलीप, बच्चू मिस्त्री, अब्दुल तव्वाब, मुस्तफा, ध्रुव कुमार, नाजिम, सतीश गुप्ता, नसीरुद्दीन, शब्बीर अहमद, आमिर कबाड़िया, एजाज अहमद, मो. हारून, अब्दुल मजीद, जमाल अहमद, कैफ, सईद, मो. इबरार, कमालुद्दीन, जहांगीर व ताहिद अली, अतुल कुमार, अरुण कुमार, असलम, राजेश, छोटू व सुमेर चंद्र गुप्ता।

## गैर इरादतन हत्या के प्रयास में सात दोषियों को सजा

**गोंडा।** नगर कोतवाली क्षेत्र में पांच साल पहले मारपीट व गैर इरादतन हत्या के प्रयास के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/एफटीसी प्रथम डॉ. दीनानाथ तृतीय ने सात अभियुक्तों को चार साल की सजा सुनाई। साथ ही 13-13 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अभिनव चतुर्वेदी ने बताया कि कोतवाली नगर क्षेत्र के सलारपुरवा मौजा उम्मेदजोत निवासी सिकंदर अली ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि 22 जनवरी 2017 को शाम लगभग 4.30 बजे गांव के चांद अली, माबूद अली, अहमद अली व शहबाज अली, आरिफ खां, मुबारक अली व साबिर अली ईंट, लाठी से उसे व उसके पौत्र शहबाज अली को पीटने लगे। अत्यधिक चोटों के कारण शहबाज अली बेहोश हो गया। वादी की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने विवेचना की और मारपीट व गैर इरादतन हत्या के प्रयास के अपराध का साक्ष्य मिलने पर आरोपी चांद अली, माबूद अली, अहमद अली, शहबाज अली, आरिफ खां, मुबारक अली व साबिर अली के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। सोमवार को इस मामले में निर्णय सुनाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश/एफटीसी प्रथम डॉ. दीनानाथ तृतीय ने आरोपी चांद अली, माबूद अली, अहमद अली, शहबाज अली, आरिफ खां, मुबारक अली व साबिर अली को मारपीट व गैर इरादतन हत्या के प्रयास के अपराध में चार-चार साल की सजा सुनाई। अदालत के आदेशानुसार जुर्माने की धनराशि में से 25-25 फीसदी रकम चोटिल सिकंदर अली और शहबाज अली को प्रतिकर के रूप में अदा की जाएगी। संवाद

## चार हत्यारे भाइयों को उम्रकैद

**बलरामपुर।** 11 साल पहले हुई हत्या के मामले में न्यायालय ने चार भाइयों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। चारों पर एक-एक लाख रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड न अदा करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) कुलदीप सिंह ने बताया कि आठ जून 2011 को कोतवाली देहात में ग्राम विशुनापुर निवासी चंद्रप्रकाश ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उसके परिजनों पर गांव के ही चार भाइयों गज्जू, आजाद, जुग्गीलाल व विष्णु ने जानलेवा हमला किया है। इसमें गंभीर रूप से घायल प्रभुनाथ की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया। मामले में सत्र परीक्षण के दौरान सरकारी वकील ने सात गवाह पेश किए। बचाव पक्ष के वकील ने दोषियों को बरी कराने की भरपूर कोशिश की। दोनों पक्षों की दलील सुनने तथा पत्रावली पर मौजूद साक्ष्यों के आधार पर जिला जज लल्लू सिंह ने चारों दोषियों को हत्या का दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। चारों भाइयों पर एक-एक लाख रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। (संवाद)

# 40 कैप्सूल के साथ महिला गिरफ्तार

जरवा। पुलिस टीम ने सोमवार दोपहर नेपाली महिला को कोकीन से भरे 40 कैप्सूल के साथ पुलिस चौकी बघेलखंड अन्तर्गत पेयरा नाला मोड़ के पास गिरफ्तार किया है। पकड़े गए कोकीन की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में सात करोड़ रुपए बताई गई है।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि उन्हें नेपाल सीमा से मादक पदार्थों के तश्करी की सूचना लगातार मिल रही थी। इसकी रोकथाम के लिए एएसपी नम्रता श्रीवास्तव व तुलसीपुर सीओ कुंवर प्रभात सिंह व जरवा के प्रभारी निरीक्षक दुर्विजय को लगाया गया था। प्रभारी निरीक्षक को सूचना मिली कि पेयरा नाला के पास एक महिला बैठी बस का इंतजार कर रही है। उसके बैग में मादक पदार्थ मौजूद है। प्रभारी निरीक्षक, उप निरीक्षक, राम कुमार वर्मा, कांस्टेबल अनिरुद्ध मिश्रा, मंजीत, अफजल व लक्ष्मी के साथ मुखविर के बताए स्थान पर पहुंच गए। वहां एक महिला बैठी थी, जिसके पास पिट्ठू बैग था। नाम पता पूछने पर उसने बताया कि उसका नाम दिल कुमारी विश्वकर्मा उर्फ विमला है। उसके पति का नाम स्व. करमदन उर्फ राजेश बहादुर है। वह थाना गड़वा, जिला डांग राष्ट्र नेपाल की निवासिनी है। तलाशी लेने पर उसके बैग में 40 कैप्सूल पाए गए, जिसमें कोकीन भरा था। पूछताछ करने पर उसने बताया कि कैप्सूल में कोकीन भरा है। एसपी ने पुलिस टीम को दस हजार रुपए नकद पुरस्कार देने की घोषणा की।

# हत्या के प्रयास में आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर, संवाददाता। युवती को चाकू मारकर जानलेवा हमले की घटना के प्रकरण में थाना देहात पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सरोज ने बताया कि शनिवार को थाना देहात क्षेत्र अन्तर्गत रामपुर बनघुसरा गांव निवासी दशरथ पुत्र बैजनाथ ने तहरीर दी थी। आरोप था कि रोशन पुत्र फकरुद्‌जमा निवासी जूड़ीकुइंया ने उनकी पुत्री को जान से मारने की नियत से चाकू मारकर घायल कर दिया था। वजह यह थी कि दशरथ की पुत्री को रोशन ने जुलाहा कह दिया था। जिसपर उसने उसकी पुत्री को चाकू मार दिया था।

# तीन लुटेरे गिरफ्तार, नकदी-जेवर बरामद

## कामयाबी

**बलरामपुर, संवाददाता।** ललिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत सकरी के मजरे पांडेयपुरवा में 27 अक्टूबर को हुई लूटपाट की घटना का खुलासा स्थानीय पुलिस टीम ने सोमवार को कर लिया। घटना में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास लूट की नकदी व कई लाख रुपए के जेवरात पुलिस ने बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि पाण्डेयपुरवा निवासी सहजराम के घर चार लोग बाहर से सीढ़ी लगाकर छत पर चढ़ गए थे। बदमाशों ने चारपाई की पाटी से सरजीवन के पुत्र विक्रम के जागने पर उसे सिर पर वार कर अधमरा कर दिया था। उसने गांव के ही राजितराम व उसके भाई मूलचन्द्र उर्फ महंथ को पहचान लिया था। सरजीवन व सतनाम ने चारपाई की पाटी से विक्रम व उसकी पत्नी मिथिलेश को वार कर मरणासन्न कर दिया था। घर में रखे चार बक्से उठा ले गए थे।

उसमें हजारों रुपए नकदी व लाखों के जेवरात थे। सुबह जब चोरी की जानकारी हुई तक लोग सहजराम के घर आए। अन्दर देखा कि विक्रम व उसकी पत्नी मरणासन्न पड़ी हुई है। उन्हें सीएचसी शिवपुरा भेजा गया। बलरामपुर मेमोरियल चिकित्सालय से उन्हें लखनऊ रेफर किया गया था। एसपी ने घटना अनावरण के लिए एएसपी नम्रता श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी राधारमण सिंह व ललिया के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी को लगाया था। इलाज के दौरान विक्रम को होश आया तो उन्होंने राजितराम व उसके भाई मूलचन्द्र का नाम बताया। पुलिस को सोमवार को उन्हें गिरफ्तार करने में सफलता मिल गई। राजित राम के पास एक जोड़ी चांदी की करधन, चांदी की कंघी, बिछुआ व 1500 रुपए नकद, मूलचन्द्र के पास एक जोड़ी चांदी की पायल, बिछुआ, सोने की मटर माला, तीन हजार रुपए नकद व तीसरे अभियुक्त संजीव कुमार के पास एक जोड़ा झुमका, एक पायल, एक मंगलसूत्र व तीन हजार रुपए नकद बरामद किए गए।

# गैर इरादतन हत्या में चार को आजीवन कारावास

बलरामपुर, संवाददाता। गैर इरादतन हत्या के मामले में जिला जज लल्लू सिंह ने चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषियों को एक लाख रुपए जुर्माना भी अदा करना होगा। जुर्माना न अदा करने पर दो साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी कुलदीप सिंह ने बताया कि कोतवाली देहात के चन्द्र प्रकाश पाण्डेय ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप लगाया कि आठ मई 2011 को दिन में करीब तीन बजे उसका भाई प्रहलाद पाण्डेय मकान के सामने नल पर मोटर साइकिल धो रहा था। पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही गज्जू, आजाद, जुग्गी लाल व मिथुन पुत्रगण संतकुमार ने उसे लाठी, डंडे से मारना शुरू कर दिया। प्रहलाद के चिल्लाने पर उसके पिता प्रभूनाथ बीच बचाव करने दौडे.तो उन्हें भी दोषियों ने मारापीटा जिससे उन्हें गम्भर चोटें आई थीं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की। इलाज के दौरान प्रभूनाथ की मृत्यु हो गई। पुलिस ने चारों लोगों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय भेजा। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से घटना के समर्थन में गवाहों का बयान दर्ज कराया गया। बचाव पक्ष की ओर से फर्जी बताते हुए निर्दोष होने की बात कही गई।

# गैर इरादतन हत्या में चार को आजीवन कारावास

बलरामपुर, संवाददाता। गैर इरादतन हत्या के मामले में जिला जज लल्लू सिंह ने चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषियों को एक लाख रुपए जुर्माना भी अदा करना होगा। जुर्माना न अदा करने पर दो साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी कुलदीप सिंह ने बताया कि कोतवाली देहात के चन्द्र प्रकाश पाण्डेय ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप लगाया कि आठ मई 2011 को दिन में करीब तीन बजे उसका भाई प्रहलाद पाण्डेय मकान के सामने नल पर मोटर साइकिल धो रहा था। पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही गज्जू, आजाद, जुग्गी लाल व मिथुन पुत्रगण संतकुमार ने उसे लाठी, डंडे से मारना शुरू कर दिया। प्रहलाद के चिल्लाने पर उसके पिता प्रभूनाथ बीच बचाव करने दौडे.तो उन्हें भी दोषियों ने मारापीटा जिससे उन्हें गम्भर चोटें आई थीं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की। इलाज के दौरान प्रभूनाथ की मृत्यु हो गई। पुलिस ने चारों लोगों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय भेजा। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से घटना के समर्थन में गवाहों का बयान दर्ज कराया गया। बचाव पक्ष की ओर से फर्जी बताते हुए निर्दोष होने की बात कही गई।

उतरौला का साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने पर सोमवार को अदालत ने 41 दोषियों को सुनाई 5-5 साल की सजा

# लोगों ने कहा-अपराध की तुलना में सजा कम मिली

**अदालत से**

बलरामपुर, संवाददाता। उतरौला में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के मामले में 41 दोषियों को सोमवार को सजा सुनाने की तिथि निर्धारित थी। सुबह से ही न्यायालय परिसर में पुलिस कर्मियों के साथ-साथ क्षेत्र के अन्य लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोग एक दूसरे से न्यायालय से फैसला आने की चर्चा कर रहे थे। दिन में करीब तीन बजे फैसला आने के बाद अधिकांश लोगों के चेहरे पर खुशी छा गई। जहां कुछ लोग न्यायालय के फैसले को सही ठहरा रहे थे, वहीं परिसर में मौजूद कुछ लोगों ने कम सजा होने की बात भी कही।

17 वर्ष पहले वर्ष 2005 को दिन में करीब एक बजे उतरौला नगर में होली का जुलूस निकल रहा था। उसी दिन जुमे की नमाज भी थी। वहीं मस्जिद के पास जुलूस पहुंचने पर दंगा भड़क गया। अराजक तत्वों ने माहौल को बिगाड़ने का पूरा प्रयास किया। दंगे को रोकते समय कई पुलिस कर्मी घायल हो गए।

तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक बालराम सरोज ने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनुपचंद गुप्ता सहित दोनों संप्रदायों के 65 लोगों के खिलाफ कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की विवेचना कर 64 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में भेजा। एक आरोपी की दौरान विवेचना मृत्यु हो गई। पांच आरोपियों की न्यायालय में सुनवाई के दौरान मृत्यु हो गई। अभियोजन पक्ष की ओर से शासकीय अधिवक्ता नवीन तिवारी ने घटना के समर्थन में 15 गवाहों का बयान दर्ज कराया। बचाव पक्ष की ओर से कम से कम सजा देने की बात कही गई। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायालय ने 41 लोगों को पांच-पांच साल सश्रम कारावास व प्रत्येक को 14500 रुपए जुर्माना अदा करने का आदेश न्यायालय ने दिया है। जुर्माना न अदा करने पर दोषियों को दो साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।



न्यायालय परिसर में फैसला सुनने को लगी लोगों की भीड़

- फैसला आने के बाद अधिकांश लोगों के चेहरे पर छाई खुशी
- कुछ लोगों ने सराहना तो कुछ ने कम सजा होने की कही बात

**एक दोषी नहीं पहुंचा न्यायालय, कुर्की का आदेश:** उतरौला में दंगा भड़काने के मामले में सोमवार को न्यायालय में सजा सुनाए जाने की तिथि निर्धारित थी।

शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि 20 अक्टूबर को सभी आरोपियों को न्यायालय ने दोष सिद्ध किया था। जिसमें से पांच आरोपी अरुण कुमार, असलम, अतुल कुमार, सुमेरचंद व राजेश उर्फ छोटू न्यायालय पर उपस्थित नहीं हुए थे। न्यायालय ने इन सभी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करते हुए कुर्की की कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया था। सोमवार को सजा सुनाए जाने की तिथि से पहले इनमें से चार आरोपी न्यायालय पर उपस्थित हो गए थे। एक आरोपी असलम सजा सुनाए जाने की तिथि पर भी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ। जिसके खिलाफ न्यायालय के आदेश पर गैर जमानती वारंट एवं कुर्की की कार्रवाई की गई है।

## चर्चा का विषय बना रहा अदालत का फैसला

उतरौला में हुए दंगे के मामले में आरोपियों के खिलाफ होने वाले सजा के फैसले को लेकर प्रशासन पहले से ही सतर्क था। न्यायालय परिसर में दोपहर से ही पुलिस कर्मियों व क्षेत्रीय लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया। कुछ ही देर में न्यायालय पूरी तरह से छावनी में तब्दील हो गई। न्यायालय के फैसले को लेकर अधिवक्ताओं व अन्य लोगों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। करीब तीन बजे के बाद न्यायालय ने 41 दोषियों को पांच-पांच साल के सश्रम कारावास एवं प्रत्येक दोषी को 14500 रुपए जुर्माना अदा करने का आदेश पारित किया। न्यायालय का फैसला आने के बाद एक ओर जहां अधिकांश लोगों ने न्यायालय के फैसले की सराहना की वहीं कुछ लोगों को दोषियों को कम सजा होने की बात भी कही।

## नुकसान की क्षतिपूर्ति कम मिलने की भी कही बात

बलरामपुर। उतरौला में हुए दंगे के पीड़ितों ने न्यायालय के फैसले पर टिप्पणी न करते हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति कम मिलने की बात कही है। पीड़ित हलीम राइनी ने बताया कि उनकी किराना की दुकान दंगाइयों ने लूट ली थी। करीब 20 से 30 लाख रुपए का नुकसान हुआ था, लेकिन उन्हें मात्र पांच हजार रुपए मुआवजा मिला है। कारगिल मार्केट स्थित माईन गिफ्ट पैलेस के मालिक आरिफ खान ने बताया कि उनका करीब 70 से 80 लाख रुपए का नुकसान हुआ था। दंगाइयों ने दुकान में आग लगा दी थी। मात्र एक लाख 25 हजार रुपए मुआवजा देकर पीड़ितों के आंसू पोंछ दिए। अब्दुल मजीद ने बताया कि उनका करीब 12 से 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ था। उन्हें मात्र 2500 रुपए मिल सका था। फरीद अहमद ने बताया कि उनका आठ लाख का नुकसान हुआ था। उन्हें मात्र एक लाख रुपए मुआवजा मिला। इसी तरह अन्य पीड़ितों ने भी कम मुआवजा दिए जाने की बात कही है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 12 को

**बलरामपुर :** नवीन दीवानी न्यायालय परिसर में 12 नवंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात, बैंक, सिविल वाद, भूमि अधिग्रहण, मोटर दुर्घटना, पारिवारिक वाद समेत अन्य वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते से किया जाएगा। (संसू)

# उतरौला के 40 दंगाइयों को पांच-पांच साल की कैद, पहुंचे जेल

**वर्ष 2005 में उतरौला में होली के दिन हुआ था दंगा, प्रत्येक पर 15,000-15,000 रुपये अर्थदंड भी लगा**

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** 26 मार्च 2005 में होली के दिन उतरौला में हुए दंगे के 40 दोषियों को अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक प्रथम जहेंद्र पाल सिंह ने पांच-पांच साल कारावास की सजा सुनाई है। 17 साल पहले हुए दंगे में 64 लोगों के विरुद्ध तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उतरौला ने मुकदमा लिखाया था। लंबे ट्रायल के बाद दोनों वर्ग के लोगों में से 41 पर आगजनी, मारपीट व दंगा फैलाने का आरोप सही मिलने पर 20 अक्टूबर को दोषसिद्ध करार दिया गया। उसी दिन न्यायालय में मौजूद 36 अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया गया था। पांच फरार अभियुक्तों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। बाद में चार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोमवार को सभी को जेल से न्यायालय लाया गया। दूसरी तरफ सुबह से ही न्यायालय में सजा की अवधि जानने के लिए लोगों की भीड़ लग गई।



न्यायालय के बाहर दंगाइयों की सजा की अवधि जानने को खड़े लोग • जागरण

अपर शासकीय अधिवक्ता नवीन तिवारी ने बताया कि 2005 में होली पर उतरौला नगर में दंगा हो गया था। इसमें लूटपाट के बाद दुकानों और घरों में आग लगा दी गई थी। कई लोग हताहत भी हुए थे। कर्फ्यू लगाना पड़ा था। कोतवाली उतरौला पुलिस ने दोनों पक्षों से 64 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की थी। इसमें 18 आरोपितों को दोषमुक्त कर दिया गया। पांच आरोपितों की पूर्व में मृत्यु हो चुकी थी जिनके खिलाफ न्यायालय ने सुनवाई बंद कर दी। न्यायालय ने अभियोजन के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों व बयान पर मामले का परीक्षण किया। इसमें एक पक्ष के 23 और दूसरे के 18 अभियुक्त हैं।

**इनको मिली सजा :**

– अपर सत्र न्यायाधीश ने अभियुक्त शारदा प्रसाद, रक्षाराम, नंदलाल, सुरेश, राजेंद्र, सुनील कुमार, कपिल कुमार, राजेश, दुर्गेश, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ गुप्त व अनूप गुप्त, रामजी गुप्त, विश्वनाथ गुप्त, कौशल कुमार, ओमप्रकाश, दिलीप, बब्बू मिस्त्री, अददू तबवाब, मुश्तफा, ध्रुव कुमार, नाजिम, सतीश गुप्त, नसरुद्दीन, शब्बीर अहमद, आमिर कबाड़िया, शाहिद अली, जहांगीर, कमालुद्दीन, इबरार, सईद, कैफ, जमाल अहमद, मोहम्मद हारुन, एजाज अहमद, अतुल कुमार, अरुण कुमार, असमय, राजेश उर्फ छोटू, सुमेर चंद्र गुप्त शहदेव, अब्दुल मजीद को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया था। फरार एक अभियुक्त असलम को अभी सजा नहीं सुनाई है। न्यायालय ने सभी अभियुक्तों को पांच-पांच साल कैद के साथ 15000-15000 रुपये अर्थदंड लगाया है।

# दंपति को अधमरा कर लूटने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार

- **ललिया के पांड्यपुरवा में घर में घुसकर बदमाशों ने की थी लू**
- **देहात पुलिस के हत्थे चढ़ा जानलेवा हमले का आरोपित**

**संवाद सूत्र, बलरामपुर** : ललिया थाना की पुलिस ने पांडेयपुरवा गांव निवासी सहजराम के बेटे व बहू को अधमरा कर लूट करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। बदमाशों के पास लूट के 7500 रुपये व सोने-चांदी के जेवरात बरामद हुए हैं। एक आरोपित अभी फरार है। उधर देहात पुलिस ने जानलेवा हमला के आरोपित रोशन जमा निवासी जूड़ीकुइयां रामपुर बनघुसरा की गिरफ्तारी की है।



एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि 27 अक्टूबर की रात को पांडेयपुरवा गांव निवासी सहजराम के घर में चार बदमाश घुस आए थे। इसी बीच सहजराम का बेटा विक्रम जाग गया। उसने उसी गांव के रहने वाले बदमाश राजितराम व उसके भाई मूलचंद उर्फ महंत को पहचान लिया। राजितराम, महंत, सरजीवन व सतनाम ने चारपाई की पाटी से विक्रम और उसकी पत्नी मिथिलेश को पीटकर मरणासन्न कर दिया। घर में रखी नकदी व सोने चांदी के जेवरात उठा ले गए। सहजराम की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही थी। निरीक्षक शंभू सिंह की टीम ने सरजीवन, राजितराम व महंत को अमवा नहर की पटरी के पास लूट के जेवरात व नकदी के साथ पकड़ लिया। उधर देहात कोतवाली के जमुनीजोत रामपुर बनघुसरा निवासी दशरथ की पुत्री को जूड़ीकुइंया निवासी रोशन जमा ने मामूली बात पर जान से मारने की नीयत से चाकू मार दिया था। उपनिरीक्षक रमन कुमार वर्मा की टीम ने आरोपित को नंदनगर पुल के पास चाकू समेत गिरफ्तार किया। एसपी ने ललिया थाना की पुलिस को 10 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की है।



# चार सगे भाइयों को उम्र कैद

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** जिला न्यायाधीश लल्लू सिंह ने इरादतन हत्या के मामले में चार सगे भाइयों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदंड भी लगाया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी कुलदीप सिंह ने बताया कि आठ जून 2011 को कोतवाली देहात के ग्राम बिशुनापुर निवासी चंद्र प्रकाश ने मुकदमा लिखाया था कि उसके परिवारजन पर गांव के ही गज्जू, आजाद, जुग्गीलाल व विष्णु ने जानलेवा हमला किया है। गंभीर रूप से घायल बेटे प्रभूनाथ की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने चारों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। मामले के सत्र परीक्षण के दौरान सरकारी वकील ने नौ गवाहों को पेश किया। बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि आरोपीगण निर्दोष हैं और रंजिशन मुकदमा लिखाया गया है। दोनों पक्षों की दलील सुनने व पत्रावली पर मौजूद साक्ष्यों के आधार पर जिला जज ने चारों को हत्या का दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। चारों पर एक-एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड की धनराशि में से एक लाख रुपये मृतक की पत्नी को बतौर क्षतिपूर्ति दी जाएगी।

# नेपाली महिला से सात करोड़ की कोकीन मिली

## 40 कैप्सूल में 690 ग्राम कोकीन लेकर **दिल्ली जा रही थी** पियारे नाले के पास से गिरफ्तार

**संसू, वलरामपुर** : अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जरवा कोतवाली की पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 690 ग्राम कोकीन के साथ नेपाली महिला को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई कोकीन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में सात करोड़ रुपये है। महिला की पहचान दिल कुमारी विश्वकर्मा उर्फ विमला निवासी गुरुंग नाका पालिका बेला थाना गढ़वा जिला दांग नेपाल के रूप में हुई है।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से हो रहे मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस अभियान चला रही है। जरवा कोतवाली के थानाध्यक्ष दुर्विजय व उपनिरीक्षक रामकुमार वर्मा सोमवार को गश्त पर थे। सूचना मिली कि एक महिला पियरा नाले के पास सड़क किनारे बैठी सवारी का इंतजार कर रही है। उसके पास एक बैग है, जिसमें कोकीन है। पुलिस टीम ने वहां पहुंचकर महिला से पूछताछ शुरू की। बैग लेकर तलाशी ली, तो 40 कैप्सूल कोकीन बरामद हुआ। 690 ग्राम कोकीन की कीमत सात करोड़ रुपये है। बताया कि नेपाली महिला एक कैरियर है। वह इस कोकीन को रोहिणी दिल्ली में पहुंचाने जा रही थी। एसपी ने पुलिस टीम को 10 हजार रुपये पुरस्कार दिया है।



पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कोकीन संग गिरफ्तार नेपाली महिला के बारे में जानकारी देते एसपी राजेश कुमार सक्सेना मध्य में ● जागरण

**पहले भी पकड़े जा चुके हैं कैरियर** :नेपाल से मादक पदार्थों की दिल्ली तक तस्करी करने वाले कैरियर पहले भी पकड़े जा चुके हैं। 27 जनवरी 2021 को पचपेड़वा थाना की पुलिस ने रात गश्त के दौरान वीरपुर चौरसी चौराहा से नेपाल निवासी हेमलाल सार्की व सुनीता कुमारी विश्वकर्मा को 3.800 किग्रा चरस के साथ गिरफ्तार किया था। बरामद की गई चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 25 लाख थी। इसके अलावा आए दिन नेपाली शराब, सुपारी व अन्य मादक पदार्थों की बरामदगी तो की जाती है, लेकिन सीमा सुरक्षा में सेंधमारी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

### तस्करों तक नहीं पहुंच रहे खाकी के हाथ

भारत-नेपाल की खुली सीमा तस्करों के लिए वरदान साबित हो रही है। यूं तो सीमा पर सुरक्षा के लिए नेपाली पुलिस व भारत में एसएसबी 24 घंटे मुस्तैद है। फिर भी नेपाल से कोकीन लेकर महिला भारत कैसे चली आई, यह सवाल लोगों की जेहन में कौंध रहा है। पुलिस के मुताबिक नेपाली महिला दिल कुमारी कोकीन भरे बैग को दिल्ली पहुंचाने वाली थी। पुलिस ने महिला की गिरफ्तारी व कोकीन बरामदगी दिखाकर अपनी पीठ थपथपा लेगी, लेकिन सौदागरों तक पहुंचना मुनासिब नहीं समझा। बलरामपुर जिला सीमा से सटा होने के कारण नेपाली तस्करों के तार दिल्ली व मायानगरी मुंबई तक जुड़े हैं। आए दिन तस्करी के मामले सामने आते हैं, फिर भी मास्टरमाइंड की गिरेबां तक खाकी के हाथ न पहुंचना कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा रहा है।

# लौह पुरुष के जन्मदिन पर रन फार यूनिटी से दिया एकता का संदेश

**जागरण टीम, बलरामपुर :** राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्मदिन राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। समस्त परिषदीय विद्यालयों में प्रभात फेरी एवं रैली का आयोजन हुआ। हाईस्कूल एवं इंटर कालेजों में निबंध, वाद-विवाद, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से आयोजित रन फार यूनिटी हाफ मैराथन में बड़ी संख्या में अधिकारियों व विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।



कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाते जिलाधिकारी डा. महेंद्र कुमार (मध्य में) ● जागरण



बहराइच मार्ग पर एकता दौड़ में शामिल जीसस एंड मैरी स्कूल के शिक्षक व छात्र-छात्राएं ● जागरण

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. महेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। कहा कि मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित कर लूंगा एवं अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं, जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्य निष्ठा से संकल्प करता हूं। एडीएम राम अभिलाष, डा. ज्योति गौतम, वरिष्ठ कोषाधिकारी विनोद कुमार उपस्थित रहे। सीडीओ संजीव कुमार मौर्य ने पीआरडी जवानों को हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ के लिए रवाना किया। एसपी कार्यालय में एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने पुलिसकर्मियों को एकता की शपथ दिलाई। सीओ राधारमण सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।





महारानी लाल कुंवरि महाविद्यालय के सामने एकता दौड़ निकालते अभाविप कार्यकर्ता व एकता दौड़ निकालते प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय दाएं व छात्र-छात्राएं ● जागरण

**विद्यार्थियों व शिक्षकों में दिखा उत्साह :** महारानी लाल कुंवर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों ने प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय के निर्देशन में एकता दौड़ लगाई। कार्यक्रम अधिकारी डा. राम रहीस, डा. आलोक कुमार शुक्ल, डा. आरके शुक्ल ने छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। डा. शिव महेंद्र सिंह, डा. राजीव रंजन मौजूद रहे।

जीसस एंड मैरी स्कूल एंड कालेज के छात्र-छात्राओं ने प्रशासक क्रेग बटरफील्ड की अगुवाई में बहराइच मार्ग पर एकता दौड़ लगाई। विद्यालय में गीत-संगीत एवं भाषण का आयोजन किया गया। शिक्षक जोजफ, फर्नांडिस,



पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में शपथ लेते पुलिसकर्मी ● जागरण

नताशा बटरफील्ड, डीडी शुक्ल, एलबीसिंह, हाशिम खां, दिनेश मणि त्रिपाठी मौजूद रहे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने एमएलके कालेज से हाफ मैराथन निकाला। पांच किमी दौड़ में शीर्ष तीन विजेताओं को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि डा. अजय सिंह पिंकू ने सरदार पटेल की जीवनी पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक सिंह ने राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ दिलाई। जिला सह प्रमुख डा. एमपी तिवारी, डा. केके सिंह, जिला संगठन मंत्री अभिनव, जयशंकर उपस्थित रहे। हनुमान प्रसाद वर्मज्ञ इंटर कालेज रेहराबाजार में शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने एकता दौड़ लगाई। प्रबंधक डा. राजत वर्मा, प्रभारी चंद्रभान वर्मा, प्रधानाचार्य महेश वर्मा, रामदेव, शिवाचंद वर्मा शामिल रहे।

- **समस्त परिषदीय विद्यालयों में प्रभात फेरी एवं रैली का हुआ आयोजन**
- **एबीवीपी की ओर से रन फार यूनिटी हाफ मैराथन का आयोजन**

# 50 लीटर कच्ची शराब संग चार दबोचे

**हरैया सतघरवा (बलरामपुर)।** स्थानीय थाने की पुलिस ने 50 लीटर कच्ची शराब के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि अभियुक्तों की पहचान फूल कुमार निवासी गजरहवा थाना हरैया, बिच्छू उर्फ विजय निवासी कुकुरभुकवा, गुल्ले उर्फ कृष्णकुमार निवासी चौधरीडीह तथा शोभाराम उर्फ बूटे निवासी कुकुर भुकवा थाना हरैया के रूप में हुई है। चारों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# लूट के तीन आरोपी गिरफ्तार

**ललिया (बलरामपुर)।** थाना क्षेत्र के पांडेयपुरवा गांव में बीते दिनों दंपती को अधमरा कर लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से लूटे गहने व नकदी भी बरामद हुई है। एसपी ने बताया कि पांडेयपुरवा निवासी सहजराम ने ललिया थाने में गत 29 अक्तूबर को तहरीर दी थी। इसमें कहा था कि 28 अक्तूबर की रात घर में सो रहे उसके बेटे विक्रम व बहू मिथिलेश को लुटेरों ने अधमरा कर जेवर व नकदी लूट ली थी। गंभीर हालत में विक्रम को लखनऊ में भर्ती कराया गया था। होश में आने पर विक्रम ने लूट में शामिल गांव के ही सरजीवन, राजितराम व मूलचंद्र की पहचान की। तीनों आरोपियों को अमवा गांव के पास नहर की पटरी के पास सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। (संवाद)

# राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ ली

संवाद न्यूज एजेंसी

**जिले भर में मनाई गई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती**

**रन फॉर यूनिटी के साथ ही गोष्ठी का आयोजन**



बलरामपुर के एसपी ऑफिस में पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाते एसपी राजेश कुमार। -संवाद

**बलरामपुर।** भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती सोमवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। सरदार पटेल की जयंती पर जिलेभर में कार्यक्रमों की धूम रही। जगह-जगह रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने लोगों को राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। गोष्ठी में सरदार पटेल के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के प्रति समर्पित रहने की शपथ भी ली गई।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय एकता की शपथ लेते हुए अन्य लोगों को भी शपथ दिलाई। सीडीओ संजीव कुमार मौर्य ने पीआरडी जवानों को हरी झंडी दिखाकर रन फॉर यूनिटी को रवाना किया। सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज आदि विद्यालयों में रन फॉर यूनिटी एवं गोष्ठी का आयोजन कर शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने लोगों को राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। लौह पुरुष की जयंती पर जीसस एंड मैरी स्कूल में भाषण प्रतियोगिता हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने सरदार पटेल के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला।

एमपीपी इंटर कॉलेज में गोष्ठी का शुभारंभ डीआईओएस गोविंद राम एवं प्रधानाचार्य राकेश प्रताप सिंह ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया। छात्र-छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल के योगदान को बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दिलाया गया। लौह पुरुष की जयंती पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की तरफ से भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि भाजपा नेता डॉ. अजय सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। एमएलके महाविद्यालय में सरदार पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय एवं मुख्य नियंता प्रो. पीके सिंह सहित सभी शिक्षकों ने राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के लिए समर्पित रहने की शपथ ली।

# सात करोड़ की कोकीन के साथ नेपाली गिरफ्तार



गिरफ्तार नेपाली तस्कर के बारे में जानकारी देते एसपी राजेश कुमार सक्सेना व अन्य। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## 40 कैप्सूल में 690 ग्राम कोकीन भरकर ले जा रही थी महिला

## बलरामपुर के रास्ते देश के अन्य हिस्सों में करनी थी तस्करी

जरवा (बलरामपुर)। स्थानीय थाने की पुलिस ने सोमवार को नेपाल सीमा पर गश्त के दौरान एक नेपाली महिला तस्कर को सात करोड़ रुपये कीमत की कोकीन के साथ गिरफ्तार किया है। महिला 40 कैप्सूल में 690 ग्राम कोकीन भरकर ला रही थी। ये कोकीन बलरामपुर के रास्ते देश के अन्य स्थानों पर पहुंचाई जानी थी।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि जरवा कोतवाली के उपनिरीक्षक रामकुमार वर्मा की टीम ने सोमवार को नेपाल सीमा क्षेत्र में गश्त के दौरान पियरा पहाड़ी नाले के किनारे बैठी एक संदिग्ध नेपाली महिला से पूछताछ की। महिला ने बताया कि वह वाहन का इंतजार कर रही है। महिला के पास एक बैग था। संदेह होने पर बैग की तलाशी ली गई तो उसमें 40 कैप्सूलों में भरी 690 ग्राम कोकीन बरामद हुई। बरामद कोकीन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत सात करोड़ बताई जा रही है। महिला की पहचान दिल कुमारी विश्वकर्मा उर्फ विमला निवासी गुरंगनाका गांव, पालिका बेला, थाना गढ़वा, जनपद डांग, नेपाल के रूप में हुई है। पूछताछ में दिल कुमारी ने बताया कि ये कोकीन बलरामपुर के रास्ते देश के अन्य स्थानों में पहुंचाने जा रही थी। बरामद कोकीन सीज करके दिल कुमारी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। जरवा कोतवाल दुर्विजय की टीम को इस कामयाबी के लिए 10 हजार रुपये का इनाम दिया गया है।

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 01-11-2022

**हिन्दुस्तान**

# तीन दिन पूर्व अपहृत किशोरी बरामद हुई

- पुलिस ने नामजद आरोपी को किया गिरफ्तार
- महिला सिपाही की अभिरक्षा में मेडिकल को भेजी गयी किशोरी

बहराइच, संवाददाता। एक किशोरी का तीन दिन पूर्व अपहरण हो गया था। पुलिस ने महिला सिपाही की मदद से अपहत किशोरी बरामद कर ली। नामजद आरोपी को भी दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। महिला सिपाही की अभिरक्षा में किशोरी को मेडिकोलीगल को भेज दिया गया है।

विशेश्वरगंज संवाद के अनुसार थाने के एक गांव निवासी व्यक्ति की 15 वर्षीय पुत्री का तीन दिनों पूर्व अपहरण हो गया था। किशोरी के पिता ने इस मामले में ठोरिया के मजरे छोटे बरईपुरवा निवासी श्रवण कुमार उर्फ गोला को नामजद कर अपहरण की धाराओं में केस दर्ज कराया गया था। रविवार शाम दरोगा शोभनाथ यादव, सिपाही अरुण मिश्रा ने महिला सिपाही की मदद से किशोरी को रेलवे स्टेशन के पास बरामद कर लिया। आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। एसएचओ श्यामदेव चौधरी ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

**हिन्दुस्तान**

**कवि सम्मेलन** | पटेल की जयंती की पूर्व संध्या पर किसान महाविद्यालय के जे बी सिंह समागार में कवि सम्मेलन का आयोजन किय

# एकीकरण के झंडाबरदार बन गये, भारत की स्वर्ण चिड़िया...

**आयोजन**



केडीसी में काव्य संध्या में मौजूद नानपारा विधायक, अफसर व अन्य

बहराइच, संवाददाता। सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था कलाम फाउंडेशन ने पटेल की जयंती की पूर्व संध्या पर किसान महाविद्यालय के जे बी सिंह सभागार में कवि सम्मेलन का आयोजन किया। महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव तथा कलाम फाउंडेशन के संरक्षक डॉ. मेजर एसपी सिंह तथा साहित्यिक प्रकोष्ठ के संरक्षक रमेश चंद्र तिवारी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

मुख्य अतिथि नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा तथा विशिष्ट अतिथियों में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव प्रसाद चौधरी जी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दिल्ली से आई हुई कवयित्री अंकिता आजाद ने मां वाणी की वंदना से किया। बाराबंकी के प्रसिद्ध वीर रस के कवि डॉ अमरीश अंबर ने पढ़ा- एकीकरण के झंडा बरदार बन गए, भारत की स्वर्ण चिड़िया परदार बन गए। तुमने दिखाई ऐसी नेतृत्व की कला, हिन्दोस्तान भरके सरदार बन गए। बाराबंकी के ही हास्य और व्यंग्य के कवि प्रमोद महाजन, अमेठी की कवयित्री ममता सिंह ने अपने काव्य पाठ पर खूब तालियां बटोरी।

साहित्य भूषण से सम्मानित कवि रामकरण मिश्र सैलानी ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शायर मुरादाबादी ने काव्य प्रेमियों को उच्च स्तर देशराज सिंह आजाद एवं सोमेश सावन ने अपने वीर रस की कविता से लोगों के अंदर उत्साह एवं रोमांच का संचार किया।

अन्य कवियों में चंद्रराज, नितेश दिव्य अर्पण शुक्ला का काव्य पाठ सराहनीय रहा। अध्यक्षता कवि गुलाब चंद्र जायसवाल ने की। कार्यक्रम में गोंडा की वर्षा सिंह, चित्रा त्रिपाठी प्रधान संघ के अध्यक्ष भगवानदीन मिश्र बलराम पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता निशा शर्मा, मंजू निगम, पूजा तिवारी, प्रमोद सिंह जादौन, राजेश जायसवाल, अमरेंद्र प्रताप सिंह गुड्डू के साथ सैकड़ों काव्य प्रेमी मौजूद रहे।

संस्थापक अमर सिंह बिसेन, प्रदेश अध्यक्ष विकास जायसवाल धोनी, प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग दिव्या पोरवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, प्रदेश सचिव संजय सिंह, जिला अध्यक्ष राज सिंह रैकवार, जिला उपाध्यक्ष यस सिंह रैकवार, अलखेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से सभी श्रोताओं एवं आमंत्रित कवियों का आभार जताया।

हिन्दुस्तान

छठ पर्व को घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब, व्रतियों के गीतों से गूंजता रहा तट, प्रसाद ग्रहण कर व्रती महिलाओं ने पारण किया

# उगते हुए सूर्य को दिया अर्घ्य, छठ मइया के गीत गाए




बहराइच, संवाददाता। जीवन प्रदान करने वाले आलोक के देव भगवान भास्कर को समर्पित लोक व प्रकृति का महापर्व छठ सोमवार को परंपरागत तरीके से आस्था व विश्वास के साथ मानाया गया। सुबह जब सूर्य देव अपनी आभा को फैलाने लगे तो छठ मइया के गीतों से घाट गुंजायमान हो उठे। उगते सूर्य को व्रती महिलाओं ने अर्घ्य देकर लोक सुख, समृद्ध और लोक कल्याण की मंगलकामना कर 36 घंटे का व्रत तोड़ा।

वैश्विक महामारी कोरोना के चलते दो साल बाद बंदिशें हटने से धूमधाम छठ पर्व मनाया गया तो जलाशयों व पोखरों पर अदभुत छटा बिखरी। चार दिवसीय महापर्व के अंतिम भोर में उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए व्रती महिलाएं, पूरे परिवार संग पुलिस लाइन छोटी बेरिया, गोलवाघाट, झिंगहाघाट पहुंची। निर्जल व्रत रखने के बाद भी महिलाओं के चेहरों पर भक्तिभाव की चमक प्रवाहित हो रही थी।



बेगमपुर में उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देती महिलाएं।

## एसपी ने परिवार संग की पूजा, डीएम ने प्रसाद वितरित किया

बहराइच। जन आस्था का लोकपर्व छठ पूजा धूम-धाम से मनाया गया। अंतिम दिन व्रती महिलाएं और पुरुष छठी मैया और सूर्य देव से संतान व परिवार में सुख शांति कामना की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी भग्गड़वा घाट पर परिवार संग पूजा अर्चना की। डीएम डॉ. चन्द्र ने मौजूद महिला, पुरुष श्रद्धालुओं को प्रसाद व बिस्कुट का वितरण किया। जिला प्रशासन की ओर से नदियों एवं घाटों पर फुलप्रूफ व्यवस्थाएं की गई थी। छठ पूजा के मद्देनजर घाटों पर सुरक्षा के माकूल बन्दोबस्त के साथ-साथ नदियों एवं घाटों पर गोताखोरों की टीमें भी तैनात की गई थी। नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय मुस्तैद रहीं।

मंगलगीत गाते हुए महिलाएं नंगे पैर घाटों पर पहुंची। सूर्य देव की आभा बिखने के इंतजार में पानी में खड़ी महिलाएं अरदास करती रहीं। आभा बिखरते ही छठी मइया के जयघोष से घाट गूंज उठे। एसपी ने भी परिवार संग उगते सूर्य को दीप अर्पित कर लोक कल्याण की कामना की।

**जल अर्पण कर मांगा अखंड सौभाग्य का वरदान:** बहराइच। रिसिया के विश्राम घाट सरयू तीरे पर उगते सूरज को व्रती महिलाओं ने अर्घ्य देकर उपासना समाप्त किया। घाट पर सुबह चार बजे से चहल पहल शुरू हो गई थी। इसके एक दिन पूर्व डूबते सूर्य को जल अर्पण कर व्रत शुरू किया था। समसा तरहर के घाट पर भी पूर्वांचल के लोगों की भीड़ थी। विश्राम घाट पर बलभद्रपुर के प्रधान ओम प्रकाश व शंकर लाल गौतम मौजूद रहे।



शहर बेरिया मंदिर में पूजन करती महिलाएं।

## 140 वेदियों पर आस्था का अलंकरण

रुपईडीहा। हनुमान सरोवर के तट पर व्रती महिलाओं ने भगवान भास्कर के उदय होते ही अर्घ्य दिया, धूप दीप से आरती की। 140 वेदियों पर महिलाओं ने आस्था का अलंकरण किया। हजारों की संख्या में महिलाओं व पुरुषों की उपस्थिति सरोवर तट पर रही। मेले जैसा माहौल रहा। कारोबारी देवी प्रसाद मदेशिया ने बताया कि वर्ष 1960 में उनकी माता कलावती देवी ने दो महिलाओं के साथ इस तट पर पूजा प्रारम्भ की थी। तभी से यह परंपरा चली आ रही है। मदेशिया परिवार की संध्या, प्रज्ञा, निधि, सोनाक्षी, प्रीती, अग्रवाल परिवार अमिता, ऊषा व शीला मित्तल आदि सैकड़ों महिलाए तट पर मौजूद रहीं।

## आस्था के साथ महिलाओं ने किया पूजन-अर्चन

जरवलरोड। रेलवे स्टेशन के निकट सुरजी पुरवा गांव के पास तालाब में सैकड़ों महिलाओं ने उगते सूर्य की आरती उतारी। संजय सेतु पुल के निकट महिलाओं ने पूजन अर्चन किया। जरवल रोड स्थित पोखर पर अरुण श्रीवास्तव की देख रेख में सारे कार्यक्रम संपन्न हुआ। कमलेश चंद गुप्ता, उषा सोनी, सुभाष चंद्र गुप्ता, प्रवीणा गुप्ता नीता गांधी शिल्पा गुप्ता निशिका गुप्ता शशि उषा गुप्ता पुष्पा गुप्ता सुनीता सहित काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

**माता भगवती कुंज सरोवर पर सूर्य को दिया अर्घ्य:** कैसरगंज। माता भगवती कुंज आश्रम परसेण्डी में महिलाओं ने पूरे विधि विधान से छठ की पूजा की तथा सूर्य को अर्घ्य दिया। रविवार की रात व सोमवार की सुबह सैकड़ों महिलाओं ने आश्रम पर एकत्रित होकर आश्रम में बने अमृत सरोवर के सामने एकत्रित होकर सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। आश्रम व्यवस्थापक लाडली प्रसाद वर्मा व एसओ वेद प्रकाश शर्मा की देखरेख में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

हिन्दुस्तान

# अपहरण मामले का आरोपी गिरफ्तार

बहराइच। हुजूरपुर थाने की पुलिस ने अक्तूबर के पहले सप्ताह में किशोरी अपहरण मामले में फरार चल रहे आरोपी को थाने के पास से गिरफ्तार कर लिया है। दस दिनों पूर्व अपहृत किशोरी बरामद की गई थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह ने बताया कि एक गांव से सात अक्तूबर को एक किशोरी का अपहरण हो गया था। किशोरी के परिजनों ने इस मामले में अपहरण की धाराओं में केस दर्ज कराया था। 20 अक्तूबर को किशोरी की बरामदगी होगई। रविवार को हुजूरपुर एसएचओ मिथिलेश ने अपनी टीम के साथ थाने जाने वाले रोड पर नामजद आरोपी कुरसंडा गांव निवासी नूर आलम को गिरफ्तार कर लिया।

# अपहृत किशोरी बिहार से बरामद

**जागरण संवाददाता, बहराइच :** एक वर्ष पहले घर से अचानक लापता हुई किशोरी को नगर कोतवाली पुलिस ने गुजरात, अहमदाबाद की दौड़ लगाने के बाद बिहार से सकुशल बरामद कर लिया। पिता की तहरीर पर किशोरी के अपहरण का मुकदमा भी दर्ज किया गया था। बेटी को सामने पाकर परिवारजन की आंख भर आई और उन्होंने पुलिसकर्मियों को हाथ जोड़कर धन्यवाद दिया।

नगर कोतवाली इलाके की एक किशोरी दिसंबर 2021 में लापता हो गई थी। परिवारजन ने काफी तलाश की, लेकिन पता नहीं चल पाया। बेटी के साथ अनहोनी की आशंका को देखते हुए पीड़ित परिवार ने तहरीर पुलिस को दी। मामले में किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया।

नगर कोतवाल शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में टीम गठित कर बशीरगंज चौकी प्रभारी कमल शंकर चतुर्वेदी, महिला आरक्षी अंकिता राज व आरक्षी बजरंगी राय को किशोरी के बरामदगी के निर्देश दिए। कड़ी मशक्कत के बाद चौकी प्रभारी को सर्विलांस से किशोरी के गुजरात में मौजूद होने की सूचना मिली। 1400 किलोमीटर की यात्रा तय कर जब पुलिस टीम गुजरात के अहमदाबाद पहुंची तो पता चला कि जिस सिमकार्ड का इस्तेमाल किया गया था, वह गुजरात के फर्जी पते पर लिया गया था।

- **3,200 किलोमीटर दौड़ी पुलिस फिर मिली कामयाबी**
- **गुजरात में हुई विफल, बिहार पहुंचकर हुई सफल**
- **एक वर्ष पहले दर्ज हुआ था अपहरण का मुकदमा**

इसके बाद भी चौकी प्रभारी ने हार नहीं मानी। उन्होंने फिर प्रयास किया तो उसके बिहार राज्य के सारण जिले के थाना मसरक क्षेत्र के ग्राम डुमरसन में मौजूद होने की सूचना मिली। बिना देर किए 1700 किलोमीटर तय कर 24 घंटे बाद बिहार पहुंचे पुलिसकर्मियों ने किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया।

पूछताछ में उसने बताया कि वह घरवालों की डांट से आजिज होकर चली गई थी।



# सरदार पटेल की अद्वितीय क्षमता का विश्व ने माना लोहा



सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आयोजित रन फार यूनिटी में बच्चों संग दौड़ लगाते डीएम डा. दिनेश चंद्र ● जागरण





पटेल जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेती एमएलसी डा. प्रज्ञा त्रिपाठी व रामगांव थाने में शपथ लेते पुलिसकर्मी ● जागरण

- लौहपुरुष की जयंती पर ली एकता व अखंडता की शपथ
- रन फार यूनिटी का हुआ आयोजन, थानों में ली गई शपथ

**जागरण टीम, बहराइच :** भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में जिले में धूमधाम के साथ मनाई गई। राष्ट्रीय एकता दौड़ (रन फार यूनिटी) का आयोजन किया गया। शैक्षणिक संस्थाओं, थाने व अन्य स्थानों पर भी जयंती मनाई गई। देश की एकता व अखंडता की शपथ ली गई।

जिलाधिकारी डा. दिनेशचंद्र ने पानी टंकी चौराहा से हरी झंडी दिखाकर रन फार यूनिटी को रवाना किया गया। शहीद पार्क पहुंचकर दौड़ समाप्त हुई। कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने शपथ दिलाई। कहा कि सरदार पटेल की अद्वितीय क्षमता का पूरे विश्व ने लोहा माना है। इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई। किसान पीजी कालेज के मध्यकालीन इतिहास विभाग में कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर डा. मोहम्मद उस्मान ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलाई।

गुरु कृपा डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल में युवा निदेशक जाय रायतानी ने तिरंगा उठाकर 'रन फार यूनिटी' का नेतृत्व किया। बाबा सुंदर सिंह बधिर विद्यालय में दिव्यांग बच्चों ने देश की एकता का संकल्प दोहराया। महिला महाविद्यालय में एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डा. अमृता मिश्र व प्राचार्या प्रिया मुखर्जी ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

बुद्धा पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य एसके त्रिपाठी ने बच्चों के साथ एकता की दौड़ में प्रतिभाग किया। बहराइच विकास मंच के संरक्षक अनिल त्रिपाठी की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। जन शिक्षण संस्थान के उपकेंद्र नाजिरपुरा में पटेल की 147वीं जयंती निदेशक सुरेश कुमार पांडेय की अध्यक्षता में मनाई गई। सपा कार्यालय में निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ।

**बौंडी:** प्राथमिक विद्यालय सांईगांव समेत में लौहपुरुष पटेल जयंती पर निबंध प्रतियोगिता, एकता दौड़ का आयोजन हुआ। शिक्षक संकुल साकेत भूषण तिवारी ने छात्रों को सरदार पटेल के जीवन परिचय से अवगत कराया।

**रिसियामोड़ :** चित्तौरा के संविलयन विद्यालय गंभीरवा में शिक्षक रजनीश पाठक के नेतृत्व में बच्चों की एकता दौड़ भी कराई गई।



गुरुकृपा डिवाइन ग्रेस स्कूल में शपथ लेते छात्र-छात्राएं ● जागरण

**नानपारा :** एसएसबी 42 व 59 वीं बटालियन के जवान, सआदत इंटर कालेज व नवयुग इंटर कालेज के एनसीसी कैडेटों ने रेलवे क्रासिंग तक रन फार यूनिटी का आयोजन हुआ। इस मौके पर उप कमांडेंट अनुज कुमार वैभव रहे।

**रिसिया :** ग्लोबल लार्निंग आफ स्कूल में अध्यक्ष अजीम शेरवानी, प्रबंधक वसीम शेरवानी, प्रधानाचार्य डा. अनुपम झा, शिक्षक शरदेंदु श्रीवास्तव की देखरेख में जयंती मनाई गई।

**जरवल :** बीडीओ एसपी पांडेय के नेतृत्व व फखरपुर में बीडीओ शैलेंद्र कुमार सिंह ने पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। हुजूरपुर : अखिल भारतीय प्रधान संघ के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी की अध्यक्षता में जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि विधायक सुभाष त्रिपाठी व ब्लाक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह रहे।

# छह साल की बच्ची से दुष्कर्म, गंभीर

## आरोपित के दो करीबियों को पुलिस ने हिरासत में लिया

**संसू, मिहींपुरवा/मुर्तिहा (बहराइच)** : कोतवाली मुर्तिहा क्षेत्र के एक गांव निवासी छह वर्षीय बच्ची के साथ किशोर ने रविवार रात दुष्कर्म किया। इसके बाद वह फरार हो गया। पुलिस ने आरोपित किशोर के दो मित्रों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।



अपने मामा के यहां रह रहा 15 वर्षीय किशोर बालिका को बहला-फुसलाकर एकांत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म कर फरार हो गया। बालिका रोते हुए घर पहुंची। उसने आपबीती बताई। इस पर पिता ने कोतवाली में सूचना दी।

कोतवाल शशिकुमार राणा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बयान दर्ज किया। इसके बाद बालिका को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर भेजवाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया। बालिका की हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां उसका इलाज एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।

कोतवाल ने बताया कि दोस्तों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। जल्द ही आरोपित किशोर को पकड़ा जाएगा। घटना की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा आरके पांडेय कोतवाली मुर्तिहा पहुंचे और पीड़ित परिवार को कार्रवाई का भरोसा देकर ढांढस बंधाया।

जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मामले की जानकारी ली। आरोपितों के गिरफ्तारी के निर्देश दिए। विधायक सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल ने पुलिस के उच्चाधिकारियों से बात कर त्वरित कार्रवाई एवं पीड़िता का बेहतर इलाज कराने की अपेक्षा की। उधर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने इस घटना को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन को कटघरे में खड़ा किया है।

14.5° न्यूनतम | सूर्य अस्त (आज) 05.20 उदय (कल) 06.14 | आर्द्रता 81% अधिकतम 62% न्यूनतम

बहराइच जागरण

# जल्द शुरू होगा बहराइच-लखीमपुर हाईवे पर आवागमन





निर्माण के अंतिम दशा में बहराइच-लखीमपुर के गायघाट पुल का अप्रोच मार्ग व खड़े वाहन • जागरण

**संसू, मिहींपुरवा (बहराइच)** : लखीमपुर को जोड़ने वाले एनएच 730 पर गायघाट के पास बना पुल बीते आठ अक्टूबर को धंस गया गया था। पुल क्षतिग्रस्त होने से सुरक्षा के मद्देनजर दोनों छोर पर दीवार खड़ी कर आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया। बीते 25 दिन से अप्रोच मार्ग बनाने का प्रयास जारी था, जो बनकर तैयार हो गया है। जल्द ही इस हाईवे पर आवागमन शुरू कर दिया जाएगा।

बहराइच-लखीमपुर हाईवे गायघाट के पास नाले पर 1968 में लोक निर्माण विभाग की ओर से पुल बनाया गया था। वर्ष 2018 में हाईवे के राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित होने पर पुल की दोनों तरफ से डेढ़-डेढ़ मीटर चौड़ाई बढ़ाई गई थी। पुल आठ मीटर चौड़ा व 15 मीटर लंबा बना हुआ है।

**• अप्रोच मार्ग बनकर तैयार, ट्रायल शुरू, टूटे पुल के पास से मिट्टी निकालकर बनाया गया मार्ग**

> अप्रोच मार्ग लगभग पूरी तरह तैयार हो गया है। कुछ वाहनों का आवागमन कराकर ट्रायल लिया जा रहा है। मैं स्वयं मौके पर मौजूद रहकर प्रयास कर रहा हूं कि जल्द से जल्द बहराइच-लखीमपुर हाईवे पर आवागमन शुरू हो सके।
>
> - **शुभनारायण**, अधिशासी अभियंता एनएच 70

बीते दिनों लगातार हो रही बारिश से पुल के पिलर धंस गए थे। सुरक्षा के मद्देनजर वाहनों के आवागमन को रोक दिया गया था। आवागमन बहाल कराने को लेकर पुल के बगल से अप्रोच मार्ग बनाने का काम युद्ध स्तर पर शुरू हुआ, लेकिन कई बार मिट्टी बह जाने के चलते कर्मियों को समस्या हो रही थी। पुल के अगल-बगल से मिट्टी निकालकर आखिरकार अप्रोच मार्ग को पूरा करने का प्रयास किया गया। मार्ग का काम पूरा होने के कगार पर है। जल्द ही इस अप्रोच मार्ग पर वाहन दौड़ने लगेंगे और बहराइच-लखीमपुर हाईवे पर आवागमन बहाल कर दिया जाएगा।





सरयू नदी के झिंगहाघाट पर सुबह चार बजे छठ पूजन करती महिलाएं और सूर्य को नमन करते भक्त • जागरण

# पहिले पहिल हम कइनी छठी मइया व्रत तोहार

## महिलाओं ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर पुत्रों की दीर्घायु व सुख समृद्धि की कामना की




**जासं, बहराइच** : लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा में सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर 36 घंटों से चल रहे व्रत का समापन किया गया। छठ पूजा के चौथे दिन जिले की पवित्र नदियों और जलाशयों में व्रती महिलाओं ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के बाद सुख समृद्धि और पुत्रों की लंबी आयु की प्रार्थना की। प्रसाद वितरण किया।

घाटों पर सुबह श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। छठ पूजा के मौके पर सरयू नदी के झिंगहाघाट, गोलवाघाट, गायघाट और घाघरा तट सहित विभिन्न कस्बों के जलाशयों पर सुबह से ही व्रती महिलाएं पहुंच गईं। यहां विधिपूर्वक सुगंधित पुष्प, मिष्ठान, मौसमी फल, गन्ना, मूली आदि से उगते हुए सूर्य का पूजन किया। पानी में खड़े होकर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। डीएम डा. दिनेशचंद्र तथा एसपी केशव कुमार चौधरी, एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह, सीएमओ डा. एसके सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी पयागपुर राजीव कुमार सिसौदिया और प्रभारी चिकित्साधिकारी हुजूरपुर ने परिवार के साथ सरयू नदी के भगड़वाघाट पर विधिवत पूजा अर्चना की तथा लोगों को छठ पूजा की बधाई दी।

**बाबागंज** : बौंरपुर में सरोवर पर श्रद्धा का अद्भुत संगम दिखाई दिया। व्रती महिलाओं ने छठ मैया के गीतों को गाकर जहां अगले साल फिर आने की कामना की, वहीं उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर जीवन में प्रकाश बनाए रखने का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर सोंरहिया के प्रधान फौजदार वर्मा व्यवस्था में लगे रहे।

**बिछिया** : चमन चौराहा, घाघरा बैराज व गेरुआ नदी के आंबा छठ घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया। यहां चाट का ठेला लगाने वाले गोविंद निषाद ने श्रद्धालुओं व उनके परिवार को निश्शुल्क चाय पिलाई।

**जरवल रोड** : सुरजीपुरवा गांव के पास तालाब और घाघराघाट संजय सेतु पुल के निकट सैकड़ों महिलाओं ने पूजन किया। रेलवे स्टेशन के निकट मेले का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कमलेशचंद गुप्त, उषा सोनी, सुभाष चंद्र गुप्त उपस्थित रहे। मिहींपुरवा में भी नदी के घाटों पर छठ पूजा की गई।



झिंगहाघाट पर छठ पूजन करने उमड़ी भक्तों की भीड़ • जागरण





सूर्यदेव को फलों का भोग अर्पण करती और मंझरा तौकली के भिस्सू पुरवा में घाघरा नदी के तट पर पूजन करतीं महिलाएं • जागरण





झिंगहाघाट पर फलों की डलिया संग मौजूद महिला और सरयू तट पर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देती महिला • जागरण



लड्डू गोपाल संग छठ पूजा ...: झिंगहाघाट के सरयू तट पर छठ महापर्व के अवसर पर अपने लड्डू गोपाल संग पूजन करने पहुंची खुशी दुबे सभी के आकर्षण का केंद्र रहीं • छाया : अरुण कुमार दीक्षित

### घाटों पर रहे सुरक्षा और सफाई के इंतजाम

डीएम डा. दिनेश चंद्र के निर्देश पर नदियों एवं घाटों पर सुरक्षा के फुलप्रूफ व्यवस्थाएं की गई थी। घाटों पर गोताखोरों की टीमें तैनात की गई थी। नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय के अलावा अन्य घाटों पर मजिस्ट्रेट तैनात रहे।

# सावधान ! सड़क हादसों में गई 1,659 लोगों की जान

संतोष श्रीवास्तव • बहराइच

लखनऊ, गोंडा, लखीमपुर, बलरामपुर, श्रावस्ती, नेपाल की ओर जाने वाले हाईवे पर 18 ब्लैक स्पाट हैं। इन हाईवे पर छह वर्ष में 3,187 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें 1,659 लोग जान गवां चुके हैं, जबकि 2,346 लोग घायल हुए हैं। लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं की संख्या और मौतों की तादाद में कमी लाने के लिए दुर्घटना बहुल क्षेत्रों को चिह्नित किया गया है। इन स्थानों पर रेडियम युक्त बोर्ड लगाए जा रहे हैं, जो रात के अंधेरे में चमकेंगे। चिह्नित ब्लैक स्पाट पर लगाए गए बोर्ड वाहन चालकों को कम स्पीड के लिए सचेत भी करेंगे।

**यहां हैं ब्लैक स्पाट** : लखनऊ जाने वाले नेशनल हाईवे एनएच 927 पर जरवल रोड थाना क्षेत्र के झुकिया व अलीनगर, कैसरगंज थाना क्षेत्र के कस्बा कैसरगंज व कोनारी, देहात कोतवाली क्षेत्र के टिकोरामोड़ व बहादुरचक, एनएच 730 मोतीपुर थाना क्षेत्र के रायबोझा, गायघाट व गिरगिट्टी, नानपारा कोतवाली क्षेत्र के चीनी मिल, रामगांव के सोहरवा, तुलसीपुर मोड़, विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ठधरना सरहदी, पयागपुर थाना क्षेत्र के कोल्हुआ व इंदिरापुर में ब्लैक स्पाट चिह्नित हैं।



बहराइच-सीतापुर मार्ग पर लगा दुर्घटना बहुल क्षेत्र का बोर्ड • जागरण



"वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ उन्हें शराब पीकर गाड़ी न चलाने की हिदायत दी जा रही है। रात में डिपर का प्रयोग करने व यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

-जयप्रकाश सिंह, यातायात प्रभारी



दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ब्लैक स्पाटों पर रेडियम युक्त बोर्ड लगवाए गए है। एआरटीओ से बातचीत कर एक नवंबर से यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने की योजना बनाई जा रही है।

-केशव कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक बहराइच"

## जागरण विशेष

| वर्ष | दुर्घटनाएं | मृतक | घायल |
|---|---|---|---|
| 2017 | 600 | 308 | 425 |
| 2018 | 493 | 275 | 316 |
| 2019 | 602 | 307 | 341 |
| 2020 | 600 | 308 | 422 |
| 2021 | 501 | 261 | 429 |
| 2022 | 391 | 200 | 413 |

**3,187** सड़क दुर्घटनाएं छह वर्ष में जिले में हुईं

**2,346** लोग घायल हुए

**18** ब्लैक स्पाट चिह्नित किए गए

**जिले की महत्वपूर्ण खबरें** www.jagran.com/state/uttar-pradesh पर

# 'भूमि की उर्वरता बनाए रखने को न जलाएं पराली'

**संसू, मिहींपुरवा (बहराइच)** : ग्राम पंचायत चिकनिया में सोमवार को जिला स्तरीय फसल अवशेष प्रबंधन एवं किसान जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र व विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी रहे। डीएम ने किसानों को फसल अवशेष न जलाने के लिए जागरूक करते हुए शपथ दिलाई।

किसानों को भूमि की उर्वरा शक्ति और पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। कहा कि भूमि की उर्वरा शक्ति बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। किसान अपनी फसल के अवशेष को जलाएं नहीं, बल्कि फसल अवशेष प्रबंधन की विभिन्न तकनीकों की विधियों का उपयोग कर फसल अवशेषों का निस्तारण



मिहीपुरवा के चिकनिया मे किसानो को पराली प्रबंधन की जानकारी देते डीएम डा.दिनेशचंद्र साथ मे एसपी केशव कुमार चौधरी • जागरण

**• फसल अवशेष न जलाने के लिए किया जागरूक, किसानों को दिलाई शपथ**

अवशेष जलाना अपराध है। डीएम ने 110 किसानों को सरसों, मसूर बीज मिनी किट तथा 20 किसानों एसपी को सरदार वल्लभ भाई पटेल का चित्र भेंट किया। कविता भी सुनाया। डीएम ने छात्रा को पुरस्कृत किया। उप निदेशक कृषि टीपी शाही ने कृषि यंत्रों पर मिलने वाले लाभ के बारे में बताया।

SHRAVASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-11-2022

# 150 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य की ओर से अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। मंगलवार को इकौना प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार तिवारी हमराह टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी बीच पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर सेमगढा चौराहा के पास से एक व्यक्ति के कब्जे से 150 ग्राम चरस बरामद किया।

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारी को दी गई विदाई

श्रावस्ती। पुलिस लाइन सभागार कक्ष में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में सेवानिवृत्त हुए उप निरीक्षक नागरिक पुलिस रामराज प्रसाद को भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक ने इस मौके पर सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारी को शाल व स्मृति चिन्ह भेंट किया। उन्होंने उपनिरीक्षक की सेवाओं और उपलब्धियों की प्रशंसा की तथा उनके दीर्घायु होने की कामना की।

# फर्जी शिक्षक की जमानत अर्जी खारिज

भिनगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव ने फर्जी शिक्षक की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। शिक्षक पर फर्जी कागजात से नौकरी करने का आरोप लगाया गया था। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी के पी सिंह ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी हरिहरपुररानी ने मल्हीपुर थाने में तहरीर देकर प्राथमिक विद्यालय बहादुर पुरवा के अनुराग यादव पर फर्जी शिक्षक होने का मुकदमा पंजीकृत कराया था।

# डीपी एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। अपराध पर नियंत्रण लगाने के लिए पुलिस की ओर से अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान में डीपी एक्ट का वांछित आरोपी दबोचा गया। एसपी के निर्देश पर गिलौला थाने के प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र राय पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में वांछितों की तलाश में भ्रमण कर रहे थे। पुलिस ने डीपी एक्ट के वांछित आरोपी गुड्डू उर्फ राम दर्शन पुत्र राम लुटावन निवासी गुरदासपुरवा चंद्रावां थाना गिलौला को खुटेहना मोड़ गिलौला से गिरफ्तार कर लिया।

# 53 वाहनों का पुलिस ने चालान काटा

श्रावस्ती। एसपी के निर्देश पर रविवार को पुलिस की ओर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वहां से आते जाते वाहनों को रोक कर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहनों के पेपर, डीएल, हेलमेट, तीन सवारी, शीट बेल्ट आदि को चेक किया। इसमें 53 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में चालान किया गया।



एकता दिवस के रूप में मनी सरदार पटेल की जयंती

लापता किशोर का शव राप्ती नदी से बरामद

## आरोपित गिरफ्तार

**श्रावस्ती :** गिलौला पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान दहेज के लिए उत्पीड़न करने व आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में फरार चल रहे आरोपित गुरदासपुरवा निवासी गुड्डू उर्फ राम दर्शन को खुटेहना मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को जेल भेजा गया है।(वि.)

## 53 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती :** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने 53 वाहनों का ई-चालान किया। इस दौरान 72,000 रुपये शमन शुल्क वसूला गया।(वि.)

## 150 ग्राम चरस बरामद

**श्रावस्ती :** इकौना पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान सेमगढ़ा चौराहे के पास से कोलाभार निवासी तिलकराम को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से 150 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। (वि.

## उपनिरीक्षक को दी विदाई

**श्रावस्ती :** पुलिस लाइन सभागार में सोमवार को एसपी अरविंद कुमार मौर्य सेवानिवृत्त हुए उपनिरीक्षक रामराज प्रसाद को समारोह आयोजित कर विदाई दी। एसपी व सीओ एके चौबे ने सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक को शाल व स्मृति चिह्न भेंट किया गया। (वि.)

# राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनी सरदार पटेल की जयंती

## अधिकारियों, कर्मचारियों और पुलिस जवानों को दिलाई गई एकता और अखंडता की शपथ

**जासं, श्रावस्ती :** देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती सोमवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। राजकीय कार्यालयों में कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई।

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम नेहा प्रकाश ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाया। एडीएम डीपी सिंह, एडीएम (न्यायिक) कुंवर पंकज, वरिष्ठ कोषाधिकारी गिरीश कुमार, सहायक कोषाधिकारी अवधेश कुमार यादव, जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ मौजूद रहे।

पुलिस लाइन में एसपी अरविंद कुमार मौर्य, विकास भवन में सीडीओ अनुभव सिंह के नेतृत्व में सरदार पटेल की जयंती मनाई। इसी प्रकार सभी सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थान, स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यालयों में भी लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सुभाष चंद्र बोस इंटर कालेज इकौना व स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा



कलेक्ट्रेट सभागार में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण करतीं डीएम नेहा प्रकाश ( बाएं ) • जागरण

में जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र ने एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एकता व अखंडता की शपथ दिलाई। पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कैराती, जिला महामंत्री रमन सिंह, दीनानाथ गुप्त, राकेश गुप्त मौजूद रहे।

सशस्त्र सीमा बल के उप कमांडेंट जय सिंह के नेतृत्व में एसएसबी मुख्यालय से इटवरिया गांव तक छह किलोमीटर एकता दौड़ का आयोजन किया गया। एसएसबी जवानों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नई सब्जी मंडी के परिसर में राष्ट्रीय एकता की शपथ व राष्ट्रीय सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा व शपथ का आयोजन हुआ। सहायक कमांडेंट विभु साहा, निरीक्षक सुरेश



सरदार पटेल की जयंती पर एकता दौड़ लगाते एसएसबी के जवान • जागरण



सरदार पटेल की जयंती पर स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा में लोगों को शपथ दिलाते जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र ( दाएं से तीसरे ) • जागरण

कुमार, उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह, सहायक उपनिरीक्षक शशिकांत, केंद्रीय विद्यालय के बच्चे व संदीक्षा सदस्य मौजूद रहीं।

### राजमाता की जयंती मनाई

**संसू, भिनगा :** अलक्षेंद्र इंटर कालेज में सोमवार को कालेज की संस्थापिका राजमाता ज्योति प्रभा कुमारी व सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि भिनगा राज परिवार के बना साहब मौजूद रहे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राज माता व सरदार पटेल के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को पुस्तकें देकर सम्मानित भी किया गया।

# दहेज के मामले का वांछित गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** गिलौला पुलिस ने रविवार रात गश्त के दौरान दहेज के लिए प्रताड़ित करने व आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में वांछित चंद्रावा के मजरा गुरदास पुरवा निवासी गुड्डू उर्फ रामदर्शन को खुटेहना मोड़ से गिरफ्तार किया। जिसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उसे संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। (संवाद)

# 150 ग्राम चरस के साथ एक दबोचा

**श्रावस्ती।** इकौना पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान सेमगढ़ा चौराहे से ग्राम पटखौली कला जाने वाले मार्ग से रविवार रात एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान गिलौला थाना क्षेत्र के कोलाभार निवासी तिलकराम के रूप में हुई। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से 150 ग्राम चरस बरामद की। जिसके विरुद्ध इकौना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई कर संबंधित न्यायालय में पेश किया। (संवाद)

# 53 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने सोमवार को विभिन्न चेकपोस्ट व बैरियर पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न चेकपोस्टों पर वाहनों की जांच कर 53 वाहनो का ई-चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने 72,000 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। (संवाद)

# शांति भंग की आशंका में 11 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने रविवार रात अभियान चला कर 11 लोगों को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी को दी गई विदाई

**श्रावस्ती।** पुलिस लाइन सभागार में सोमवार को उप निरीक्षक के पद पर तैनात रहे रामराज प्रसाद के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मौजूद एसपी अरविंद कुमार मौर्य व क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे ने सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक को शाल व स्मृति चिह्न भेंट किया। इस दौरान एसपी ने उनकी सेवाओं और उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। (संवाद)

# राष्ट्रीय एकता व अखंडता की ली शपथ

## जिले भर में मनाई गई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती, रन फॉर यूनिटी के साथ गोष्ठी का भी आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती सोमवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान स्पोर्ट्स स्टेडियम सहित जिले के सभी विद्यालयों में एकता दौड़ का आयोजन हुआ। इस दौरान सभी कार्यालयों व विद्यालयों में मौजूद लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम नेहा प्रकाश ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम के दौरान डीएम ने शपथ दिलाते हुए कहा कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेती हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगी और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयास करूंगी। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रही हूं, जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका है। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने की भी सत्य निष्ठा से संकल्प लेती हूं। इस मौके पर एडीएम डीपी सिंह, एडीएम (न्यायिक) कुंवर पंकज, एसडीएम आरपी चौधरी व आशुतोष सहित सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस लाइन में एसपी अरविंद कुमार मौर्य व विकास भवन में सीडीओ अनुभव सिंह ने अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। जबकि अन्य कार्यालयों में विभागाध्यक्षों व प्रभारियों सहित विद्यालयों में प्रधानाचार्यों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी थानों में राष्ट्र के लिए दौड़ का आयोजन हुआ। नेहरू युवा केंद्र में जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा की ओर से लोगों राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।





श्रावस्ती में सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण करते जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र। कलेक्ट्रेट में अधिकारियों को एकता की शपथ दिलातीं डीएम व उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करती छात्रा। -संवाद

### स्कूलों में भी कार्यक्रम

**कटरा (श्रावस्ती)।** सीआरबी इंटर कॉलेज कटरा में सरदार पटेल की जयंती पर प्रधानाचार्य मुन्नालाल यादव ने कहा कि सरदार पटेल देश के एक अग्रणी नेता थे। उन्होंने देश के 562 रियासतों को एक बंधन में पिरोया था। देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए सरदार पटेल हमेशा याद किए जाएंगे। कंपोजिट विद्यालय जमुनहा में प्रधानाध्यापक अमरनाथ सिंह के नेतृत्व में दौड़ प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें रितु देवी प्रथम, कोमल गुप्ता द्वितीय व जैनब तृतीय स्थान पर रहीं। जबकि बालक वर्ग में महेश कुमार प्रथम, इकरार अहमद द्वितीय तथा सोहेल अहमद तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में साधना मौर्य व क्विज प्रतियोगिता में नौरीन बानो की टीम प्रथम तथा सायमा खान की टीम द्वितीय स्थान पर रही। (संवाद)

### राष्ट्र की एकता के लिए एसएसबी जवानों ने लगाई दौड़

**श्रावस्ती।** रन फॉर यूनिटी के तहत एसएसबी मुख्यालय भिनगा में कार्यवाहक कमांडेंट जय सिंह के नेतृत्व में छह किलोमीटर एकता दौड़ का आयोजन हुआ। जिसमें शामिल जवानों ने इटवरिया गांव तक एकता दौड़ लगाई। इस दौरान भिनगा सब्जी मंडी में एसएसबी जवानों ने मौजूद लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस दौरान सह कमांडेंट विभु साहा, निरीक्षक सुरेश कुमार, उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह सहायक उपनिरीक्षक शशिकांत सहित केंद्रीय विद्यालय के के बच्चे मौजूद रहे। (संवाद)



एसएसबी के जवानों ने सरदार पटेल की जयंती पर लगाई एकता की दौड़। -संवाद

# फर्जी अंकपत्र पर नौकरी करने वाले प्रधानाध्यापक की जमानत अर्जी खारिज

**श्रावस्ती।** हरिहरपुररानी विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बहादुर पुरवा में फर्जी अंकपत्र से नौकरी हथियाने वाले प्रधान अध्यापक की जमानत अर्जी सोमवार को खारिज कर दी गई। कानपुर नगर के थाना कल्याणपुर अंतर्गत इंदिरा नगर चौकी क्षेत्र के शिवमंगल बिहार कॉलोनी के मकान नंबर 17 निवासी अनुराग यादव पुत्र रामकुबेर यादव का अंकपत्र सत्यापन में फर्जी मिला था। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जिसकी ओर से जिला एवं सत्र न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिसका जिला शासकीय अधिवक्ता केपी सिंह ने विरोध किया। इसके बाद जिला जज गौरव कुमार ने आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। (संवाद)